हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 151 मूल्य : 2 रुपए

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com



## संक्षिप्त ख़बरें

### बदमाशों ने की सरेआम फायरिंग, एक घायल

बक्सर, (ईएमएस)। सोमवार को बिहार के बक्सर शहर में अज्ञात बदमाशों ने स्टेशन रोड स्थित महाराजा पेट्रोल पंप के पास सरेआम फायरिंग कर दी। इसके बाद बदमाश वहां से भाग निकले। इस घटना में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की भी खबर है। हालांकि पुलिस ने किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। वहीं इस घटना के बाद इलाके में दहशत फैली हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना से कुछ दूरी पर फायरिंग होने से पूरा इलाका दहल उठा। बताया जा रहा है कि करीब 25 की संख्या में आए अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर आस-पास दहशत फैला दिया। वहीं एक व्यक्ति को पैर में गोली लगने की खबर है। इस घटना के बाद नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। सदर डीएसपी धीरज कुमार ने कहा कि फायरिंग की घटना हुई है। इसमें एक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। वो पूर्व में भी जेल गया है, हम लोग उसका लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रहे हैं। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ चल रही है। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। बहरहाल दिन दहाड़े दो दर्जन से अधिक बदमाशों द्वारा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में फायरिंग करने से लोग दहशत में हैं।

### एनआई कार्य के मद्देनजर विभूति एक्सप्रेस का आंशिक समापन/प्रारंभ बनारस में

हाजीपुर, (ईएमएस)। रेलवे द्वारा उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस-प्रयागराज खण्ड पर प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर विभूति एक्सप्रेस का परिचालन बनारस में आंशिक समापन/प्रारंभ कर किया जायेगा- दिनांक 19.10.2024 तक हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस का आंशिक समापन बनारस में किया जायेगा अर्थात यह ट्रेन बनारस और प्रयागराज रामबाग के मध्य रद्द रहेगी। दिनांक 20.10.2024 तक प्रयागराज रामबाग से खुलने वाली गाड़ी सं. 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ बनारस से किया जायेगा अर्थात यह ट्रेन प्रयागराज रामबाग और बनारस के मध्य रद्द रहेगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।

### पप्पू यादव ने दी लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती कहा, 24 घंटे में नेटवर्क खत्म कर दूंगा

पटना(ईएमएस)। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी है। पप्पू यादव ने कहा है अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा कि यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठकर चुनौती दे रहा है, लोगों को मार रहा है, लेकिन सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। पप्पू यादव ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कभी मूसेवाला को मरवा दिया, कभी करणी सेना के मुखिया को मरवाया और अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला।पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का अपराधी बताया है। उन्होंने इसी पोस्ट में गैंगस्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी को पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। इससे पहले पप्पू यादव ने जो पोस्ट की थी, उसमें बाबा सिद्दीकी को बिहार का बेटा बताया था। दरअसल बाबा सिद्दीकी बिहार के ही रहने वाले थे और बाद में मुंबई जाकर अपनी राजनीति शुरू की थी। इसमें उन्होंने महाराष्ट्र में महाजंगलराज बताया था। पप्पू यादव ने लिखा था कि वाय श्रेणी की सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी जी की हत्या महाराष्ट्र में महाजंगलराज का शर्मनाक प्रमाण है। बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुःखद है. भाजपा गठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख़ वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है तो अमलोगों का क्या होगा?

### मां ने चार बच्चों के साथ खाया जहर, पांचों की हालत गंभीर

मधेपुरा : मधेपुरा में सोमवार को पारिवारिक विवाद में एक महिला ने चार बच्चे संग जहर खा ली। परिजनों ने महिला और चारों बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला मुरलीगंज थाना क्षेत्र के पड़वा नवटोल वार्ड चार का है। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र राम की पत्नी सीमा देवी पारिवारिक कलह से तंग आकर अपने चार बच्चे प्रिया कुमारी (7), पल्लवी कुमारी (5), दिव्यांशु कुमार (4) और अयांश कुमार (3) जहर खिला दिया। इसके बाद खुद भी जहर खा ली। आसपास के लोगों ने पांचों को मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पांचों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल से भी जन नायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पति शैलेन्द्र राम ने बताया कि मामूली बात को लेकर सोमवार को पत्नी के साथ विवाद हुआ था। झगड़ा के बाद वह शौच के लिए खेत की ओर चले गए थे। घर पर उनकी पत्नी सीमा देवी (30) ने खुद भी जहर खा ली और चार बच्चों को भी जहर खिला दिया। जिसमें से दो बच्चे की स्थिति गंभीर है। सदर अस्पताल के डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मुरलीगंज सीएचसी से पांचों मरीज आए थे। महिला और चार बच्चों का लगभग एक घंटे तक सदर अस्पताल में इलाज किया गया है। लेकिन, स्टेबल नहीं होने के कारण सभी को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चारों बच्चों को एक एम्बुलेंस से और महिला को दूसरे एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। महिला की गोतनी समसी देवी ने बताया कि सीमा देवी का गांव के एक युवक से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर पति से विवाद हुआ था। जिसके बाद सीमा देवी ने खुद कीटनाशक खा लिया और बच्चों को खिला दिया।

### ग्रुप लोन से तंग होकर महिला ने दी जान

पूर्णिया : पूर्णिया में ग्रुप लोन से परेशान महिला ने पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। महिला ने 40 हजार रुपए का ग्रुप लोन ले रखा था, जिसे लेकर लोन कर्मी घर पर ताला मारने की धमकी दे रहे थे। इसी को लेकर वो पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान चल रही थी। कर्ज के दबाव में उसने ये खौफनाक कदम उठाया और खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। फोरेंसिक की टीम को भी तहकीकात के लिए बुलाया गया है। इस दुःखद घटना के बाद से मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची है। मृतक के परिजनों ने शव के पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया है। वहीं ये पूरी घटना बायसी टोला की है। मृतका की पहचान नाहेदा खातून 38 के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका की बेटी दुलारी ने बताया कि पिता के देहांत के बाद घर की स्थिति काफी खराब थी। इसे लेकर मां नाहेदा खातून ने साल भर पहले 40 हजार रुपए का ग्रुप लोन उठाया था। इसकी कुछ किस्त वो जमा कर चुकी थी। वहीं पिछले एक महीने से वो ग्रुप लोन नहीं चुका पा रही थी। जिसे लेकर ग्रुप लोन के कर्मी द्वारा उनकी मां को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। ग्रुप लोन वाला हर रोज आकर घर आता था और मां को जेल भेज देने की धमकी देता था। इससे पहले कल भी वो घर पहुंचे थे और घर में ताला मारने की धमकी देकर गए थे। इसी के बाद से मां परेशान थी।

### पोस्टमार्टम के बाद शव गायब



गया : बिहार पुलिस लापरवाही की रोज नई कहानी गढ़ रही है। ऐसी ही एक कहानी के कारण गया शहर गरम है। हंगामा हो रहा है। डीजीपी आलोक राज का सख्त निर्देश सिर्फ बयान बनकर रह गया है। नतीजा है कि अब पुलिस एक ऐसी लाश ढूंढ़ रही है, जो पोस्टमार्टम के बाद उसके रिकॉर्ड से ही गायब हो गई- सशरीर। पुलिस ने सड़क हादसे का शिकार स्कूटी और उसमें मरने वाले युवक का मोबाइल हाथ में रहते हुए भी परिजनों तक पहुंचने की जगह पोस्टमार्टम के बाद शव को एक होमगार्ड के हवाले कर दिया। होमगार्ड ने भी जिम्मेदारी लिए बगैर पोस्टमार्टम रूम में दिखे एक युवक के हवाले कर दिया। अब जब परिजनों को अपने जवान बेटे की मौत का पता चला है और हंगामा बढ़ा तो पुलिस पता लगा रही कि लाश का हुआ क्या?

# दरभंगा पहुंची बागमती एक्सप्रेस.....यात्रियों के चेहरे पर आई खुशी







दरभंगा : मैसूर से दरभंगा आ रही बागमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस के मालगाड़ी से टकराने के बाद हादसे का शिकार हुए यात्री आखिरकार सोमवार को सुरक्षित दरभंगा जंक्शन पहुंचे। यात्रियों के चेहरे पर घर लौटने की खुशी साफ नजर आ रही थी। साथ ही, उन्होंने रेलवे प्रशासन और घटनास्थल के स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया, जिन्होंने हादसे के तुरंत बाद मदद पहुंचाई और उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने में सहायता की। यात्रियों ने बताया कि रेल प्रशासन ने पूरे सफर के दौरान उनका ध्यान रखा और उन्हें भोजन और पानी की व्यवस्था भी दी।

#### 'भगवान की कृपा से हम सही सलामत'

हालांकि कुछ यात्री इस हादसे में घायल भी हुए, लेकिन सही सलामत घर लौटने की खुशी उनके चेहरों पर झलक रही थी। घटना को याद करते हुए यात्री भगवान का धन्यवाद करते दिखे। एक यात्री ने कहा कि हम सभी बाल-बाल बच गए। चारों तरफ चीख-पुकार मची थी और डिब्बे पटरी से पलटे हुए थे, लेकिन भगवान की कृपा से हम सब सही सलामत घर आ गए।

#### छठ और दीपावली के लिए आ रहे यात्रियों का नुकसान

दुर्घटना के बाद दरभंगा जंक्शन पहुंचे कई यात्रियों ने अपने लाखों के सामान खोने की चिंता व्यक्त की। कई यात्री छठ और दीपावली मनाने अपने परिवार के साथ आ रहे थे, लेकिन हादसे में उनका सारा सामान गायब हो गया। उन्होंने दरभंगा रेलवे स्टेशन पर अपनी शिकायतें भी दर्ज कराईं।

#### यात्रियों ने साझा किए दर्द भरे अनुभव

यात्री सुनील कुमार ने बताया कि हादसे में कई लोगों को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि बाहर की स्थिति बेहद डरावनी थी। एक बोगी दूसरी बोगी पर चढ़ गई थी। देखने से स्थिति काफी भयावह लग रही थी। हालांकि, जिस तरह का हादसा हुआ, उस हिसाब से जानमाल की क्षति कम हुई। सुनील का सारा सामान जिसमें पैसा और टिकट भी था, गायब हो गया। उन्होंने दरभंगा जीआरपी में शिकायत दर्ज करवाई है। सोनी देवी जो इलाज कराकर लौट रही थीं, ने बताया कि हादसे के समय वे लोग खाना ऑर्डर कर रहे थे।
अचानक तेज आवाज सुनाई दी और बोगियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग कहने लगे कि ट्रेन पलट गई है। उनकी बोगी पटरी से अलग हो गई थी, लेकिन वे सभी सुरक्षित बच गए। सोनी देवी ने भगवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी बोगी में किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

#### सामान गुम होने की शिकायत

दरभंगा जंक्शन पर पहुंचे 16 यात्रियों ने जीआरपी थाने में अपने सामान गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई। जीआरपी थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों द्वारा सामान गुम होने की शिकायतें मिली हैं। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ की गाड़ी को नाराज कर्मचारी ने लगा दी आग



नालंदा : नालंदा में विजयादशमी की रात कतरीसराय में घटी एक चौंकाने वाली घटना ने स्थानीय प्रशासन को हिला कर रख दिया है। 13 अक्तूबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सीओ धीरज प्रकाश के सरकारी आवास में खड़ी उनकी निजी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया था। इस घटना की गुत्थी अब सुलझ गई है। इसके पीछे किसी बाहरी नहीं, बल्कि एक सरकारी कर्मचारी का ही हाथ था। राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार की अगुवाई में गठित विशेष जांच दल ने मामले की गहन जांच की। वीडियो फुटेज, फॉरेंसिक साक्ष्य और श्वान दस्ते की मदद से यह सामने आया कि यह घटना कतरीसराय अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी सतेंद्र प्रसाद ने अंजाम दी थी। आरोपी ने काम के दबाव और छुट्टी न मिलने से खफा होकर यह कदम उठाया।


#### सीओ से नोंक-झोंक के बाद उठा लिया कदम

थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि आरोपी सतेंद्र प्रसाद मूल रूप से जहानाबाद जिले के काको थानाक्षेत्र का रहने वाला है। सतेंद्र कतरीसराय अंचल में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि काम के बढ़ते दबाव और छुट्टी न मिलने से वह बेहद नाराज था। उसने सीओ से हुई बहस के बाद बदला लेने के लिए उनकी गाड़ी जलाने का फैसला किया।

#### तत्काल कार्रवाई में गिरफ्तारी और साक्ष्य जब्त

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ-साथ एक उजले रंग की बोलेरो गाड़ी और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। छापामारी टीम में थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी के साथ दारोगा शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रशिक्षु दारोगा आदित्य कुमार, जमादार मनीष कुमार, संजय दास और कतरीसराय थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

# बार बालाओं संग ठुमके लगाते दिखा चौकीदार



सीतामढ़ी : सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थानाक्षेत्र से एक चौकीदार द्वारा ड्यूटी के दौरान कानून की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। दुर्गा पूजा के मौके पर आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में सुरक्षा के लिए तैनात चौकीदार पप्पू कुमार का बार बालाओं के साथ ठुमके लगाते और पैसे लुटाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। इस घटना ने पुलिस विभाग और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### बार बाला के साथ ठुमके लगाए, उसपर पैसे भी लुटाए

जानकारी के मुताबिक, मामला बथनाहा थानाक्षेत्र के योगवाना गांव का है, जहां दुर्गा पूजा के मौके पर बीती रात ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बथनाहा थाने में कार्यरत चौकीदार पप्पू कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन अपनी ड्यूटी निभाने के बजाय पप्पू कुमार खुद बार बालाओं के साथ मंच पर चढ़कर नाचने लगा। वीडियो में देखा जा सकता है कि चौकीदार वर्दी पहने हुए और काला गमछा डाले हुए बार बालाओं के साथ ठुमके लगा रहा है। इतना ही नहीं, नाचने के दौरान उसने बार बालाओं पर पैसे भी लुटाए।

#### शराब के नशे में धुत था चौकीदार

वीडियो में यह भी साफ दिखाई दे रहा है कि चौकीदार पप्पू कुमार शराब के नशे में धुत था और लड़खड़ाते हुए नजर आ रहा है। वीडियो बनाते समय कुछ लोग इस नजारे का मजा ले रहे थे, जबकि चौकीदार अपनी मर्यादा भूलकर नाच में मग्न था। बाद में किसी ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसके बाद यह वायरल हो गया।

#### पुलिस कार्रवाई की तैयारी में

इस घटना पर जब पुलिस अधिकारियों से पूछा गया तो सदर डीएसपी 2 आशीष रंजन ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें वीडियो के माध्यम से मिली है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दोषी पाए जाने पर चौकीदार पप्पू कुमार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, वीडियो के आधार पर मामले की जांच जारी है।

#### सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया


इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिससे चौकीदार की हरकतों पर कड़ी आलोचना हो रही है। लोग पुलिस विभाग से सवाल कर रहे हैं कि किस तरह के कर्मचारी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर काफी नाराजगी है और वे चौकीदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### नागी डैम में मिला मां-बेटे का शव

जमुई : झाझा थानाक्षेत्र के नागी डैम में सोमवार को मां-बेटे का शव पानी में उतराता मिला, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना झाझा थाना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पानी में उतराते दोनों शवों को बाहर निकाला। फिर कागजी कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। मृतका की पहचान झाझा थानाक्षेत्र के कर्मा गांव निवासी पप्पू यादव की पत्नी रिंकू देवी (24) और बेटे प्रियांशु कुमार (3) के रूप में हुई है। मृतका के पति पप्पू यादव ने बताया कि रविवार की दोपहर लगभग एक बजे से उसकी पत्नी और बच्चा लापता थे। उनकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

# मूर्ति विसर्जन करने गए 5 युवक नदी में डूबे





गोपालगंज : गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के महरादेऊर में स्थित सोनानदी में विसर्जन करने गए पांच युवक डूब गए। जिसमें से स्थानीय लोगों ने चार को सुरक्षित निकाल लिया। जबकि एक युवक की डूबने से की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया। आनन फानन में ग्रामीण उसे लेकर भोरे के एक निजी क्लीनिक पर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में भोरे थानध्यक्ष, बीडीओ और सीओ भी पहुंच गए। लेकिन परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए।बताया जाता है कि जिले के भोरे थाना क्षेत्र के महरादेऊर बाजार में दुर्गा पूजा किया गया था। सोमवार को प्रतिमा का विसर्जन हो रहा था। पुलिस की सुरक्षा के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जा रहा था। महरादेउर से होकर गुजरने वाली सोना नदी में प्रतिमा विसर्जन के लिए कुछ युवक उतरे थे। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण पांच युवक उसमें डूबने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने चार को तो निकाल लिया। लेकिन पांचवां उसी में डूबा रह गया। लगभग 45 मिनट के बाद उसे बाहर निकाला गया, जिसे ग्रामीण भोरे के एक निजी क्लीनिक पर लेकर गए। यहां से अस्पताल में भेज दिया गया। लेकिन परिजन मृत युवक को लेकर अपने घर चले गए। मृत युवक की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के डूमर नरेंद्र गांव के रविंद्र भगत के 22 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में की गई है।
वहीं घटना की जानकारी मिलने पर एसएचओ संदीप कुमार, बीडीओ दिनेश कुमार सिंह और सीओ अनुभव राय, मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र मांझी, पूर्व मुखिया बहादुर गोंड डूमर नरेंद्र पहुंचकर मामले की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया था।

### 18 को सुपौल आएंगे सीएम नीतीश

सुपौल : 18 अक्टूबर को सीएम नीतीश कुमार का सुपौल में कार्यक्रम संभावित है। जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। हालांकि सीएम के कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। लेकिन सूत्रों की मानें तो 18 अक्टूबर को सीएम सुपौल के सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड में दो अलग अलग कार्यक्रमों के साथ ही किशनपुर प्रखंड में भी एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम 18 अक्टूबर की सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड क्षेत्र स्थित बीएन इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। 11:07 में वह भपटियाही थाना के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के साथ ही जिले से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। 11:20 बजे उनका भपटियाही में नवनिर्मित आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) उद्घाटन का कार्यक्रम है। जिसके बाद वह किशनपुर प्रखंड के मलाढ़ पंचायत स्थित वार्ड 12 महादलित टोला के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे.

### दो दिन बाद तेजस्वी शुरू करेंगे यात्रा

पटना : नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव फिर से सुर्खियों में है। दुबई से लौटने के बाद उन्होंने बिहार भ्रमण की घोषणा कर दी है। राष्टीय जनता दल ने तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को दूसरे चरण की संवाद यात्रा नाम दिया है। राजद की ओर से इस कार्यक्रम का लिस्ट भी जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ' का दूसरा चरण 16 अक्टूबर को बांका से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए वह 15 अक्टूबर को ही बांका के लिए प्रस्थान करेंगे। 16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक के इस दूसरे चरण में वे 12 जिलों के कुल 54 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से मिलकर उनके साथ सीधा संवाद करेंगे। पहले चरण में वे समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर चुके हैं। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि 16 अक्टूबर को बांका में अमरपुर,घोरैया , बांका, कटोरिया एवं बेलहर विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। 17 अक्टूबर को जमुई में सिकन्दरा, जमुई, झाझा एवं चकाई , 18 अक्टूबर को मुंगेर में तारापुर, मुंगेर एवं जमालपुर,19 अक्टूबर को खगड़िया जिला के गोल्डेन रिसॉर्ट रहिमपुर में अलौली , खगड़िया, बेलदौर एवं परवत्ता , 20 अक्टूबर को बेगुसराय में चेरिया बरियारपुर, बछबाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी, बेगुसराय,बखरी एवं साहेबपुर कमाल, 21 अक्टूबर को लखीसराय में सूर्यगढा, लखीसराय, शेखपुरा एवं बरबिघा , 22 अक्टूबर को नवादा में रजौली, हिसुआ, नवादा, गोविंदपुर एवं वारसलीगंज, 23 अक्टूबर को राजगीर में अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर, इस्लामपुर, हिलसा, नालंदा एवं हरनौत, 24 अक्टूबर को जहानाबाद में जहानाबाद, मखदुमपुर, घोसी ,अरवल एवं कुर्था, 25 अक्टूबर को बोधगया में बाराचट्टी, बोधगया, गया शहर, बेलागंज एवं वजीरगंज के साथ हीं 26 अक्टूबर को इमामगंज,गुरुआ, टेकारी,अतरी एवं शेरघाटी के कार्यकर्ताओं से संवाद करने के साथ ही 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम ' का दूसरा चरण सम्पन्न हो जाएगा।

### तीन दोस्तों को बाइक ने रौंदा एक की मौत, दो की हालत गंभीर

बेतिया : बेतिया में अनियंत्रित बाइक सवार ने मेला देख घर लौट रहे तीन दोस्तों को रौंद दिया। इस हादसे में घायल हुए एक युवक की इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान मोतिहारी के पास मौत हो गई। जबकि दो किशोरों की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना जिले के मझौलिया थानाक्षेत्र के अनवाहॉं मोड़ के पास की है। मृत युवक की पहचान खुटिया विशुनपुर निवासी शेख नसरुद्दीन के बेटे शेख साहिल (18) के रूप में की गई है। वहीं, घायलों की पहचान शेख मृत्युंजय के बेटे वोसीम (16) और मोहम्मद इजहार के बेटे शौकत (15) के रूप में की गई है। इधर, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज मामले की छानबीन में जुट गई। दोनों घायल किशोर का इलाज जीएमसीएच के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है। मृतक के पिता शेख नसरुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा शेख साहिल अपने गांव के दोस्त वोसीम और शौकत के साथ दशहरे का मेला देखने रविवार की रात पारस पकड़ी गया हुआ था। देर रात घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें तीनों दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए परिजन उन्हें आनन-फानन में जीएमसीएच बेतिया ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने शेख साहिल की स्थिति गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया। वहीं, परिजन इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे तब तक रास्ते में मोतिहारी के पास युवक की मौत हो गई। उसके बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्होंने बताया कि पुलिस घटनास्थल से बाइक को जब्त कर थाने लाई है।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 151

www.koylanchalsamvad.com

बहराइच में दूसरे दिन हिंसा, इंटरनेट बंद:भीड़ ने अस्पताल-गाड़ियों के... | दिखावे और गैर जरूरी खर्च से बचें, बचत पर ध्यान दें | भिंडी की उन्नत खेती करने की सम्पूर्ण जानकारी

मूल्य : 2 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### एलआईसी ने पॉलिसी के नियम बदले, योजना में एंट्री उम्र घटाई!

**नई दिल्ली (ईएमएस)**। देश की प्रमुख बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने न्यू एंडोमेंट प्लान में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब इस योजना में एंट्री की उम्र 55 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गई है, जो उम्रदराज लोगों के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसके अलावा प्रीमियम में भी वृद्धि की गई है, जो कि 1 अक्टूबर, 2024 से लागू होगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि उम्र बढ़ने के साथ मृत्यु की संभावना के कारण कंपनी अपने जोखिम को कम करना चाहती है। एक रिपोर्ट के अनुसार लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ने नए सरेंडर नियम भी लागू किए हैं। एलआईसी का न्यू एंडोमेंट प्लान-914 न सिर्फ आपको सुरक्षा कवर देता है बल्कि यह सेविंग प्लान भी है। इसमें मृत्यु और परिपक्वता के लाभ एक साथ मिल जाते हैं। एंडोमेंट प्लान वाली इंश्योरेंस पॉलिसी में आपको लाइफ कवर के साथ ही मैच्योरिटी बेनिफिट भी मिलते हैं। इसके चलते पॉलिसी के दौरान व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर परिवार को भुगतान किया जाता है। साथ ही मैच्योरिटी पर अलग लाभ मिलते हैं।

### दिल्लीवालों की दीवाली बिना पटाखे वाली...लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली (ईएमएस)**। दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को देखकर बड़ा फैसला लिया है। आतिशी सरकार की ओर से सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखकर सोमवार से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं सभी दिल्ली वालों से सहयोग का अनुरोध किया है। दिल्ली में सर्दी की शुरू होने से पहले ही प्रदूषण की स्थिति गंभीर होती जा रही है। दशहरे के बाद एनसीआर में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया, जिससे दिल्ली और एनसीआर के अधिकांश प्रमुख शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार पहुंच गया। इससे हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब कमेटी की बैठक में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू करने के विकल्पों पर चर्चा हुई। इसमें तय किया गया कि अगर प्रदूषण के स्तर में सुधार नहीं होता है, तो एक या दो दिन में ग्रेप के पहले चरण के प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

### उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती, आदित्य बोले- ऑल इज वेल:पहले 2 बार एंजियोप्लास्टी हो चुकी है

**मुंबई** : महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हार्ट आर्टरीज में ब्लॉकेज की जांच हुई है। कहा जा रहा है कि 12 अक्टूबर को दशहरा रैली के बाद से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। वहीं, शिवसेना नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने X पर जानकारी दी- आज सुबह उद्धव ठाकरे जी ने सर एचएन रिलायंस अस्पताल में प्री-प्लांड चेकअप कराया। आपकी शुभकामनाओं के साथ सब ठीक है। वे काम करने और लोगों की सेवा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साल 2012 में दो बार उनकी एंजियोप्लास्टी हो चुकी है। 16 जुलाई, 2012 को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला था कि उनक हार्ट की तीन मेन आर्टरी में से दो में 100% ब्लॉकेज था। इसके बाद डॉक्टर ने दो एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी थी।

### नेवी का नया बेस कंट्रोल तैयार, समुद्र के तल में होगी खास बातचीत

**नई दिल्ली,(ईएमएस)**। भारत ने हाल ही में अपनी दूसरी परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में शामिल हो गई है। इसके साथ ही नौसेना अब लंबी दूरी की गश्त पर मौजूद अपने गुप्त शिकारियों के साथ सहज कम्युनिकेशन के लिए एक नई एडवांस फैसिलिटी स्थापित कर रही है। तेलंगाना के विकाराबाद में वेरी लो फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन स्टेशन की परियोजना का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार यानी 15 अक्टूबर को करेंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वीएलएफ सुविधा, जब दो-तीन सालों में पूरी तरह से चालू हो जाएगी। इसके बाद यह भारत के संपूर्ण क्षेत्र में पानी के नीचे पनडुब्बियों को चौबीसों घंटे एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वीएलएफ रेडियो तरंगें, जो 3 से 30 किलोहर्ट्ज़ की फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करती हैं, ऐसे उद्देश्यों के लिए समुद्री जल में एक निश्चित गहराई तक प्रवेश कर सकती हैं।

# झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में 30 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति, मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए हुई

**रांची** : झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) की बैठक सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई. सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली. कैबिनेट ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी. इस वर्ष दिसंबर महीने से महिलाओं को बढ़ी हुई राशि उनके खाते में भेजी जाएगी. इस तरह अब साल में 30 हजार रुपए हेमंत सोरेन सरकार महिला लाभुकों को देगी.



### अन्य निम्नलिखित प्रस्तावों को मिली मंजूरी

» नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र के विकास कार्य (फेज-2) हेतु 42,83,21,000.00 (बयालीस करोड़ तिरासी लाख ईक्कीस हजार रू०) एवं भूमि अधिग्रहण के मुआवजा राशि 24,97,114,00 (चौबीस लाख संतान्ये हजार एक सौ चौदह रू०) अर्थात् कुल राशि 43,08,18,114.00 (तैतालीस करोड़ आठ लाख अठारह हजार एक सौ चौदह रू०) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

» झारखंड राज्यान्तर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की तर्ज पर कोल्हान प्रमण्डल, चाईबासा एवं संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका के साथ-साथ उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत बोकारो जिले में आवासीय विद्यालय के स्थापना की स्वीकृति दी गई।

» पथ प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत "बिलासपुर (एनएच 75 पर)-धुरकी (एमडीआर-139 पर) पथ एवं बिरबल चौक से सगमा (MDR-139 पर) लिंक पथ (कुल लंबाई-31.600 कि०मी०) के पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण एवं भू-अर्जन सहित)" हेतु रू० 109,16,46,200 /- (रूपये एक सौ नौ करोड़ सोलह लाख छियालीस हजार दो सौ) मात्र की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

» केन्द्र प्रायोजित मिशन सक्षम आँगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत् मनरेगा अभिसरण में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण योजना संबंधी मार्गनिर्देश में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

» डब्ल्यू.पी.(एस) संख्या-822/2014 कृष्णा राय बनाम झारखण्ड सरकार एवं अन्य तथा L.P.A. No- 60/2022 एवं अनुवर्ती S.L.P. No. 16940/2024 में पारित न्यायनिर्णय के आलोक में वादी श्री कृष्णा राय, सेवानिवृत जीप चालक, जलपथ प्रमण्डल सं०-2, चैनपुर, गुमला के कुल सेवा अवधि 9 वर्ष 2 माह में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत अवधि को जोड़कर पेंशनादि की स्वीकृति दी गई।

» वित्तीय वर्ष 2024-25 में ज्ञानोदय योजनान्तर्गत रु. 50,00,00,000/- (पचास करोड़ रूपये) मात्र की लागत से प्रारंभिक विद्यालयों में समेकित विज्ञान एवं गणित प्रयोगशाला के अधिष्ठापन की स्वीकृति दी गई।

» झारखण्ड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी विशेष उद्देश्य वाहन पतरातू ईनर्जी लिमिटेड को कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत बंद करने की स्वीकृति दी गई।

» उत्तरवर्ती बिहार एवं झारखण्ड राज्य स्थित एकीकृत बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतनादि के भुगतान की स्वीकृति दी गई।

» श्री जॉन अनिल माल्टो, अधीक्षण अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं जल विज्ञान अंचल-02, देवघर को स्वतंत्र चालू प्रभार के तहत् कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत अवधि के वेतन का अन्तर राशि के भुगतान की स्वीकृति दी गई।

» झारखण्ड राज्य में अनाथ और दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु "नवोत्थान छात्रवृत्ति योजना" को लागू करने की स्वीकृति दी गई।

» उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य के 08 जिला विज्ञान केन्द्रों यथा- लोहरदगा, गिरिडीह, दुमका, देवघर, पलामू, हजारीबाग, धनबाद एवं बोकारो में वैज्ञानिक प्रदर्शों के अधिष्ठापन से संबंधित प्राक्कलित राशि रू0 21,86,07,862/- (रू० इक्कीस करोड़ छियासी लाख सात हजार आठ सौ बासठ) मात्र के योजना के क्रियान्वयन हेतु झारखंड वित्त नियमावली की कंडिका 235 को क्षांत कर कंडिका 245 के तहत संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एजेन्सी राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एनसीएसएम), कोलकाता का मनोनयन के आधार पर चयन करने की स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 2 पर....

# बीजेपी चुनाव प्रबंधन की बैठक, भाजपा ने बनाई चुनाव जीतने की रणनीति




**रांची**: झारखंड में चुनावी जंग जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने 29 विभागों के हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं को विशेष जिम्मेदारी दी है. भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में पूरी रणनीति बनाई गई. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में हुई इस बैठक में पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, सांसद प्रदीप सिंह, सांसद मनीष जायसवाल के अलावा पार्टी के कई विधायक और पदाधिकारी मौजूद थे.

### विधानसभा चुनाव जीतने के लिए बनी रणनीति

भाजपा प्रदेश कार्यालय में करीब 2 घंटे तक चली इस बैठक में पार्टी द्वारा गठित 29 विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य तय किया गया. चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक पूर्व सांसद सुनील सिंह ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी ने हर बूथ जीतने का लक्ष्य तय किया है. उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनाव के दौरान नेताओं के आगमन से लेकर उनके कार्यक्रम और चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है. सुनील सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान नेताओं के आने-जाने और उनके कार्यक्रमों की अनुमति के साथ ही हेलीकॉप्टर के प्रबंधन की भी जिम्मेदारी दी गई है. उन्होंने कहा कि पार्टी की नजर में जो मतदान केंद्र कमजोर हैं, उन पर विशेष ध्यान देने पर चर्चा हुई. इसके साथ ही नेताओं के आगमन और उनकी चुनावी सभाओं को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई. सुनील सिंह ने कहा कि सरकार बनने के बाद पार्टी की ओर से गोगो दीदी योजना लाई जाएगी. इसके लिए फॉर्म भरवाए जा रहे हैं. कार्यकर्ताओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है.

जाहिर है कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी इसे जमीन पर लागू करेगी. इसके पहले बैठक की जानकारी देते हुए सांसद आदित्य साहू ने कहा कि चुनाव के दृष्टिकोण से यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि झारखंड को जिस तरह से लूटखंड बनाकर रख दिया गया है, उसे राज्य की जनता समझ रही है.

# झारखंड में अवैध चुनाव खर्च और आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखेंगे एसएसटी एवं एफएसटी

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन और अवैध चुनाव खर्च की निगरानी की जिम्मेदारी एसएसटी और एफएसटी को सौंपी गई है. झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ झारखंड) ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान एनफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों को रोकने एवं उस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से काम करें. हर स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी.



### स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान निश्चित करें पदाधिकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने कहा है कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें. वे आज सभी जिलों में आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए आयोजित ऑनलाइन सेशन को संबोधित कर रहे थे.

### एमसीसी उल्लंघन और अवैध चुनाव खर्च की करें निगरानी

के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी चुनाव के दौरान होने वाले चुनाव खर्च और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखेंगे. एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से मिले संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए काम करना है.

### सभी चेक पोस्ट की वेबकास्टिंग के जरिए होगी निगरानी

निर्वाचन के दौरान बने सभी चेक पोस्ट पर प्रत्येक वाहन की चेकिंग की जायेगी. साथ ही सभी चेक पोस्ट पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी. चेक पोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### चेक पोस्ट्स पर सीएपीएफ की होगी प्रतिनियुक्ति

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्ट पर जरूरत के अनुरूप सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि चुनाव के दौरान वैसी प्रतिबंधित सामग्रियां, जिससे चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है, जैसे (अवैध शराब, कैश, हथियार आदि) के आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक लगाना है. इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता ने एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी–विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया. सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने एफएसटी एवं एसएसटी के द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले मोबाइल एप्लीकेशंस के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे.

# मंत्री के भाई-पीएस के घर समेत 20 जगह ईडी रेडः आईएएस मनीष रंजन के करीबी, कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी

**रांची**: विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में ईडी की कार्रवाई तेज हो गई है। राजधानी रांची, चाईबासा सहित 20 जगह पर ईडी ने सोमवार सुबह से ही दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक ईडी की रेड हेमंत सोरेन सरकार के पेयजल व स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के ठिकानों पर हुई है। साथ ही आईएएस मनीष रंजन के करीबी, मंत्री के भाई विनय ठाकुर के अलावा कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी जारी है। यह छापेमारी जल-जीवन मिशन में हुई अनियमितता से जुड़ा हुआ है। रांची में मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड, रातू रोड में इंद्रपूरी और चाईबासा में छापेमारी हुई है। फिलहाल छापेमारी वाले सभी लोकेशन पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गयी है।



**चाईबासा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और बिजनेस पार्टनर पर छापा**

चाईबासा के अमला टोला स्थित मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर और उनके बिजनेस पार्टनर वेदांत खिरवार के घर में ईडी की छापामारी हुई। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम रविवार की रात ही चाईबासा पहुंची और अहले सुबह टीम सबसे पहले अमला टोला स्थित मंत्री के भाई विनय ठाकुर के आवास पर पहुंची। विनय ठाकुर से पूछताछ के बाद उनके बिजनेस पार्टनर मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवार के यहां भी एक टीम छापेमारी कर रही है।

### ईडी की रेड नहीं, राजनीति रेडः मंत्री

वहीं, ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह ईडी की रेड नहीं है, बल्कि राजनीति रेड है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्हें जनता पूरी तरह से नकार चुकी है। इसी कारण इस तरह का हथकंडा अपना रहे हैं। अगर ईडी पारदर्शिता के साथ काम करें तो हम पूरा सहयोग करेंगे। मेरे ऊपर भाजपा में शामिल होने का दबाव लोकसभा चुनाव से पहले से बनाया जा रहा है। हम फांसी पर चढ़ जाएंगे, लेकिन दबाव की राजनीति नहीं करेंगे।

# राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग : सीडी की सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी सरकार

रांचीः झारखंड सरकार 2016 में हुए राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सीडी की जांच सीबीआई से कराने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी. सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एसएलपी दाखिल करने के लिए अदालत से मांगा. इस मामले में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सलाहकार अजय कुमार की भूमिका बताते हुए रांची के जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी थी. आरोपों के मुताबिक, तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी और महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए विधायक निर्मला देवी को प्रलोभन दिया गया था. वर्ष 2016 में बाबूलाल मरांडी ने एक ऑडियो टेप जारी किया था. ऑडियो टेप में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन विधायक निर्मला देवी और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की बातचीत सामने आयी थी. उस ऑडियो की सीडी की सीबीआई जांच का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था.

# सीएम हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग में 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की मुंबई में किया झारखंड भवन का शिलान्यास

### 220/ 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी किया ऑनलाइन शिलान्यास

**रांची**: राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। नियुक्तियों की इसी क्रम में आज एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड- सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई।



### इस राज्य की जनता के प्रति जो जिम्मेदारी मिली है उसपर खरा उतरें

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है। आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है। आप सभी को राज्य के सुदूर और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का मौका मिल रहा है। मेरा आप सभी से यही कहना है कि इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें । अपनी सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। इससे इस राज्य की व्यवस्था को मजबूत करने में हमें मदद मिलेगी।

### स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का लगातार हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सिर्फ बिल्डिंग खड़ा कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज से संबंधित समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आज चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सीय संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों के रखरखाव और मरम्मत की भी समुचित व्यवस्था है । राज्य के गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई स्वास्थ्य योजनाएं संचालित हैं। हमारी कोशिश राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इस सिलसिले में विश्व पटल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा देने के लिए पहचान बनाने वाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का सहयोग ले रहे हैं। इसी कड़ी में अपोलो अस्पताल का शिलान्यास हाल में संपन्न हुआ है। -शेष पेज 3 पर

# अमेरिका और ब्रिटेन के 3 अर्थशास्त्रियों को इकोनॉमिक्स का नोबेल

**स्टॉकहोम** : अमेरिका और ब्रिटेन के 3 वैज्ञानिकों को इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज दिया गया है। विजेताओं में तुर्किश मूल के अमेरिकी डेरन एसेमोग्लू, ब्रिटिश मूल के अमेरिकी साइमन जॉनसन और ब्रिटेन के जेम्स ए रॉबिनसन शामिल हैं। इन्हें अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के बनने और उसके समाज की तरक्की पर पड़ने वाले असर पर रिसर्च के लिए ये सम्मान मिला है। तीनों अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि कैसे गरीब देश सालों की तरक्की के बावजूद अमीर देशों की तरह विकसित नहीं हो पाए हैं।



डेरन एसेमोग्लू | साइमन जॉनसन | जेम्स रॉबिन्सन

**विजेताओं ने राजनीतिक संस्थाओं के समाज पर असर को 3 तरह से समझाया है...**

**पहला**- रिसोर्सेज का बंटवारा कैसे होता है। समाज में फैसले लेने की शक्ति किसके पास है। इस आधार पर अमीर वर्ग और आम जनता के बीच संघर्ष रहता है।

**दूसरा**- जनता संगठित होकर कभी-कभी सत्ताधारी वर्ग को धमकाती है। ऐसा करके वह सत्ता से अपनी बात मनवाते हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि समाज की ताकत सिर्फ कुछ फैसले लेने तक सीमित नहीं है।

**तीसरा**- कई बार अमीर सत्ताधारी वर्ग की यह मजबूरी होती है कि वे फैसला लेने का अधिकार जनता को सौंप दें।

2023 का नोबेल अमेरिका की क्लॉडिया गोल्डिन को मिला था। उन्हें मार्केट में महिलाओं के कामकाज और उनके योगदान को बेहतर तरह से समझाने के लिए ये सम्मान दिया गया था।

## पेज 1 का शेष...

»एसपीईएमएम अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित इस केन्द्र प्रायोजित योजना का शत-प्रतिशत राज्य योजना से किये जाने की स्वीकृति दी गई।

»विभागीय संकल्प संख्या-1755, दिनांक-10.09.2015 के आलोक में राँची विश्वविद्यालय, राँची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों में सेवा दे रहे नेट उत्तीर्ण कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा आवश्यकता आधारित शिक्षकों के रूप में करने की स्वीकृति दी गई।

»पुलिस संस्करण के ध्रुव हेलिकॉप्टर के लिए संविदा पर नियुक्त 03 (तीन) पायलटों, 02(दो) एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर, 01 (एक) क्वालिटी मैनेजर एवं 05 (पाँच) एयरक्राफ्ट टेक्निशियन को संविदा राशि के अतिरिक्त देय सुविधाएं/अनुलाभ की स्वीकृति दी गई।

»राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों में एकाधिक प्रवेश-एकाधिक निकास की व्यवस्था लागू करने के निमित्त झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों में बहु प्रवेश - बहु निकास विनियम, 2024 की स्वीकृति दी गई।

»राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईजीयूपी) की व्यवस्था लागू करने के निमित्त झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईजीयूपी) विनियमन का कार्यान्वयन, 2024 की स्वीकृति दी गई।

»पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक), प्रखण्ड / संकुल साधन सेवी, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी. साधन सेवी, एम.आई.एस. समन्वयक एवं अन्य संलग्न कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा दिये जाने की स्वीकृति दी गई।

»झारखण्ड राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) की सुविधा लागू करने के निमित्त अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट विनियमों का कार्यान्वयन, 2024 की स्वीकृति दी गई।

»राज्य के उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धी माहौल का निर्माण करते हुए उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "झारखंड राज्य संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (जेएसआईआरएफ)" योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रथम 03 वर्षों के लिए कुल 20,25,45,000/- (बीस करोड़ पच्चीस लाख पैंतालीस हजार रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

»सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका अंतर्गत गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी में डिग्री महाविद्यालय, ठाकुरगंगटी के निर्माण कार्य हेतु रू0 39,21,34,000/- (उनचालीस करोड़ एक्कीस लाख चौतीस हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

»कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय, बहरागोड़ा के निर्माण कार्य हेतु रू० 38,20,06,000/- (अड़तीस करोड़ बीस लाख छः हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

»राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों में दोहरी डिग्री कार्यक्रम की व्यवस्था लागू करने के निमित्त झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों में एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रम (दोहरी डिग्री कार्यक्रम) चलाने संबंधी नियम, 2024 की स्वीकृति दी गई।

»झारखण्ड राज्य में गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना हेतु निर्गत मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

»तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) निदेशक की नियुक्ति एवं सेवाशर्त (संशोधन) नियमावली 2023 में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

»राजकीय पोलिटेकनिक, चाकुलिया, जमशेदपुर के निर्माण कार्य हेतु प्राक्कलित राशि कुल रू० 134,18,27,300/- (रू० एक सौ चौंतीस करोड़ अठारह लाख सताईस हजार तीन सौ) मात्र के योजना की प्रशासनिक स्वीकृति पर सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति दी गई।

»राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जमशेदपुर के निर्माण कार्य हेतु प्राक्कलित राशि कुल रू० 254,93,04,700/- (रू० दो सौ चौवन करोड़ तिरानबे लाख चार हजार सात सौं) मात्र के योजना की प्रशासनिक स्वीकृति पर सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति दी गई।

»राजकीय पोलिटेकनिक, पोटका, जमशेदपुर के निर्माण कार्य हेतु प्राक्कलित राशि कुल रू० 136,13,76,400/- (रू० एक सौ छत्तीस करोड तेरह लाख छिहत्तर हजार चार सौ) मात्र के योजना की प्रशासनिक स्वीकृति पर सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति दी गई।

»असम राज्य में झारखंड मूल की चाय जनजातियां जिसे असम में अन्य पिछड़ा वर्ग का दर्जा प्राप्त है, उन्हें उनके सांस्कृतिक, सामाजिक तथा आर्थिक कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नेतृत्व में एक समिति का गठन कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण कराकर उन्हें उनका हक-अधिकार प्रदान करने हेतु राज्य सरकार पहल करेगी।

# वीआईपी पार्टी पदाधिकारियों की रायशुमारी, 20 सीट पर प्रत्याशी देने का निर्णय




रांची : विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) झारखंड में 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची प्रेस क्लब में राज्य भर से आए पार्टी पदाधिकारियों की रायशुमारी के उपरांत वीआईपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह घोषणा आज कर दी। प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने कहा कि राज्य की जनता ने 25 सालों में गठबंधन की राजनीति को ही देखा है। एक और जहां वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर सत्ता में है वहीं पिछली सरकारों पर नजर दौड़ाएं तो क्षेत्रीय पार्टियों के साथ ताल-मेल कर भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी सत्ता पर तो काबिज होती रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियों ने राज्य का कितना हित किया है यह सभी पार्टियों के लिए आत्म मंथन का समय है। झारखंड में 2024 का विधानसभा चुनाव सर पर है। केंद्र कि भाजपा सरकार के कई मंत्री और नेता राज्य का लगातार दौरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री तक का दौरा हो चुका है। जनता को अपने पक्ष में करने को लेकर घोषणाओं और वादों अंतहीन सिलसिला सा राज्य में नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नजर डाले तो यह दिख रहा है कि भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य छोटे-मोटे घटक दल इस बार जनता का मन नहीं टटोल पा रहे हैं। वीआईपी प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने लोग निवास करते हैं, जिनमें निषाद वंशीय समाज की जनसंख्या सात प्रतिशत अर्थात करीब 24 लाख के करीब है जो किसी भी प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में जीत का आंकड़ा पार करा सकती है। उन्होंने लगभग 25 ऐसे विधानसभा क्षेत्रों की सूची जारी की जहां निषाद वंशीय समाज के दम पर प्रत्याशी जीतते आ रहे हैं। अब निषाद वंशीय समाज सिर्फ वोट बैंक बनकर नेताओं को विधान सभा भेजने का मध्यम नहीं बनेगा बल्कि स्वयं विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने हक और हुकुक की लड़ाई लड़ेगा। प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने एक परिपक्व नेता की तरह इस बात से इनकार नहीं किया कि राज्य में गठबंधन की सरकार का होना भौगोलिक मजबूरी है, लेकिन संख्या बल पर निषाद वंशीय समाज भी किसी से कम नहीं है बावजूद इसके सत्ता के गलियारों में इस समाज की चर्चा ना तो भाजपा, कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने की और ना ही स्थानीय हितों का दंभ भरने वाली सत्ता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता के बीच जाकर अपने आप को जनहित और राज्यहित वाली सरकार साबित करने की स्थिति में है। उन्होंने की कहा कि जब हमारी शुद्ध कोई लेने वाला नहीं है तो हम किसी के भरोसे क्यों बैठे रहे इस विधानसभा चुनाव में निषाद बंसी समझ न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी बल्कि 20 से अधिक विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देकर अपनी राजनीतिक दावेदारी किसी और के हाथ में नहीं जाने देगा। ब्रह्मदेव चौधरी, सरोज चौधरी, मनदीप मल्लाह, भारदुल चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, संजय मल्लाह, राम मल्लाह, विश्वनाथ झोरा, चरण केवट, मेजर बद्री साहनी, गंगा केवट, विजेंद्र चौधरी, अरविंद केवट, रब्बीकुल शेख, राजेंद्र चौधरी, विवेक साहनी सहित राज्य के 24 जिला के जिला पदाधिकारी और प्रखंड पदाधिकारी शामिल हुए।

## पूर्व विधायक जानकी यादव को ऊर्जा मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तहत कार्यरत ऊर्जा मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर बरकट्ठा में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लिखा है कि आउटसोर्सिंग के तहत जीबीभीएनएल में समस्त उर्जा मित्र 2013 से विभिन्न कंपनियों के अधीन कार्य कर रहे थे। वह सभी 6500 ऊर्जा मित्र झारखंड के प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधीन कार्यरत है।ऊर्जा मित्रों ने ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के अधीन कार्यरत सभी ऊर्जा मित्रों को कंपनियों से हटाकर जेबीभीएनएल बोर्ड में समायोजन करने, मध्य प्रदेश के तर्ज पर सभी उर्जा मित्रों को एक सम्मान जनक मानदेय देने की मांग किया है।कहा कि वर्तमान समय में विभाग पूरे झारखंड में स्मार्ट प्रीपेड मीटर का सर्वे का कार्य किया जा रहा है।आने वाले कुछ माह में ऑटो प्रीपेड हो जाएगा जिससे हम सभी 65000 ऊर्जा मित्र सरकार या बोर्ड के इस योजना से बेरोजगारी एवं भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे।वहीं हम सभी कंपनियों के अधीन कार्यरत ऊर्जा मित्र की मानदेय पैसा कंपनी लेकर फरार हो जाती है जिससे हम लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि आप लोगों की मांगें जायज है।आपके आवेदन को मुख्यमंत्री से मिलकर उनके समक्ष रखूंगा और आपको उचित हक दिलाने का प्रयास करुंगा। इस मौके पर अर्जुन गिरी, आकाश कुमार, विक्रम कुमार, छोटू यादव, राजेंद्र यादव, तरुण गिरी, मो जावेद, अभय दास, मो फहीम, प्रसादी यादव, मो साहिल समेत अन्य कई ऊर्जा मित्र मौजूद रहे।

## नव पदस्थापित उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री फूलो का गुच्छा एवम शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया



रांची : झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में रांची जिला के नव पदस्थापित उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री,आईएएस,रांची को फूलो का गुच्छा एवम शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। महासंघ के महामंत्री ने कहा की रांची जिला के लिए एक बहुमुखी प्रतिभा,कुशल प्रशासक, नेक दिल इंसान की पदस्थापन हुई है, इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, झारखंड सरकार को महासंघ धन्यवाद एवम दिल से आभार व्यक्त करता है। महासंघ का मानना है की वर्तमान उपायुक्त महोदय के कार्यकाल में रांची जिला में चौमुखी विकास संपन्न होगा, विकास कार्य तेजी से संपन्न होगा। सरकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक सरल रूप से पहुंचेगा। रांची जिला के कर्मचारियों के उनके मांगो के लिए,कोई समस्याएं हो तो सहज रूप से उपायुक्त महोदय उपलब्ध होगे। ऐसा महासंघ को पूर्व अनुभव प्राप्त है। इस अवसर पर झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर आपरेटर संघ के राज्य संघ के करन गुप्ता, पंकज कुमार,मो रिजवान के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में दीपक कुमार ,प्रीति कुमारी द्वारा भी उपायुक्त महोदय को सम्मानित किया गया। उपायुक्त महोदय से महासंघ श्री जय मसीह कच्छप, जनसेवक जिनका स्थानांतरण सोनाहतु हो गया है उनको कांके प्रखंड में पदस्थापित करने का भी पत्र महासंघ द्वारा दी गई अनुरोध की गई उनका पदस्थापन कांके प्रखंड रांची में करने की कृपा की जाय क्योंकि जय मसीह की पत्नी भी रांची सी सी एल अस्पताल,गांधीनगर ,रांची में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। राज्य सरकार का भी कई पत्र जारी कर ये प्रवधान की गई है कि यदि पति पत्नि सरकारी सेवा में है तो उनका पदस्थापन एक ही जगह में होगा।इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने शिष्टमंडल को कहे की जिले के सभी कर्मचारी,ईमानदारी पूर्वक कार्य करे,।सरकारी योजनाएं आम आदमी तक सरलता से पहुंचाए। महासंघ द्वारा सम्मानित करने वालो में महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह, राज्य सचिव मो आलमगीर , दीपक कुमार, प्रीति कुमारी, जय मसीह कच्छप,मोहन लकड़ा संरक्षक अशोक कुमार ,सनातन कुमार रीना सिंह आदि उपस्थित हुए।

## विधानसभा प्रत्याशियों की दूसरी सूची एलएपी ने किया जारी

रांचीः लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की एक बैठक प्रदेश कार्यालय रांची में सम्पन्न हुई ! बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , प्रधान महासचिव मो अजहर आलम , प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू , प्रदेश महासचिव संजय स्नेही एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव उपस्थित रहें. बैठक में विचारोपरान्त विधानसभा प्रत्याशियों को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता को अवगत कराया गया ! कोर कमेटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करी.

## रक्तदान-महादान शिविर में 14 यूनिट रक्तदान हुआ




रांचीः मिल्लत एकेडमी स्कूल पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा तस्लीम महल,रांची में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ,जिसमें 14 यूनिट रक्तदान हुआ इसके अतिरिक्त 6 लोगों का हाईबीपी,ऑपरेशन,बीमारियों या मौसमी दवाई का सेवन करने की वजह से रक्तदान नही हो पाया,रक्तदान नागरमल मोदी सेवा सदन,रांची को समर्पित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्लत एकेडमी स्कूल के पूर्व प्राचार्य शमीम खान सर थे,विशिष्ट अतिथि इमारत-ए-शरिया झारखंड/बिहार एवं उड़ीसा के जिम्मेदार एवं रहमानिया 30 के निदेशक मौलाना डॉ फ़हद रहमानी साहब एवं मिल्लत के पूर्व प्राचार्य अंजुम सर,पूर्व शिक्षक मौलाना डॉ ओबैदुल्लाह क़ासमी,समाजसेवी एवं मिल्लत स्कूल समेत तस्लीम मस्जिद, मेन रोड़ उर्दू लाईब्रेरी एवं अंजुमन रहमानिया मोसाफिर खाने की ज़मीन दान देने वाले मरहूम खान बहादुर साहब के पोता डॉ असलम परवेज़ एवं अतिथि में मिल्लत स्कूल 1982 बैच एवं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र डॉ उज़ैर अज़ीज़,शहर काज़ी कारी जान मोहम्मद मुस्तफी,मिल्लत पंचायत के सदर जावेद अख़्तर, मरहबा के महासचिव मो नेहाल, जमीतुल मोमिनीन पंचायत रांची के सदर मो जबीउल्ला,मोमिन पंचायत रांची के रज़्ज़ाक अंसारी एवं झारखंड के जूनियर राइफल शूटर यासीन अली शामिल थे।

## पूजा समिति के लोगो ने सम्मान समारोह का आयोजन कर गण्यमान लोगो को किया सम्मानित



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर प्रखंड व नगर परिषद क्षेत्र के पूजा समितियों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समिति के लोगो ने क्षेत्र के गण्यमान लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विश्रामपुर सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूजा समिति के सदस्यों ने युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रेम शंकर दुबे ने कहा कि इसबार पूजा समिति द्वारा भव्य व आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं का भी विशेष ख्याल रखते हुये सारी व्यवस्था की गई थी। इसके लिये पूजा समिति धन्यवाद के पात्र है। इधर बघमनवा पंचायत के गौरा,घरटीया,चोरटीया सहित सभी पूजा पंडालों द्वारा भी सम्मान समारोह का आयोजन कर पंचायत की मुखिया मंजू देवी व युवा समाजसेवी सह भाजपा नेता मनीष कुमार को फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुखिया मंजू देवी व युवा समाजसेवी मनीष कुमार ने पूजा समिति के सदस्यों को शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने पर धन्यवाद दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,रजनीश कुमार,विजय कुमार रवि,पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश केशरी,सुमंत चंद्रवंशी,शशिभूषण चंद्रवंशी,टिंकू चंद्रवंशी,गजेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जावेद हबीब ने किया फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : भारत की सैलून चैन की अग्रणी सूची में शामिल जावेद हबीब सैलून नेकडरू स्थित रेडिशन ब्लू होटल में फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड के जावेद हबीब सैलून एवं अकेडमी के फ्रेंचाइजी संचालकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने सभी फ्रेंचाइजी संचालकों के साथ नवीनतम रुझानों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह फ्रेंचाइजी मीट नए अवसरों पर चर्चा करने और ब्रांड के विकास का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया है। स्वतंत्र और टिकाऊ व्यावसायिक अवसरों की पेशकश के लिए हमारे निरंतर विस्तार और प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह फ्रेंचाइजी मीट ज्ञान-साझाकरण, व्यवसाय विकास और भविष्य के लिए रणनीतिक योजना के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार - झारखंड अरविन्द कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक है। कंपनी के पूरे भारत में 1000 से अधिक सैलून हैं। कंपनी झारखंड में पैशनेट पार्टनर्स को आमंत्रित कर रही है ताकि वो इस सैलून से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें।

## तुईयो में होने वाली दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुईयो में होने वाली दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मुखिया शंकर रविदास ने की व संचालन युगल मंडल ने किया।बैठक में यज्ञ सफल बनाने को लेकर समिति का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, उपाध्यक्ष विनोद भगत, सचिव बसंत कुमार एवं बसंत रविदास, कोषाध्यक्ष फलजीत राणा एवं नंदकिशोर प्रसाद को चुना गया।जबकि कार्यकारिणी सदस्य में रामप्रसाद राम, बीरेंद्र राणा, नारायण प्रसाद, राजेश प्रसाद, सहोदर कुमार, भेखलाल राणा, रामचंद्र प्रसाद, शंकर रविदास, कामेश्वर प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, विजय कुमार को रखा गया है। नवचयनित अध्यक्ष उत्तीम महतो ने बताया कि तुईयो गांव में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ चार फरवरी से शुरू होगा।

## शहिद देवेंद्र मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया



रांचीः झारखंड आंदोलनकारी महासभा,आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच एवं शहीद देवेंद्र मांझी फाउंडेशन के तत्वाधान में शहीद देवेंद्र मांझी के पुण्यतिथि के अवसर पर डोरण्डा स्थित शहिद देवेंद्र मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । माल्यार्पण महासभा के अध्यक्ष श्री राजू महतो एवं आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक एवं शहीद देवेंद्र मांझी फाउंडेशन के सचिव श्री प्रवीण केरकेट्टा के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासभा के अध्यक्ष श्री राजू महतो ने कहा की झारखंड अलग राज्य का निर्माण लंबे त्याग और संघर्ष संघर्ष के साथ- साथ आने को कुर्बानियां दी गई तब जाकर राज्य का निर्माण हुआ शहीदों के श्रृंखलाओं में शाहिद देवेंद्र मांझी का नाम सर्वोपरि है उन्होंने झारखंड के आदिवासी मूलवासी जनता के लिए के लिए जल जंगल जमीन की लड़ाई एवं उनके मालिकाना हक दिलाने की लड़ाई लड़ी आज भी अलग राज्य निर्माण के 24 वर्ष बाद आदिवासी मूलवासी जनता का भावना के अनुरूप एवं शाहिद देवेंद्र मांझी के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है और ना ही अलग राज्य निर्माण के इस महान सपूत को अभी तक शाहिद का दर्जा नहीं दिया जाना अत्यंत शर्मनाक है । श्री महतो ने सरकार से मांग की है शाहिद देवेंद्र मांझी को सरकारी स्तर से शहिद का दर्जा अभिलंब दिया जाए एवं शाहिद देवेंद्र मांझी का गगनचुंबी प्रतिमा स्थापित किया जाए । इस अवसर पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय श्री विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड के इस वीर सपूत ने अपनी प्राणों की आहुति देकर बलिदान देने का एक मिसाल कायम किया है जिसे झारखंड की जनता कभी भी नहीं भूल सकती है और झारखंड में आदिवासी मूलवासी जनता के सपनों का झारखंड बनाने के लिए हम सब कृत संकल्प हैं और यही शहिद देवेंद्र मांझी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । श्री नायक ने आगे कहा कि अगर राज्य की सरकार शहिद देवेंद्र मांझी का आदमकद प्रतिमा नही लगाती है तो आने वाले दिनो मे आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच की ओर से एक भव्य और विशाल आदमकद प्रतिमा देवेन्द्र मांझी चौक मे वीर शहीद देवेन्द्र मांझी का लगाया जायेगा ।इन्होने चौक का भी अविलंब सुंदरीकरण की मांग किया क्योंकि मेकन ब्रिज के निर्माण के दौरान चौक जहां तहां से क्षतिग्रस्त हो चुका है ।

## न्यू लायंस क्लब धूमधाम से छठ पूजा आयोजन करेगी, हुई पहली महत्वपूर्ण बैठक

रांचीः रांचीः न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम छठ पूजा समिति के तत्वावधान में दिनांक 08/11/2024 को अगामी छठ महापर्व की तैयारी को लेकर आज एक महत्वपूर्ण पहली आम बैठक न्यू लायंस क्लब चौक मे अनिल कुमार गुप्ता जी के अध्यक्षता में बुलाई गई। इस बैठक मे सूर्य उपासना एवम् लोकआस्था का महापर्व छठ न्यू लायंस क्लब के तत्वावधान में धूमधाम से 41वां वर्ष भी मनाने का निर्णय लिया गया।

जल संसाधन विभाग,
झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जलपथ प्रमण्डल सख्या–1 सिमडेगा।

निविदा रद्द संबधित सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 267 दिनांक 26.06.2024 द्वारा निकाले गये ई–निविदा संख्या WRD/WWD No.-1 SIMDEGA/01/2024-25 जिसका PR No.-327920 Simdega(24-25):D द्वारा प्रकाशित की गई थी, जिसे विभागीय पत्रांकः–2/PMC/कार्य–1040/2024....513/रांची, दिनांक 08.10.2024 के आलोक में रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
जलपथ प्रमण्डल सख्या–1 सिमडेगा।

PR 338804 (Simdega) 24-25 (D)

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल,धुर्वा, रॉची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 77/24–25

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर महत्वपूर्ण सरकारी भवनों के विद्युत साज–सज्जा एवं अन्य स्थानों पर होने वाले अस्थायी विद्युतीकरण के कार्य हेतु अस्थायी विद्युतीकरण कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि तक निर्धारित शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 06.11.24 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची/ विद्युत कार्य अंचल, रॉची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक – 09.11.24 को 12.00 बजे अपराह्ण तक, नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–09.11.24 को 1.00 बजे अपराहण में,विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 500/–, 750/–, 1250/–,2500/– एवं 5000/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 338851 Energy(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–19/2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 25/10/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 26/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 26/10/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरणः– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर अस्पताल, गढ़वा परिसर में जल बहाव हेतु ड्रेनेज कार्य। | ₹ 24,99,500.00 | ₹ 50,000.00 | ₹ 5000.00 | 01 माह |
| 2 | Construction of Portable Porta Cabin at Campus of Civil Court Nagar Untari. | ₹ 3,73,300.00 | ₹ 7500.00 | ₹ 750.00 | 07 दिन |
| 3 | Construction of Portable Porta Cabin at Campus of Civil Court Garhwa. | ₹ 7,46,600.00 | ₹ 15,000.00 | ₹ 1250.00 | 15 दिन |
| 4 | Construction of Boundary Wall in District Agriculture Garwha. | ₹ 35,47,400.00 | ₹ 71,000.00 | ₹ 5000.00 | 01 माह |
| 5 | Construction of P.C.C. Road in Campus of Family Judge Quarter at Garhwa. | ₹ 9,75,300.00 | ₹ 19,600.00 | ₹ 1250.00 | 15 दिन |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

*PR 338819 (Building)24-25*D*

## एनएचआरसी ने रांची एसएसपी को जारी किया नोटिस, कहा-सशरीर हो उपस्थित

**रांची** : तुपुदाना ओपी पुलिस के अधिकारियों द्वारा चोरी के संदेह में विकास कुमार (32 वर्ष) के साथ थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रांची के एसएसपी को सशर्त नोटिस जारी किया है. इसमें कहा गया है कि एसएसपी धुर्वा थाना कांड संख्या 16/2023 का जांच परिणाम और वर्तमान स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें. साथ ही इस मामले में 22 नवंबर 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे विभागीय कार्रवाई के परिणाम की रिपोर्टों के साथ आयोग के समक्ष खुद उपस्थित हों. साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि उक्त रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को आयोग को मिल जाती है, तो एसएसपी को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी जायेगी.

बाबूलाल मरांडी की शिकायत का आयोग ने लिया संज्ञान

उल्लेखनीय है कि मामले में बाबूलाल मरांडी ने आयोग से शिकायत की थी. इससे पहले आयोग के निर्देश पर रांची के एसएसपी की 18 अप्रैल 2023 की रिपोर्ट उपायुक्त सह जिला मजिस्ट्रेट, रांची द्वारा 30 मई 2023 को पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था. इसमें बताया गया था कि मामले में जांच की गयी है. जांच में शिकायतकर्ता का आरोप सही पाया गया है. इसलिए दोषी पुलिस अधिकारी मीरा सिंह और सुनील कुमार सिंह के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये थे. लेकिन विभागीय जांच में क्या हुआ, इसकी रिपोर्ट आयोग को अब तक नहीं मिली है.

## झारखंड में तीन साल बाद भी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल अधूरा

रांचीः झारखंड के प्रतिभाशाली और मेहनती खिलाड़ियों के हुनर को तराशने के लिए और स्पोर्ट्स डिजिटलीकरण के उद्देश्य से शुरू किया गया पोर्टल लगभग तीन साल बाद भी अधूरा है. दिसंबर 2022 में स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल की नींव रखी गई थी और जोहार खिलाड़ी पोर्टल लांच किया गया. झारखंड खेल विभाग ने स्विचटेक इंफ्रा को स्पोर्ट्स पोर्टल बनाने का जिम्मा सौंपा. लगभग ढाई साल में (मार्च 2024 तक) 3171 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ था. जिसमें 1611 बालक और 1560 बालिका खिलाड़ी शामिल थी. इसके साथ 40 टेक्निकल ऑफिशियल और 107 प्लेग्राउंड का डाटा अपडेट किया गया था. मार्च 2024 में ही स्विचटेक इंफ्रा को झारखंड खेल प्राधिकरण ने बर्खास्त कर दिया. अब जोहर खिलाड़ी पोर्टल का काम रूक गया है. खेल विभाग ने फिर चार अक्टूबर 2024 को एक नए वेबसाइट sportspersons.jharkhand.gov.in को लॉन्च किया. बताया गया कि इस नए पोर्टल में ही खिलाड़ियों का विस्तृत डेटाबेस बनाया जाएगा. जोहार खिलाड़ी पोर्टल में खिलाड़ी, प्रशिक्षक, रेफरी, सभी खेल अकादमी, खेल मैदान, खेल स्टेडियम की जानकारी संबंधित विस्तृत डेटाबेस उपलब्ध कराना था. साथ ही पोर्टल पर भविष्य में राज्य में आयोजित होने वाले राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिता की जानकारी भी देनी थी. सभी खेल और उससे संबंधित खिलाड़ियों को इस पोर्टल से जोड़ना था.

## 12 मुर्गों की बलि प्रथा के साथ जतरा पूजा की होगी शुरुआतः बिरसा पाहन



रांचीः सोमवार को बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में आगामी जतरा पूजा की तैयारी लेकर बैठक कांके (रांची) में हुई. इसकी अध्यक्षता श्री मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने की. संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्णा उराँव ने किया. मौके पर मौजा के पहान राजा बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 07 नवंबर को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन किया जाएगा. जतरा एवं अखड़ा स्थल में पहान एवं कोटवार के द्वारा विधिवत रूप से परम्परागत रीति रिवाज, विधि विधान, 12 मुर्गों की बलि प्रथा एंव धार्मिक कर्मकाण्ड से पूजा अर्चना सुनिश्चित की जाएगी. समिति के अध्यक्ष कृष्णा उराँव ने कहा कि जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गाँवों के पाहनों के साथ बैठक हुई. इस बार भी रीति रिवाजों के साथ जतरा पूजा सम्पन्न किया जाएगा. 12 पड़हा जतरा पूजा समिति, मिसिर गोंदा, कॉंके के पूर्व अध्यक्ष अनिल उराँव के मुताबिक बैठक में मुख्य रूप से पड़हा महतो राजा संदीप उराँव, जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी, भीठा मौजा के सोनू पाहन, कोंगे जयपुर के निर्मल पाहन, रंजीत पाहन, हथिया गोंदा के लाखो उराँव , मतलु कच्छप, पतरा गोंदा के लखन मुंडा, चंदवे के विनोद पाहन, सुजय पाहन, टिकली टोली के डब्लू मुंडा, गोलु मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे.

**पेज एक का शेष...**

## सीएम हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग में 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा...

वहीं, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजधानी रांची के इटकी में वर्ल्ड क्लास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है । मुझे विश्वास है कि यहां के लोगों को बहुत जल्द इलाज के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

### क्रिटिकल बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई नई बीमारियां हमारे लिए चुनौती बनी हुई है। कॉविड-19 के बाद से हम लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए प्रयास जारी है। इसके लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी संस्थाओं, संस्थाओं और अस्पतालों के सहयोग से इलाज से संबंधित आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश लगातार जारी है।

**नर्सिंग के क्षेत्र में पुरुषों को भी सेवा करने का मिल रहा मौका** : मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य तौर पर नर्सिंग से महिलाएं और युवतियां जुड़ी होती हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि नर्सिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। इसीलिए नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। पुरुष और महिला समान रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में कार्य करेंगे तो मरीजों को और बेहतर सेवा मिलेगी।

**एयर एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कई कड़ियां जुड़ चुकी हैं। सरकार के द्वारा एयर एंबुलेंस की सेवा भी किफायती दर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में इलाज के लिए बाहर ले जाने की जरूरत पड़े तो उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और अभियान निदेशक अबू इमरान उपस्थित थे।

# झारखंड के लिए इलेक्शन डेट की घोषणा के 24 घंटे के भीतर 98% सीटों के लिए अपने कैंडिडेट की घोषणा कर देगी भाजपा

**रांचीः** पूर्व विधायक सुकर रविदास और उनकी पुत्री तथा कांग्रेस की नेत्री रही डॉ मंजू देवी ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली. प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के सीएम सह प्रदेश भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया. मौके पर हिमंता ने कहा कि सालों पहले पार्टी छोड़कर गए लोगों का तन, मन भाजपा के साथ ही बना रहा. आगे बढ़ते समय राह में और भी नये साथी मिल रहे हैं. श्री सरमा ने जानकारी देते कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन अपने सहयोगियों के साथ पूरी मजबूती से चुनाव लडेगा. आजसू पार्टी के साथ बस एक सीट के लिए बात फाइनल होना बाकी है.




संभव है कि उसे 11 या फिर 9 सीट मिले. इसके अलावा जदयू को दो सीट मिल सकती है. वैसे केंद्रीय नेतृत्व और कुछ करे तो अलग बात है. केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा के लिए सीटों पर बातचीत जल्द तय होगी. वे अभी विदेश में हैं और 16 अक्टूबर को लौटने पर यह सब हो जाएगा. हिमंता ने यह भी बताया कि चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई है. भाजपा अपने कैंडिडेट की घोषणा जल्द ही कर देगी. चुनाव आयोग जैसे ही झारखंड के लिए आज या कल, जब भी इलेक्शन का डेट एनाउंस करेगा, उसके 24 से 28 घंटे के भीतर भाजपा अपने हिस्से के 98% सीटों के लिए कैंडिडेट का नाम घोषित कर देगी. चंदनक्यारी सीट के एक सवाल पर हिमंता ने साफ कहा कि यह सीट भाजपा के हिस्से की ही रहेगी. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सुकर रविदास, आरती कुजूर सहित अन्य भी उपस्थित थे.

### जल जीवन मिशन में धांधली

मंत्री मिथिलेश ठाकुर के करीबियों के ठिकानों पर इडी की रेड और मिथिलेश ठाकुर द्वारा भाजपा पर उंगली उठाने के सवाल पर हिमंता ने कहा कि जिनके घर 300 करोड रखे होते हैं, इडी, सीबीआई वहां जाएगी ही. इसमें भाजपा का कहीं रोल नहीं. राज्य में जल जीवन मिशन में धांधली की शिकायत है. अगर इसमें ऐसा नहीं होता तो मिथिलेश भाजपा में आ जाते. अगर इडी, सीबीआई किसी के घर रखे करोड़ों रुपए का पता लगाकर ले आती है और उसे गरीबों में बांट देती है तो इसमें गुनाह क्या है.

हेमंत सोरेन सरकार द्वारा एक लाख 35 हजार करोड़ केंद्र पर झारखंड के बकाया होने के सवाल पर हिमंता ने कहा कि वे इसे सुप्रीम कोर्ट को समझाएं. राज्य में कोयला, बालू की चोरी हो रही है. इसका पैसा कहां जा रहा. सरकार अपना एकाउंट दिखाए.

झारखंड में दुर्गा पूजा के आयोजन, प्रतिमा विसर्जन पर विवाद के सवाल पर कहा कि असम में 40% आबादी मुस्लिमों की है. सरकार ने वहां ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि वे सभी त्योहारों का सम्मान करते हैं. यहां भाजपा की सरकार बनने पर एक साल के अंदर ही सभी मुस्लिम रामनवमी, दशहरा में भाईचारा निभाते दिखेंगे. इसका फॉर्मूला पार्टी को पता है.

### चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक

इससे पूर्व सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता एवं केंद्रीय मंत्री व झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्वा शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, महामंत्री (संगठन) कर्मवीर जी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू जी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक तथा पूर्व सांसद सुनील सिंह सहित समिति के सदस्यगण भी मौजूद रहे.

# सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे रिम्स, चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स पहुंचे. उन्होंने चतरा के सांसद कालीचरण सिंह और गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज दुरगुरिया सिरका से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिम्स प्रबंधन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने रिम्स के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा के सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना. मुख्यमंत्री ने चतरा सांसद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की. चतरा सांसद कालीचरण सिंह की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रांची के रिम्स रेफर किया गया था.



### गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज के स्वास्थ्य की भी ली जानकारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली और उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना. मुख्यमंत्री ने गुवा गोलीकांड के शहीद के वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की.

### रिम्स प्रबंधन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराए. सीएम ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

### इधर, मुड़मा मेला के लिए सीएम को किया गया आमंत्रित

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को "राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला)" के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया. मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे.

# झारखंड में दिखेगा ला-नीना का असर, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

### अगले 48 घंटे में विदा हो जाएगा मानसून; इस साल सामान्य से 1% कम बारिश

**रांचीः** झारखंड में मानसून की विदाई की शुरुआत हो चुकी है। बीते तीन दिनों में चतरा, गढ़वा, पलामू और लातेहार से मानसून की विदाई हो गई है। अगले 48 घंटे में मानसून पूरी तरह से राज्य से विदा हो जाएगा। लिहाजा प्रदेश में अगले चार दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, मानसून के विदा होने के साथ ही पुरवा हवा चलने से ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग की माने तो इस साल झारखंड में ला-नीना का असर देखने को मिलेगा। इससे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने की उम्मीद है।

राज्य में इस बार मानसून की अच्छी बारिश हुई। मानसून पूर्वानुमान के मुताबिक, राज्य में इस बार मानसून अवधि एक से 30 सितंबर तक 1011.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से केवल एक फीसदी कम है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड से मानसून अपने अंतिम पड़ाव पर है। इस बार झारखंड में मानसून सामान्य रहा और केवल एक फीसदी कम बारिश हुई। अब राज्य में मानसून की बारिश नहीं होगी। राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं कहीं हल्की या छिटपुट बारिश हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद का कहना है कि लोकल सिस्टम अगर कुछ बनता है, तभी बारिश संभव है। उन्होंने बताया कि देश के दक्षिणी राज्य में मानसून अभी कायम है। इस लिहाज से वहां से आने वाली दक्षिणी हवा से कुछ जगहों पर स्थानीय सिस्टम बन सकते हैं। झारखंड में अगले चार दिनों के दौरान राज्य के कोल्हान के जिलों समेत सिमडेगा में हल्के बादल छाने के साथ छिटपुट बारिश होने के आसार हैं। नम हवा आने से मौसम में यह बदलाव होगा।

मौसम विभाग के मुताबिक, विभाग के मुताबिक, झारखंड में इस बार ला नीना का असर देखने को मिलेगा। इस वजह इस साल कड़ाके की ठंड पड़ने की उम्मीद है। ला नीना की वजह से आमतौर पर तापमान में गिरावट आती है। इसके अलावा सर्दियों में बारिश भी ज्यादा होती है।

# चाईबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को रायपुर ले गयी छत्तीसगढ़ पुलिस

**रांचीः** चाईबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को छत्तीसगढ़ पुलिस प्रोडक्शन वारंट के तहत अपने साथ रायपुर ले गयी. रविवार की देर रात रायपुर क्राइम ब्रांच की 10 सदस्यीय टीम चाईबासा आयी और कड़ी सुरक्षा के साथ अमन साहू को अपने साथ ले गयी. अमन साहू पर तीन माह पहले रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के दफ्तर के बाहर फायरिंग करने का आरोप है. पुलिस इस मामले में आगे की जांच करने के लिए उसे अपने साथ रायपुर ले गयी. गौरतलब है कि अमन साहू को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाने के लिए स्थानीय पुलिस ने कोर्ट से पांच से छह बार प्रोटेक्शन हासिल कर चुकी है, लेकिन अब तक अमन को रायपुर नहीं लाया जा सका था.



### ढाई साल में नौ जेल में किया गया शिफ्ट, फिर भी अपराध पर लगाम नहीं

जेल में बंद अपराधी अमन साहू को पिछले ढाई साल में नौ बार एक जेल से दूसरे जेल में शिफ्ट किया गया. इसके बाद भी उसका आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है. अमन साहू जेल से ही अलग-अलग जिलों के कारोबारियों को लगातार धमकी देने और रंगदारी वसूलने का काम करता रहा है. दो महीने पहले अमन साहू ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को बंदी पत्र लिखकर दावा किया था कि उसकी हत्या की साजिश रची जा रही है. उसने आरोप लगाया था कि साजिश में पुलिस अफसर, कोयला माफिया व राजनेता शामिल हैं. साजिश के तहत उसे एक से दूसरे जेल में शिफ्ट किया जा रहा है.

### अमन साहू गैंग का सुनील मीणा झारखंड पुलिस के लिए चुनौती

अमन साहू गैंग का सुनील मीणा, जिसको गिरफ्तार करना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालंपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिए लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा है.

## दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर, मधुपुर बंद तो गढ़वा में तनाव

**रांचीः** दुर्गा पूजा के दौरान राज्य के अलग अलग हिस्सों में लॉ एंड ऑर्डर के सवाल पर भाजपा ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है. संतालपरगना के मधुपुर (देवघर) से लेकर पलामू डिवीजन तक, पूजा और उसके बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसक झड़पों की शिकायत भाजपा ने की है. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को मधुपुर बंद का आह्वान किया है. इसके समर्थन में भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह मधुपुर के स्थानीय लोगों और व्यापारी वर्ग के लोगों के साथ बंद कराने में लगे हैं. निशिकांत ने एक्स पर पोस्ट करते कहा है कि दुर्गा विसर्जन के विरोध के कारण मुस्लिम समुदाय ने प्रदीप मोदीजी के घर व परिवार को जलाने की कोशिश की तथा प्रसाशन हाथ पर हाथ धरे रखा, सोमवार को मधुपुर बंद रहेगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनजी, मधुपुर में दुर्गा विसर्जन के नाम पर मुस्लिम समुदाय प्रदीप मोदी जी का मकान जलाने की तैयारी कर रहा है, हिंदुओं के पूजा में यह अन्याय असहनीय है. देवघर के मधुपुर शहर के एसआर डालमिया रोड स्थित चांद मेरी मोहल्ले में माता दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पहले गुट पुलपार दुर्गा पूजा समिति की ओऱ से आरती का आयोजन किया गया था.

## विधानसभा चुनावः जनसंपर्क अभियान चलाएगा रांची शहर नागरिक मंच

**रांचीः** जल्द ही झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं. इसे देखते राजनीतिक दलों ने लोगों के लिए घोषणा पत्र तैयार करने और जीतने पर विभिन्न तरह की सेवाएं दिए जाने का भरोसा दिलाना शुरू कर दिया है. इसी संदर्भ में रांची शहर नागरिक मंच ने सोमवार को एक बैठक की. मंच के अमृतेश पाठक ने बताया कि झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्तखोरी और निकम्मेपन को बढ़ावा देने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं की जा रही हैं. लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी अपनी ओर से राजकीय कोष को लुटने और लुटाने को तैयार हैं. टैक्स पेयर और आम जनता की गाढ़ी कमाई से जमा टैक्स का सदुपयोग करने की बजाय रेवड़ियां बांटी जा रही हैं. एक होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा लुटा सकता है. कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लुटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आएंगे. वर्तमान में किन किन योजनाओं की राशि काटी गई है, कौन कौन से विकास कार्य रोके जा रहे हैं, इसे सत्तापक्ष भी बताना नहीं चाह रहा. इसी को लेकर देवी मंडप रोड, रांची में मंच की बैठक हुई जिसमें इस बात पर चर्चा हुई कि रांची शहर राज्य की राजधानी होने पर भी यहां इतनी समस्याएं क्यों हैं. आज तक बेहतर सड़क, 24 घंटे बिजली, शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी राजधानी रांची वंचित है. अव्यवस्थित शहरीकरण से बारिश में पूरा रांची डुबा रहता है. सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को आज तक जनोपयोगी नहीं बनाया गया. एक भी बड़े उद्योग- धंधे स्थापित नहीं हुए. बड़े तामझाम से बाहरी निवेश का दावा हवा हवाई साबित हुआ. ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पलायन हो रहा है. लोग रोजी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाहर निकल रहे हैं. खेतों को सिंचाई के लिए एक योजना धरातल पर नहीं उतरी. महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वावलंबन और आत्म सम्मान से उपार्जन के उपाय करने की बजाय उन्हें मुफ्तखोर की संज्ञा दिलवा कर अपमानित किया जा रहा है.

# मिशन शक्तिः राज्य के नौनिहालों के लिए खोले जाएंगे 1024 क्रेच सेंटर, वर्किंग वीमेन के बच्चों को मिलेंगी डे केयर सेवाएं

**रांचीः** राज्य में बच्चों के लिए डे केयर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की तैयारी जारी है. इसके लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड की ओर से केंद्र सरकार के साथ मिलकर पहल होनी है. इस क्रम में फैसला हुआ है कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए केंद्र के स्तर से संचालित "मिशन शक्ति" के तहत पालना योजना (क्रेच) को धरातल पर उतारा जाए. इसके तहत राज्य भर में 1024 पालना घर स्थापित किए जाएंगे. इनमें राजधानी रांची सहित बोकारो, चतरा, देवघर, धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, पाकुड़, पलामू, रामगढ़, सरायकेला- खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जैसे जिले शामिल हैं. फिलहाल एक प्रयोग के तौर पर गुमला जिले में पहल शुरू की गयी है. पालना घर की स्थापना और संचालन के लिए होने वाले व्यय पर केंद्र एवं राज्य सरकार 60:40 अनुपात (प्रति पालना घर) के साथ भागीदारी निभाएगी. अब ऐसी महिलाओं में पालना घर की स्थापना और संचालन के लिए उत्सुकता दिखाई जा रही है जो कामकाजी हैं. इनमें सचिवालय में काम करने वाली महिलाओं से लेकर मनरेगा में बतौर श्रमिक काम करने वाली महिलाएं भी हैं.

केंद्र और राज्य सरकारों का मानना है कि महिलाओं की शिक्षा और रोजगार पर सरकार की निरंतर पहल के परिणामस्वरूप उनके रोजगार के अवसर बढ़े हैं. अधिक से अधिक महिलाएं अब लाभकारी रोजगार में हैं. बढ़ते औद्योगिकीकरण और शहरी विकास के कारण शहरों की ओर पलायन बढ़ गया है. पिछले कुछ दशकों में एकल परिवारों में तेजी से वृद्धि देखी गयी है. इस प्रकार, ऐसी कामकाजी महिलाओं के बच्चे, जिन्हें पहले काम पर रहने के दौरान परिवारों से समर्थन



मिलता था, अब उन्हें डे केयर सेवाओं की आवश्यकता है जो बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण देखभाल और सुरक्षा प्रदान करती हैं. कभी दादी, नानी और परिवार के अन्य सदस्यों की सुरक्षित गोद में बड़े होते थे, उन्हें अब असुरक्षित और उपेक्षित वातावरण का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में महिलाओं को उनकी अनुपस्थिति में अपने बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान की आवश्यकता होती है. इन मसलों को देखते संगठित और असंगठित, दोनों क्षेत्रों में सभी सामाजिक, आर्थिक समूहों के बीच कामकाजी महिलाओं के लिए डे केयर सेवाओं/ क्रेच की बेहतर गुणवत्ता और पहुंच की तत्काल जरूरत है.

### क्रेच में इनके लिए होंगी सुविधाएं

अमूमन आंगनवाड़ी सेंटर्स के साथ मिलकर ही क्रेच सुविधा छोटे बच्चों के लिए उपलब्ध करायी जानी है. मिशन पोषण 2.0 के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्रों पर क्रेच की सुविधा दी जाएगी. योजना के तहत डे केयर सेंटर्स में नींद की आरामदायक व्यवस्था, 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रारंभिक विकास और 3 से 6 साल के बच्चों के लिए प्री-स्कूल शिक्षा, पूरक पोषण (स्थानीय रूप से प्राप्त किया जाना है), विकास निगरानी (मिशन पोषण 2.0 के साथ) और स्वास्थ्य जांच तथा टीकाकरण प्रदान किया जाना है. क्रेच में बिजली, पंखा, जरूरत के हिसाब से इन्वर्टर या सोलर एनर्जी सिस्टम के साथ ही वाटर फिल्टर या प्यूरीफायर की भी सुविधा होगी. पानी की कमी वाले स्थिति में 300 लीटर क्षमता का एक वाटर टैंक स्थापित किया जाएगा. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित बाल अनुकूल शौचालय उपलब्ध होगा. चूंकि बच्चा क्रेच में 7 घंटे तक या इससे अधिक समय तक रह सकता है, ऐसे में उसके लिए सुबह में नाश्ता, दोपहर में गर्म भोजन और शाम को भी नाश्ता की व्यवस्था होगी. केंद्र में पंजीकृत सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच प्रति तिमाही कम से कम एक बार सरकारी अस्पतालों के पंजीकृत डॉक्टर द्वारा की जाएगी. क्रेच सुविधा 6 महीने से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को प्रदान की जाएगी. आदर्श रूप से क्रेच सुविधा में बच्चों की अधिकतम संख्या 25 रखी जाएगी. क्रेच एक सुरक्षित स्थान पर होगा जो स्वागत योग्य और बच्चों के अनुकूल हो.

## दिखावे और गैर जरूरी खर्च से बचें, बचत पर ध्यान दें

आज के दौर में दिखावे पर खर्च करना निम्न और मध्यम वर्ग में बड़ी तेजी के साथ बढ़ गया है। दिखावे के लिए कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में गैर जरूरी खर्च लोग दिखावे के लिए कर रहे हैं। हवाई जहाज और ट्रेनों में आसानी से टिकट उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। मध्यवर्ग के लोग हैसियत नहीं होने के बाद भी हवाई यात्रा कर रहे हैं। रेलवे में एसी पर यात्रा करना आज-कल दिखावे के रूप में निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में किया जा रहा है। यात्रा के दौरान टिकट से कई गुना ज्यादा पैसा ब्रांडेड सामग्री को खरीदने और खाने-पीने की चीजों में खर्च किया जा रहा है। एयरपोर्ट में कई गुने दामों में बिकने वाले सामान पर काफी पैसा खर्च किया जा रहा है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के बीच में ब्रांडेड महंगी चीजों पर खर्च करना स्टेटस सिंबल बन गया है। वह भी उनके सामने जिन्हें वह जानते भी नहीं हैं। सोचने वाली बात है, कि इस तरह की फिजूलखर्ची के पीछे युवा वर्ग बड़ी तेजी से पैसे खर्च कर रहा है। छोटी-छोटी बचत से बड़ी रकम को बचाया जा सकता है। ऑनलाइन खरीदी की लत युवा वर्ग को बड़ी तेजी के साथ लगती चली जा रही है। मोबाइल फोन पर नई-नई चीज देखकर उन्हें खरीदने की आदत युवा वर्ग में नशे की तरह बढ़ती चली जा रही है। ऑनलाइन खरीदे गए सामान उनके लिए कितने उपयोगी हैं, कितने गैरजरूरी हैं, इसकी समझ भी उन्हें नहीं है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि कर्ज लेकर खर्च करना आज-कल के युवाओं का स्टेटस सिंबल बन गया है।

आज की युवा पीढ़ी यह भूल गई कि उनके अपने परिवार के बुजुर्ग अपने समय में हमेशा जरूरत की चीजों पर ध्यान केंद्रित करते थे। वही चीज खरीदते थे, जो उनके लिए उपयोगी और जरूरी होती थीं। खर्चे में वो कभी कोई कमी नहीं करते थे, लेकिन जरुरत के लिहाज से ही खरीदी होती थी। बगैर जरुरत की चीजों में पैसा नहीं फेंका जाता था। अपनी आय के अनुरूप जरूरी खर्चों के बाद बचत करने पर विशेष रूप से ध्यान देते थे। यही नहीं हमारे बुजुर्ग कभी भी किसी के सामने अपनी आर्थिक स्थिति का भान होने नहीं देते थे। इन सब बातों के विपरीत आज का युवा वर्ग दिखावे की मानसिकता के चलते खर्चों पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। बजाय इसके युवा वर्ग को प्राथमिकता के अनुसार ही खर्च करना चाहिए। दिखावे के लिए ब्रांडेड महंगे प्रोडक्ट्स खरीदने से हमारी सामाजिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आता है। उल्टे आज का युवा वर्ग कर्ज के जाल में फंसता जा रहा है। स्टेटस सिंबल को लेकर वह मानसिक रूप से हमेशा परेशान रहता है। युवाओं में बचत करने की कोई प्रवृत्ति नहीं है। आय और व्यय के बीच में संतुलन नहीं होने से बचत नहीं होती और इस कारण जब आकस्मिक कोई जरुरी खर्च करने की परिस्थिति सामने आती है तब यह युवा वर्ग बहुत परेशान हो जाता है। ऐसे में उसे कुछ सूझता नहीं है और कर्ज पर कर्ज लेकर अपनी जरुरतों को पूरा करने पर विवश हो जाता है। ऐसा करने से उसकी आगे की जिंदगी भी परेशानी में उलझती चली जाती है। नेक सलाह तो यही है कि गैरजरुरी खर्चों से युवा पीढ़ी को बचना चाहिए और बचत की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। युवाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि स्टेटस सिंबल के चक्कर में किए जाने वाले खर्च से चंद मिनट तो सुख मिल सकता है, लेकिन लंबे समय के लिए यह किसी काम का नहीं होता है। इसलिए इससे बचना चाहिए और हर बात को स्टेटस सिंबल से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। युवा मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग को स्टेटस सिंबल को लेकर एक क्षणिक संतोष तो हो सकता है, लेकिन इससे आगे फिर उनको परेशानी और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है। युवाओं के साथ ही निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को यह समझने की जरूरत है।

## मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम

डॉ कलाम साहब को  मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे। एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानी ैस्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, क्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे।उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था।कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए "व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरुआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम. टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ़ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई ऍम कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही।इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई।जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए।

## बेमिसाल शख्सियत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

> "डॉ. कलाम ने सितंबर 1985 में त्रिशूल, फरवरी 1988 में पृथ्वी, मई 1989 में रूस के साथ मिलकर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. कलाम के इस जज्बे को सलाम करते हुए देश उन्हें मिसाइल मैन के नाम से संबोधित करता है। डॉ. कलाम को 1981 में भारत सरकार ने पद्म भूषण, 1990 में पदम् विभूषण और 1997 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। डॉ. कलाम का कहना था कि 'मेरे ख्याल से मेरे वतन के नौजवानों को एक साफ नज़रिए और दिशा की जरूरत है। वो भारत को वैश्विक परिदृश्य में विकसित देशों की श्रेणी में देखना चाहते थे।"

नाज़ परवीन

भारत के कलाम साहब ! जिनकी शख्सियत कमाल की थी। उनका सरल स्वभाव, सादा जीवन और ऊंचे सपने देखने की ललक उन्हें वैश्विक परिदृश्य में एक अलग पहचान देती है। उनका बच्चों के बीच खुलकर विचार-विमर्श करना, उन्हें सपने देखने के लिए प्रेरित करना, उनकी जिज्ञासा को बढ़ने देना ताकि वो कुछ नया सीख पाए। उनके सपनों को पंख देना ताकि वो अपनी उड़ान से भारत को नई बुलंदियों पर ले जाए, उनकी खुली आंखों का सपना था। कलाम साहब की ऐसी असंख्य खूबियां उन्हें बच्चों के पसंदीदा शिक्षक और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनाती है।  भारत की बेमिसाल शख्सियत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का सपना भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध और शक्तिशाली देश बनाने का था। जिसे उन्होंने अपने अंतिम समय तक पूरा करने का प्रयास किया। वो भारत के कलाम थे और पूरा भारत उनमें बसता था। सशक्त भारत का ख़्वाब बदलते भारत की तस्वीर में साफ तौर पे देखा जा सकता है। हम तरक्की के नये पायदानों को पार करते आज ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। हालाँकि बहुत से अपवाद अभी भी हैं और होंगे ही वो स्वाभाविक हैं लेकिन उन अपवादों से इतर कलाम साहब का भारत विश्व के मानचित्र पर अपनी धाक बनाये हुए है।  अब्दुल कलाम जी का जन्म तमिलनाडु में रामेश्वरम के तमिल मुस्लिम परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को हुआ था। डॉ.कलाम का सफर रामेश्वरम से शुरू हुआ और भारत के राष्ट्रपति के पद तक पहुचें लेकिन उनकी पहली पसंद एक टीचर बने रहना ही रही। उन्होंने अपने जीवन को एक बेहतरीन लर्नर के रूप में ढाला। दुनिया के इस बेमिसाल टीचर ने अपने जिंदगी का आखिरी लम्हा 27 जुलाई सन् 2015 को अपने देश की युवा पीढ़ी के सामने ही मुकम्मल किया।

उनके जीवन के वो आखिरी पल जब दुनिया को अलविदा कहने का वक़्त आया, देश की यादगार धरोहर की तरह कैमरे में कैद हो गए। डा. कलाम साहब का सपना था भारत को 2020 तक आत्मनिर्भर भारत के रूप में वैश्विक पहचान बनते हुए देखें भारत की आने वाली नई पीढ़ी को थमा कर चले गए कलाम साहब। कलाम साहब के रहते देश ने एक के बाद एक कई तारीखी इबारतें लिखीं।

सन् 1980 में जब रोहिणी उपग्रह भारत का पहला स्वदेश-निर्मित प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 बना, डा. कलाम साहब बेहद खुश थे। यह देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम था। भारत अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब का सदस्य बन गया। डॉ. कलाम भारत को टेक्नोलॉजी की दुनिया में आत्मनिर्भर बनाने की इबारत लिखने की तैयारियों में जुट गए। डा. कलाम ने स्वदेशी गाइडेड मिसाइल को डिजाइन किया। भारतीय तकनीक से पृथ्वी और अग्नि जैसी मिसाइलों को बनाया। भारत की सरजमीं से बेइन्तेहां मोहब्बत करने वाले भारत के इस होनहार बेटे ने भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई सफल प्रयोग किए। दुनिया जानती है कि डा. कलाम ने शादी नहीं की, उनकी कोई औलाद नहीं थी। लेकिन उनका बच्चों से बेशुमार प्रेम था। एक बार उनसे किसी विदेशी पत्रकार ने ऐसा ही सवाल पूछा, कि आपकी कोई संतान नहीं है, फिर भी आप बच्चों से इतना प्यार करते हैं क्यों?

कलाम साहब मुस्कुराए और बडी शालीनता से बोले, मेरे तीन बच्चे हैं पृथ्वी, अग्नि और ब्रह्मोस। यकीनन् राष्ट्रप्रेम और भारत को दुनिया के मानचित्र में विकसित देशों की श्रेणी में लाने का उनका प्रयास ही उनका वास्तविक प्रेम था। जिसके परिणाम स्वरूप भारत के करोड़ों बच्चों की आज भी कलाम साहब पहली पसंद हैं। लगभग पांच वर्षो के अथक परिश्रम के फलस्वरूप जब 'अग्नि' मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ। तब डॉ. कलाम कहते हैं कि 'अग्नि को इस नजर से मत देखो, ये सिर्फ ऊपर उठने का साधन नहीं है, न शक्ति की नुमाइश है, अग्नि एक लौ है जो हर हिन्दुस्तानी के दिलों में जल रही है। इसे मिसाइल मत समझो! यह कौम के माथे पर चमकता हुआ आग का सुनहरा तिलक है।'

डॉ. कलाम ने एक के बाद एक कई सशक्त सुरक्षा के हथियारों, मिसाइल से लेकर परमाणु परीक्षण तक में, भारत को दुनिया के परमाणु सम्पन्न देशों की श्रेणी में लाने का सफल प्रयास किया। लेकिन उनके स्वाभाव की सौम्यता इन हथियारों को आधुनिक तकनीक के साथ विकास से जोडकर देखती है। भारत हमेशा से शान्तिप्रिय देश है, दुनिया को यह बेहतर तरीके से समझाने का काम किया कलाम साहब ने। डॉ.कलाम ने अपनी बेशकीमती धरोहर के रूप में देश को कई पुस्तकें समर्पित की- इंडिया 2020 ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम, माई जर्नी तथा इग्नाटिड माइंड्स-अनलीशिंग द पॉवर विदिन इंडिया,  विंग्स ऑफ फायर, एनविजनिंग अन एमपावर्ड नेशन : टेक्नालॉजी फार सोसाइटल ट्रांसफारमेशन आदि।

 डॉ. कलाम ने सितंबर 1985 में त्रिशूल, फरवरी 1988 में पृथ्वी, मई 1989 में रूस के साथ मिलकर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. कलाम के इस जज्बे को सलाम करते हुए देश उन्हें मिसाइल मैन के नाम से संबोधित करता है। डॉ. कलाम को 1981 में भारत सरकार ने पद्म भूषण, 1990 में पदम् विभूषण और 1997 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।  डॉ. कलाम का कहना था कि 'मेरे ख्याल से मेरे वतन के नौजवानों को एक साफ नज़रिए और दिशा की जरूरत है। वो भारत को वैश्विक परिदृश्य में विकसित देशों की श्रेणी में देखना चाहते थे। वो कहते थे 'काश! हर हिंदुस्तानी के दिल में जलती हुई लौ को पंख लग जाए और उस लौ की परवाज़ से सारा आसमान रौशन हो जाए।' कलाम साहब की बेमिसाल शख़्सियत भारत के हर नौजवान की वास्तविक धरोहर है, जिसे वो सदियों सहेज के रखने का प्रयास करेगा। हजारों साल नर्गिस अपनी बे -नूरी पे रोती है/बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदा-वर पैदा। मशहूर शायर अल्लामा इकबाल साहब ने ये शेर भले ही किसी खास शख्सियत के लिए लिखा हो लेकिन यदि यह कहें कि मौजूदा दौर में भारत रत्न डॉ. ऐ पी जे कलाम साहब पर सही साबित होता है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## ई वी एम संदिग्धता : या इलाही ये माजरा क्या है ?

> "सवाल यह है कि आज जबकि हरियाणा के साथ साथ जम्मू कश्मीर विधान सभा के भी चुनाव परिणाम आये हैं। और जम्मू कश्मीर में फ़ारूक़ अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जबकि हरियाणा में भाजपा को जीत मिली। ऐसे में यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ई वी एम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों ? पिछले लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश व हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ई वी एम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ई वी एम ठीक थी ?"

तनवीर जाफ़री

हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज़ द्वारा किये गए एक्ज़िट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया बल्कि बड़े बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया।  मज़े की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही  हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गदगद नहीं थी बल्कि स्वयं भाजपा भी यह एहसास था कि किसान आंदोलन,अग्निवीर योजना व पहलवानों जैसे ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है।  इसी संभावना के तहत भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे। इस क़वायद के बावजूद 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गये। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हज़ार से भी कम है।

आठ अक्टूबर को जब सुबह मतगणना शुरू हुई उस समय एग्ज़िट पोल द्वारा घोषित पूर्वानुमानों के अनुरूप ही कांग्रेस की भारी जीत के रुझान सामने आने लगे। बताया गया कि बैलट पेपर की गिनती में कांग्रेस तेज़ी से आगे जा रही थी परन्तु जैसे ही ई वी एम के मतों की गिनती शुरू हुई आंकड़ों ने उसी तेज़ी से करवट लेना शुरू कर दिया। उसी समय पूरे देश के सोशल मीडिया पर यह संदेह ज़ाहिर किया जाने लगा कि क्या भाजपा द्वारा फिर खेला  कर दिया गया ? और शाम होते होते भाजपा राज्य की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 48 पर जीत दर्ज करने व ज़रूरी बहुमत हासिल करने की ओर बढ़ चली। जबकि एक्ज़िट पोल के अनुसार 50 से 65 सीटें जीतने की उम्मीद रखने वाली कांग्रेस को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। इन चुनाव परिणामों ने निश्चित रूप से सभी को हैरान इसलिये भी कर दिया क्योंकि राज्य से भाजपा की हरियाणा में सत्ता से बिदाई की रिपोर्ट्स केवल मीडिया आधारित नहीं थी बल्कि स्वयं अनेक सरकारी एजेंसीज़ ने भी यही फ़ीड बैक दिया था। इसीलिये भाजपा के पक्ष में आये इन अप्रत्याशित परिणामों को लेकर संदेह पैदा होना स्वभाविक भी था। और इसतरह निशाने पर एक बार फिर ई वी एम आ गयी।  कांग्रेस ने सीधा आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कई जगह ई वी एम को हैक किया गया है। यह सवाल भी उठा कि अनेक ई वी एम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95 % तक दिखा रही थी जबकि मतदान के अंतिम समय में प्रायः ई वी एम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60 से 70% के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप है कि जहां जहां ई वी एम में बैटरी कम थी उनमें प्रायः कांग्रेस को बढ़त मिली है। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ई वी एम को बदल दिया गया। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इसतरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज की गई है। सवाल यह है कि जब राहुल गांधी ने 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि राजा की आत्मा ईवीएम में है, उस समय केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि एम के स्टालिन व फ़ारूक़ अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय सभी का ई वी एम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि आज जबकि हरियाणा के साथ साथ जम्मू कश्मीर विधान सभा के भी चुनाव परिणाम आये हैं। और जम्मू कश्मीर में फ़ारूक़ अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जबकि हरियाणा में भाजपा को जीत मिली। ऐसे में यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ई वी एम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों ? पिछले लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश व हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ई वी एम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ई वी एम ठीक थी ?

और इन सबसे बड़ी बात यह कि जब विपक्षी दलों के नेता ई वी एम को ही ग़लत बताते हैं फिर आख़िर अब तक पूरे विपक्ष ने मिलकर ई वी एम के विरुद्ध संयुक्त रूप से कोई बड़ा आंदोलन क्यों नहीं किया ? यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये जा रहे ई वी एम विरोधी आंदोलन का भी किसी राजनैतिक दल ने खुलकर साथ नहीं दिया ? यदि वास्तव में ई वी एम निष्पक्ष चुनाव  प्रभावित करने की क्षमता रखती है तो निश्चित रूप से यह लोकतंत्र के लिये घातक है। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध करना चाहिये। यहाँ तक कि यदि सत्ता पक्ष के भी कई वरिष्ठ नेता,तकनीकी एक्सपर्ट और पूरा विपक्ष ई वी एम से चुनाव नहीं चाहता तो इसके द्वारा होने वाले चुनावों का बहिष्कार तक किया जाना चाहिये। क्योंकि सच तो यह है कि ई वी एम पर शुरुआती संदेह की ऊँगली तो भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी व सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा ही उठाई गयी थी। वैसे भी इसकी संदिग्धता को लेकर इसलिये भी सवाल उठते रहते हैं कि आख़िर दुनिया के अनेक आधुनिक देशों ने इसका प्रचलन अपने देशों में क्यों बंद कर दिया ? और आधुनिक होने के बावजूद ऐसे देशों में आज भी चुनाव बैलट पेपर द्वारा ही क्यों कराये जाते हैं ? ई वी एम की संदिग्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट,पारदर्शी व सर्वस्वीकार्य होनी चाहिये। बेईमानी पर आधारित लोकतंत्र वास्तविक लोकतंत्र का परिचायक नहीं हो सकता।

## हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

सुरेश हिन्दुस्थानी

अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खासी सफलता नहीं मिली। जम्मू कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की प्रत्याशा थी, लेकिन वहां धारा 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिला जुला जनादेश मिला है। वहीं हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह ग़ुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी, लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सत्य है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था। क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को ज़मीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिलकुल दोस्त जैसे ही हैं, लेकिन वे मुंह में राम बगल में छुरी रखकर चलते हैं। जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी।

हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देश भर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे, कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है, लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं।

## नर्मदा और ताप्ती प्रदेश के साथ अन्य प्रदेश को भी संचित कर रही : मुख्यमंत्री यादव

**सूरत, (ईएमएस)**। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की प्रमुख नदियों का प्रदेश में मायका है। नर्मदा और ताप्ती अपने मायके अर्थात मध्यप्रदेश को आनंदित और प्रफुल्लित करती ही है, साथ ही वे गुजरात को भी धन-धान्य से परिपूर्ण कर रही है। सोन नदी का उद्गम अमरकंटक से है, जो बिहार में गंगा से मिलती हैं और गंगा की धारा को समृद्ध करती है। मध्यप्रदेश से निकलने वाली चंबल नदी राजस्थान को जीवन प्रदान करती है यह नदियां मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी हैं। उन्होंने कहा कि जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम के मकसद की प्राप्ति के लिए प्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि पानी के लिए गुजरात में समस्या रहती है और उनकी सहायता करना हम सब का कर्तव्य है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम की पहल की थी। इसी कड़ी में सूरत में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, वरिष्ठ जन-प्रतिनिधि, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय तथा राज्यों के अधिकारी उपस्थित थे। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि महादेव ने गंगा को जटाओं में धारण कर और भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत धारण कर जल संरक्षण के महत्व को दिखाता।

## धर्मा प्रोडक्शन्स में हिस्सेदारी खरीद सकती है रिलायंसःइसमें करण जौहर की 90.7% और उनकी मां की 9.24% हिस्सेदारी

**मुंबईः** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज बॉलीवुड फिल्म डॉयरेक्टर करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन्स में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। इस डील से तेल से लेकर टेलीकम्युनिकेशन तक के बिजनेस से जुड़ी कंपनी की भारतीय कंटेंट प्रोडक्शन इंडस्ट्री में स्थिति मजबूत होगी। इस डील के जरिए रिलायंस धर्मा प्रोडक्शन्स में कितनी हिस्सेदारी कितने में खरीद सकती है, इसके बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, करण जौहर पिछले कुछ समय से धर्मा प्रोडक्शन्स की कुछ हिस्सेदारी बेचना चाहते हैं, लेकिन वैल्यूएशन को लेकर असहमति के कारण पिछली कुछ डील फाइनल नहीं हो पाई हैं। धर्मा में करण जौहर की 90.7% और उनकी मां हीरू की 9.24% हिस्सेदारी है। इस प्रोडक्शन ने कई पॉपुलर बॉलीवुड फर्म को तैयार किया है। धर्मा प्रोडक्शंस की रणनीतिक पार्टनरशिप इस बात को दिखाती कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सामने व्यापक वित्तीय चुनौतियां हैं, जिसमें बढ़ती उत्पादन लागत, थिएटर की उपस्थिति में गिरावट और ओवर-द-टॉप प्लेटफार्मों की बढ़ती लोकप्रियता के कारण उपभोक्ता की पसंद में बदलाव शामिल है। संभावित हिस्सेदारी खरीद से रिलायंस के कंटेंट प्रोडक्शन पोर्टफोलियो को बढ़ावा मिलेगा, जिसमें वर्तमान में जियो स्टूडियो, वायकॉम 18 स्टूडियो, कोलोसियम मीडिया और बालाजी में कुछ हिस्सेदारी शामिल है। जियो स्टूडियो ने वित्त वर्ष 24 में बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपए कमाए। हालांकि, धर्मा प्रोडक्शन्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर इस तरह की किसी भी डील के बारे में ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है।

## डंपर और ट्राला के बीच फंसी कार...... उड़े परखच्चे, पांच लोगों की मौत

**कानपुर (ईएमएस)**। उत्तर प्रदेश के कानपुर में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पर सुबह एक तेज रफ्तार डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे डंपर के पीछे चल रही कार डंपर से जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दो ट्रकों के बीच कार के एक्सीडेंट में परखच्चे उड़े गए। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची औरन मृतकों को कार से निकलकर अस्पताल को भेज दिया। मृतकों में चार लोग पीएसआइटी के छात्र हैं, जिसमें दो छात्राएं भी शामिल हैं। मृतकों में प्रतीक सिंह, गरिमा, सतीश, आयुषी व चालक विजय साहू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मृतकों में चालक विजय साहू भी शामिल है।

## मैं अब कभी रतन टाटा को फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाऊंगाः शांतनु

नई दिल्ली, (ईएमएस)। उद्योगपति रतन टाटा के निधन के बाद उनके भरोसेमंद सहयोगी शांतनु नायडू ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी है, उन्होंने लिखा कि उनके लिए यह स्वीकार करना मुश्किल हो रहा है कि वे रतन टाटा को फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाएंगे। रतन टाटा का बुधवार देर रात अस्पताल में निधन हो गया था। उनके निधन से पूरा देश स्तब्ध और दुखी है। शांतनु नायडू रतन टाटा के सबसे करीबी दोस्त रहे हैं। साथ ही वह टाटा ट्रस्ट के सबसे युवा मैनेजर भी हैं। शांतनु 2014 में पहली बार रतन टाटा से मिले, उन लोगों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने पिछले तीन दिनों में उन्हें शोक संदेश भेजे थे। इंस्टाग्राम पोस्ट में मुंबई के एक पुलिसकर्मी को आंसू भरी आंखों वाले शांतनु को थपथपाते और सांत्वना देते हुए देखा जा सकता है। शांतनु ने पोस्ट में लिखा है-आखिरकार बैठकर चीजों को महसूस करने का मौका मिल रहा है। अभी भी इस बात को स्वीकार करने की कोशिश कर रहा हूं कि मैं उन्हें फिर कभी मुस्कुराते हुए नहीं देख पाऊंगा या उन्हें मुस्कुराने का मौका नहीं दे पाऊंगा। शांतनु ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- पिछले तीन दिनों में, देशभर से अजनबियों ने ढेरों संदेश भेजे हैं। इन्हें पढ़कर ऐसा लग रहा है, जैसे आप और मैं सालों से परिवार हैं।

## बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ कराने वाला भारतीय एजेंट पकड़ाया, पूछताछ जारी

नई दिल्ली, (ईएमएस)। बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ कराने वाले रैकेट का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल में रहने वाले भारत की तरफ के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। इससे पूछताछ में इस रैकेट के सरगना के बारे में जानकारी लगी है, जो बांग्लादेश के श्याम नगर में बैठकर रैकेट चला रहा है। आरोपी ने बताया है कि वह कुछ ही समय में 100 से ज्यादा बांग्लादेशियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करा चुका है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरफ्तार आरोपी को अन्य एजेंसियों के सुपुर्द कर दिया है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो घुसपैठ कराई गई है क्या उसमें किसी आतंकवादी और असामाजिक तत्व भी शामिल हैं? या फिर सामान्य बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। जो बांग्लादेश छोड़कर भारत में गुजर-बसर करने के इरादे से लाए गए हैं। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि इस बारे में खुफिया इनपुट मिला था। जिस पर काम करते हुए दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 118 बटालियन के जवानों ने पकड़ा। आरोपी को 13 अक्टूबर की तड़के करीब 3:30 बजे इंटरनेशनल बॉर्डर के पास घात लगाकर पकड़ा था।

# बहराइच में दूसरे दिन हिंसा, इंटरनेट बंदःभीड़ ने अस्पताल-गाड़ियों के शोरूम जलाए; कल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में फायरिंग से एक की मौत

**बहराइचः** उत्तर प्रदेश के बहराइच में हालात बेकाबू हो गए हैं। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ को देखकर पुलिस को पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलाई गई है। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। लखनऊ से एसटीएफ चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर भी बहराइच पहुंच गए हैं। उन्होंने आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर दौड़ा लिया।

रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दूसरे समुदाय के साथ विवाद हो गया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। इसमें 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह शव घर पहुंचा तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने शव को लेकर करीब 5 किमी तक यात्रा निकाली। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव को घर ले गया, लेकिन लोग वहां से नहीं हटे। भीड़ ने आगजनी शुरू कर दी।



बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समुदाय से लोग आएं, बैठकर बात करें, तभी समाधान निकलेगा।

### गोली लगने से घायल दूसरा युवक लखनऊ रेफर

हिंसा में घायल दूसरे युवक राजन की हालत गंभीर है। उसको बहराइच से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। राजन वही शख्स है, जो सबसे पहले हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्रा को बचाने के लिए पहुंचा था। हिंसा में मारे गए राम गोपाल मिश्रा का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही। सरकार ने 6 जिलों से पीएसी को बहराइच भेजा है। पूरे इलाके को छावनी बनाया गया है।

### बहराइच हिंसा पर प्रियंका गांधी बोलीं- सरकार तुरंत एक्शन ले

प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार से मांग की है कि हिंसा जल्द रोकी जाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा- योगी को इस्तीफा देकर मठ जाना चाहिए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने घटना को दुखद बताया है। सपा नेता एसटी हसन ने सरकार से मांग की है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। वहीं, भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा- ये दुखद है कि दुर्गा पूजा विसर्जन पर लगातार पथराव हो रहा है।

### सीएम योगी कर रहे मामले की निगरानी

गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि बहराइच में पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात है। गृह सचिव को भी मौके के लिए रवाना किया गया है। मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी खुद पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं।

अखिलेश ने कहा-जो हुआ वह दुखद हुआ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- बहराइच को लेकर सबसे पहले मेरी अपील है कि जो जो पक्ष उसमें है सभी कानून व्यवस्था बनी रहे इस दिशा में काम करें, जो घटना हुई वो दुःखद है।

### हैदराबाद में मंदिर में तोड़फोड़, बंगाल में दुर्गा मूर्ति जलाई, कर्नाटक में दो समूहों के बीच झड़प

देश के 5 राज्यों तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, यूपी और झारखंड में धार्मिक विवाद हुआ है। तेलंगाना में हैदराबाद के मुथ्यलम्मा मंदिर में सोमवार सुबह देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। यहां सुबह विरोध प्रदर्शन हुए। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी भी मंदिर पहुंचे। उधर पश्चिम बंगाल में रविवार रात एक विशेष समुदाय के लोगों ने हावड़ा जिले के श्यामपुर इलाके में दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़ की। बीजेपी का दावा है कि, अराजक तत्वों ने दुर्गा मां की मूर्ति में भी आग लगाई। कर्नाटक के बेलगावी जिले के सोलापुर गांव में रविवार रात दुर्गा देवी की मूर्ति के अपमान के बाद दो समूहों के बीच झड़प हो गई। तीन लोग घायल हुए। दो बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। यूपी के बहराइच में दुर्गा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। हैदराबाद में पासपोर्ट कार्यालय के पास कुर्मागुडा में मुथ्यलम्मा मंदिर में देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। इसके बाद सुबह से ही विरोध प्रदर्शन जारी है। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा- 14 अक्टूबर सुबह मुस्लिम समुदाय का एक व्यक्ति मंदिर में घुस गया और माता की मूर्ति तोड़ दी। यह शर्मनाक है।

## हरियाणा में शाह को ऑब्जर्वर बनाने की 3 वजहः नायब सीएम चेहरा पर विज की भी दावेदारी, अहीरवाल बेल्ट ने की सीएम पद की डिमांड

**हरियाणाः** हरियाणा में भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। चुनाव नायब सिंह सैनी के चेहरे पर लड़ा गया और अब उनका सीएम बनाना लगभग तय है। इसके बावजूद गृह मंत्री अमित शाह को ऑब्जर्वर के तौर पर हरियाणा भेजकर भाजपा ने चर्चाओं को हवा दे दी है। उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी भेजा गया है। यह कदम इसलिए क्योंकि शाह ने ही चुनाव से पहले पंचकूला में मंच से कहा था कि ये इलेक्शन नायब सैनी की अगुआई में लड़ा जाएगा। 17 अक्टूबर के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले 16 अक्टूबर को शाह को हरियाणा भेजने की वजह हैं।

### शाह को ऑब्जर्वर बनाने की 3 वजह...

**1. अनिल विज की सीएम पद की दावेदारी**

विधायक दल की मीटिंग में नायब सैनी के दोबारा सीएम बनने में कोई पेंच है तो



वह अंबाला कैंट से 7वीं बार विधायक बने अनिल विज हैं। विज चुनाव प्रचार के दौरान दावा ठोक चुके हैं कि वह सीनियर हैं। इस आधार पर वे इस बार मुख्यमंत्री पद का दावा करेंगे। विधायक दल की मीटिंग में विज अगर सैनी के नाम के खिलाफ हुए तो फिर शाह को उन्हें संभालना होगा। इससे पहले भी जब मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया तो विज मीटिंग छोड़कर चले गए थे। भाजपा के सूत्रों की मानें तो फिलहाल सैनी को सीएम ना बनाने की कोई वजह नजर नहीं आती, लेकिन भाजपा 2014 में मनोहर लाल खट्टर को लाकर चौंका चुकी है।

**2. अहीरवाल बेल्ट के विधायकों का रुख**

सीएम चेहरे को लेकर दूसरा मुद्दा अहीरवाल बेल्ट का है। यहां से इस बार भाजपा ने 11 में से 10 सीटें जीती हैं। अहीरवाल बेल्ट से लगातार मांग उठ रही है कि वहां से सीएम चेहरा होना चाहिए। इसकी वजह ये भी है कि 2014 में भाजपा यहां से सारी 11 सीटें जीती तो 47 सीटों के साथ बहुमत आया था। 2019 में भाजपा यहां से 8 सीटें जीती तो 46 के बहुमत से कम 40 पर रह गई। यही वजह है कि केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत कह चुके हैं कि उन्होंने अपना काम कर दिया, अब पार्टी को ध्यान देना चाहिए। शाह की मौजूदगी के जरिए यह देखा जा सकता है कि सैनी सीएम बने तो फिर वहां के विधायकों का क्या रुख रहता है।

**3. मंत्री पद की दावेदारी**

भाजपा बहुमत पार जरूर आई है, लेकिन इस बार मंत्रिमंडल में कौन-कौन होगा, इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। खासकर चुनाव में आरएसएस के इन्वॉल्वमेंट और उनसे जुड़े कुछ चेहरों के विधायक चुने जाने के बाद उनका भी नंबर आ सकता है। कुछ ऐसे विधायक भी हैं, जिनकी पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर से नाराजगी रही। राव इंद्रजीत भी अहीरवाल बेल्ट से 2 से 3 मंत्री पद की मांग कर रहे हैं। ऐसे में योग्य व्यक्ति मंत्री पद से न चूके और इसके विरोध में किसी तरह की बड़ी कॉन्ट्रोवर्सी न हो, इसे शाह मैनेज करेंगे।

### अमित शाह को ऑब्जर्वर बनाने पर नायब सैनी ने कहा-

16 तारीख को हमारे ऑब्जर्वर अमित शाह और मोहन यादव आएंगे। हमारे सभी विधायकों की उनके साथ मीटिंग होगी। इसके बाद 17 तारीख को शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## महाराष्ट्र विस चुनाव से पहले टोल मुफ्त हुए मुंबई आने वाले हल्के वाहन

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य मंत्रिमंडल ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया। यह फैसला आज सोमवार की रात से लागू होगा। इस हर दिन मुंबई आने वाले करीब 2.80 हजार हल्के वाहनों को फायदा होगा यानी इन्हे अब मुंबई आने जाने पर कोई टोल नहीं देना पड़ेगा । सोमवार को राज्य मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई । विधानसभा चुनाव के ऐलान के पहले आखिरी मंत्रिमंडल की मानी जा रही बैठक में कई फैसले लिए गए जिसमें सोमवार रात 12 बजे के बाद वाशी, ऐरोली, मुलुंड, दहिसर और आनंदनगर टोल पर हल्की गाड़ियों से टोल नहीं लिये जाने का फैसला सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हल्के वाहनों में कार, टैक्सी, जीप, वैन, छोटे ट्रक, डिलीवरी वैन आदि आते हैं । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि टोल शुल्क सोमवार मध्यरात्रि से समाप्त किया जाएगा।

महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मुंबई में प्रवेश के समय दहिसर टोल, आनंद नगर टोल, वैशाली, ऐरोली और



मुलुंड समेत 5 टोल प्लाजा थे। इन टोल पर 45 रुपये और 75 रुपये वसूले जाते थे, ये 2026 तक लागू था । करीब 3.5 लाख वाहन हर दिन आते-जाते है। इनमें करीब 70 हजार भारी वाहन और 2.80 लाख हल्के वाहन रहते हैं। आज सरकार ने रात 12 बजे के बाद हल्के वाहनों को टोल से छूट देने का फैसला किया है । इससे लोगों का जो समय कतारों में लगकर बर्बाद होता था, वो बचेगा । सरकार कई महीनों से इस पर चर्चा कर रही थी और आज ये क्रांतिकारी फैसला लिया गया है । महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने मुंबई में 55 फ्लाईओवर बनाए। इन पुलों की लागत वसूलने के लिए सबसे पहले मुंबई के प्रवेश द्वारों पर टोल बूथ बनाए गए। जैसे ही पुलों का निर्माण जैसे ही अंतिम चरण में पहुंचा तो टोल बूथों के निर्माण के लिए वर्ष 1999 में एक निविदा जारी की गई। वर्ष 2002 में सभी पांच टोल बूथ चालू हो गए।

## कोरोना वैक्सीन के साइड-इफेक्ट के आरोप वाली याचिका खारिजः सुप्रीम कोर्ट बोला- सोचिए वैक्सीन नहीं लेते तो क्या होता

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन के कारण ब्लड क्लोटिंग जैसे साइड-इफेक्ट का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी।




बेंच ने कहा, 'क्लास एक्शन सूट दायर करें! इसका क्या फायदा है? कृपया यह भी समझें कि अगर आपने वैक्सीन नहीं ली तो क्या साइड-इफेक्ट होंगे। हम इस मुद्दे को उठाना नहीं चाहते, यह सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए है।' यह याचिका प्रिया मिश्रा और अन्य याचिकाकर्ताओं ने दायर की थी। ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल में कोर्ट में माना था कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि, ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है।

ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से एक रिपोर्ट लिखी। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं।

इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। स्टडी में 4.6% किशोरियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं (अनियमित पीरियड्स) देखी गईं। प्रतिभागियों में आंखों से जुड़ी असामान्यताएं (2.7%) और हाइपोथायरायडिज्म (0.6%) भी देखा गया। वहीं, 0.3% प्रतिभागियों में स्ट्रोक और 0.1% प्रतिभागियों में गुलियन बेरी सिंड्रोम की पहचान भी हुई।

## गुजरात से 5 हजार करोड़ की 518 किलो कोकीन जब्तः 5 गिरफ्तार

**गांधीनगर/नई दिल्लीः** गुजरात के अंकलेश्वर के अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के गोडाउन से रविवार रात 518 किलो कोकीन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5000 करोड़ रुपए है। दिल्ली-गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कोकीन उसी इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ी है, जिसकी 2 बड़ी खेप दिल्ली से 2 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान पकड़ाई थीं। पुलिस ने बताया कि अब तक इस सिंडिकेट की कुल 1289 किलो ड्रग्स जब्त की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 13 हजार करोड़ रुपए है। इस सिंडिकेट से जुड़े कुल 12 लोग अब तब गिरफ्तार हो चुकी है, जिनमें से 7 को दिल्ली की पिछली 2 रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था। दुबई से ऑपरेट हो रहे इस सिंडिकेट के मास्टरमाइंड की पहचान विरेंदर बसोया के रूप में हुई है। इसके दुबई में कई बिजनेस हैं। पुलिस ने बसोया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। पीटीआई के सूत्रों के मुताबिक पूरे देश में आज तक कभी इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन नहीं जब्त की गई है। पिछले 12 दिनों की ये 3 रेड अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है।

## 3 फ्लाइट-एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकीःएअर इंडिया की उड़ान दिल्ली डायवर्ट, इंडिगो के 2 विमान की भी जांच

**मुंबईः** मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइट में सोमवार (14 अक्टूबर) को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की 6E-1275 है, यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट इंडिगो की 6E 56 है। यह मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। इन दोनों विमानों को आइसोलेशन बे में रखकर जांच की जा रही है। सभी पैसेंजर्स को फिलहाल विमान से उतार दिया गया है। इधर, मुंबई-हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। पिछले 5 दिनों में फ्लाइट में बम की धमकी का यह दूसरा मामला है। 9 अक्टूबर को लंदन से दिल्ली आ रही विस्तारा की फ्लाइट UK18 में बम की सूचना थी। फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने से करीब साढ़े 3 घंटे पहले एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में धमकी भरा टिश्यू पेपर देखा। उसने क्रू मेंबर को सूचना दी। फ्लाइट में करीब 300 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। जांच के चलते पैसेंजर्स करीब 5 घंटे एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे।

कोलकाता जा रहे एअर इंडिया के विमान को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा। सुबह फ्लाइट नंबर AI 100 में उड़ान भरने के तुरंत बाद समस्या का पता लगते ही इमरजेंसी लैंडिंग की घोषणा की गई।

# जम्मू-कश्मीर से 6 साल बाद राष्ट्रपति शासन हटाःभाजपा-पीडीपी गठबंधन टूटने के बाद लगाया गया था; उमर अब्दुल्ला बडगाम सीट छोड़ेंगे

**श्रीनगर/नई दिल्लीः** जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन से पहले राष्ट्रपति शासन हटाने का आदेश रविवार देर रात जारी किया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नए मुख्यमंत्री की शपथ के तुरंत पहले राष्ट्रपति शासन खत्म करने का आदेश जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में पिछले विधानसभा चुनाव 10 साल पहले 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद भाजपा-पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में भाजपा के समर्थन वापस लेने के बाद सरकार गिर गई थी और महबूबा मुफ्ती ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से जम्मू-कश्मीर में केंद्र का शासन था। 2024 विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42, उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने 6 और सीपीआई (एम) ने एक सीट जीती थी। रिजल्ट के बाद एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि उमर सीएम बनेंगे। उमर को 10 अक्टूबर को



हुई बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया था। उमर ने 11 अक्टूबर को राजभवन जाकर एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम दो सीटों से चुनाव जीते हैं। वह गांदरबल सीट बरकरार रख सकते हैं। कुपवाड़ा से चुनाव हारने वाले नासिर असलम वानी बडगाम सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

### 2018 से अब तक राष्ट्रपति शासन क्यों.... 3 पॉइंट

**जून 2018 में राज्यपाल शासनः** महबूबा मुफ्ती की सरकार गिरने के बाद राज्य संविधान की धारा 92 के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में छह महीने के लिए राज्यपाल शासन लगाया गया था, क्योंकि तब वहां आर्टिकल 370 नहीं हटा था। राज्यपाल शासन की 6 महीने की अवधि खत्म होने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन लगाया था, जिसे बाद में और आगे बढ़ाया गया।

**370 हटने के बाद फिर राष्ट्रपति शासनः** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन 31 अक्टूबर, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35A को निरस्त करने और क्षेत्र को दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित करने के बाद लगाया गया था। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 73 के तहत राष्ट्रपति शासन का आदेश जारी किया था।

**नई सरकार से पहले राष्ट्रपति शासन हटना जरूरीः** नई सरकार के कार्यभार संभालने के लिए विधानसभा के कामकाज से जुड़े प्रावधानों को बहाल करना जरूरी है। राष्ट्रपति शासन के रहते हुए यह नहीं हो सकता। इसके अलावा निर्वाचित सरकार को शपथ लेने की अनुमति देने के लिए भी राष्ट्रपति शासन की घोषणा को रद्द करना जरूरी है। एनसी के पास अकेले ही 47 विधायकों का समर्थन चुनाव में जीते 7 निर्दलीय विधायकों में से 4 ने 10 अक्टूबर को एनसी को समर्थन देने का ऐलान किया था। ये चार निर्दलीय- इंदरवल से प्यारे लाल शर्मा, छम्ब से सतीश शर्मा, सूरनकोट से मोहम्मद अकरम और बनी सीट से डॉ रामेश्वर सिंह हैं। इसके बाद उमर ने कहा था- अब हमारी संख्या बढ़कर 46 हो गई है। वहीं, एक दिन बाद 11 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी ने एनसी को समर्थन दिया था। मेहराज मलिक डोडा सीट से पार्टी के एक मात्र विधायक चुने गए हैं।

# भारत ने कनाडाई राजदूत को तलब किया: ट्रूडो सरकार ने भारतीय हाई-कमिश्नर को संदिग्ध बताया था; निज्जर हत्या के बाद दोनों देशों में गहराया विवाद

नई दिल्ली : भारत सरकार ने कनाडाई राजदूत को समन भेजकर तलब किया है। दरअसल कनाडा की सरकार ने रविवार को भारत को मैसेज भेजा था कि इंडियन एंबेसडर संजय कुमार वर्मा और कुछ राजनयिक एक मामले की जांच में संदिग्ध हैं। अभी यह साफ नहीं है कि वे किस मामले में संदिग्ध हैं, लेकिन इसे निज्जर की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को सिरे से खारिज करती है और इनके पीछे ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को वजह मानती है, जो कि वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे। हालांकि, कनाडा सरकार ने कई बार कहने के बावजूद भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। यह नया आरोप भी ऐसे ही लगाया गया है।




विदेश मंत्रालय ने कहा कि ट्रूडो सरकार लंबे समय से ऐसा करती आ रही है। उनकी कैबिनेट में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो भारत के खिलाफ चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से जुड़े हुए हैं।

प्रधानमंत्री ट्रूडो ने निज्जर की हत्या का भारत पर लगाया था आरोप 18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था।

इसके बाद 3 मई को निज्जर की हत्या के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ये तीनों आरोपी भारतीय हैं। कनाडाई पुलिस ने कहा कि इन पर पुलिस कई महीनों से नजर रखे हुई थी। उन्हें यकीन है कि इन्हें भारत ने निज्जर को मारने का काम सौंपा था। तब भारत ने इस मामले पर कहा था कि यह कनाडा का आंतरिक मामला है।

PM ट्रूडो ने पीएम मोदी से मुलाकात का दावा किया कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा था कि उन्होंने लाओस में ईस्ट एशिया समिट के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ट्रूडो ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान जरूरी मुद्दों पर काम करने को लेकर बातचीत हुई। लाओस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए ट्रूडो ने कहा कि "मैंने इस बात पर जोर दिया कि हमें कुछ काम करना है।'' ट्रूडो ने बातचीत के बारे में अधिक जानकारी देने से मना कर दिया था।

हालांकि इंडियन मीडिया हाउस NDTV के मुताबिक विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने इस मुलाकात का खंडन किया था और कहा था कि दोनों नेताओं के बीच इस तरह की कोई मुलाकात नहीं हुई।



टेक्सास में अंतरिक्ष की स्टार शिप अपनी पांचवीं फलाइट टेस्ट में निकली।

## श्रीलंका में भारी बारिश......तीन लोगों की मौत

कोलंबो (ईएमएस)। भारत के पड़ोसी मुल्क श्रीलंका में भारी बारिश के कारण लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि मौसम की खराब स्थिति के कारण सोमवार सुबह तक तीन लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, डीएमसी ने बताया कि देश में सात अक्टूबर से भारी बारिश शुरू हुई और सोमवार सुबह तक देश भर के 12 जिलों में बारिश से उत्पन्न आपदाओं के कारण 34,492 परिवारों के 134,484 लोग विस्थापित हुए हैं। श्रीलंकाई सिंचाई विभाग ने पांच मुख्य नदियों के सात स्थानों पर बाढ़ की चेतावनी दी है। श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, साबरागमुवा, उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी प्रांतों तथा गाले और मतारा जिलों में कुछ स्थानों पर 100 मिमी से अधिक भारी बारिश होने की संभावना जाहिर की गई है। इसके पहले खबर थी कि श्रीलंका में बारिश से जुड़ी घटनाओं से 22 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया था कि सात अक्टूबर से शनिवार सुबह तक देश के 11 जिलों में 5 हजार 348 परिवारों के 22 हजार 64 लोग विस्थापित हो चुके हैं। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार, पानी से भरे धान के खेत में एक व्यक्ति डूब गए। बता दें कि इसी साल जून में श्रीलंका में बाढ़ और बारिश से संबंधी घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी और छह अन्य लापता बताए हो गए थे। भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से स्कूल भी बंद कर दिए गए थे। श्रीलंका में भारी बारिश से कई इलाकों में बाढ़ आ गई। सोमवार को राजधानी कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के मुताबिक सप्ताह भर में हुई भारी बारिश ने देश के कई इलाकों में तबाही मचा दी है। यहां घर, खेत और सड़कों पर पानी भर गया है। बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि करीब एक लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

## नेतन्याहू ने यूएन महासचिव से कहा- संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल तुरंत हटाए

येरुशलम,(ईएमएस)। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से अनुरोध किया है कि वे लेबनान के दक्षिणी इलाके में तैनात संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) को खतरे से बाहर निकालें। यह बयान उन्होंने हाल ही में एक वीडियो जारी कर कहा है। नेतन्याहू ने कहा कि वह यूएन महासचिव से अनुरोध करते हैं हिजबुल्लाह के मजबूत ठिकानों और लड़ाई वाले इलाकों से यूनिफिल को हटाना अब जरूरी है। नेतन्याहू ने इस पैगाम को अंग्रेजी में भी दोहराया, महाशय महासचिव, यूनिफिल बलों को खतरे से बाहर निकालिए, यह तुरंत किया जाना चाहिए। हाल ही में दो घटनाओं में, इजराइली रक्षा बलों की गोलाबारी में यूनिफिल के दो शांति रक्षक घायल हो गए थे। इसके अलावा, इजराइल के बुलडोजर ने यूएन की स्थिति के पास बैरियर को गिरा दिया था। नेतन्याहू ने कहा कि शांति रक्षकों को उनके ठिकाने पर रखना हिजबुल्लाह के लिए मानव ढाल का काम करता है। उन्होंने बताया कि इसके कारण शांति रक्षकों और इजराइली सैनिकों दोनों के लिए खतरा बढ़ गया है।

अमेरिका और यूरोपीय देशों ने इजराइल से अपील की है कि शांति रक्षकों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं, हालांकि नेतन्याहू ने कहा कि यूरोपीय नेता गलत दबाव डाल रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि उनका ध्यान हिजबुल्लाह पर होना चाहिए, जो शांति रक्षकों का इस्तेमाल मानव ढाल के रूप में करता है। आयरलैंड के रक्षा बलों के प्रमुख जनरल ने कहा था कि पर्यवेक्षक टॉवर पर टैंक की गोलाबारी जानबूझकर की गई थी। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद छोटे लक्ष्य पर प्रत्यक्ष गोलाबारी थी, जिसे संयोग नहीं माना जा सकता।

इजराइल और यूएन महासचिव गुटेरेस के बीच तनाव 7 अक्टूबर के बाद से और बढ़ गया है। इजरायल के विदेश मंत्री ने हाल ही में गुटेरेस को प्रति-अवांछनीय व्यक्ति बताया था और उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोकने का ऐलान किया था। एक पोल के मुताबिक 87 फीसदी इजराइली जनता इस फैसले का समर्थन करती है।




मैड्रिड में घर के किराये कम करने की मांग करते हुए लोग।

## पाकिस्तान खुद अपनी आग में जलने को मजबूर, खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में हमले और मौतों का सिलसिला जारी

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान इन दिनों अपनी ही सुलगाई आग में झुलसता नजर आ रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर घाटी में जो काम किया अब उसका खामियाजा उसे अपने ही खास प्रांत खैबर पख्तूनख्वाह में देखने को मिल रहा है। इसके चलते पाकिस्तान में बीते दिनों दो आदिवासी गुटों में आपसी भिड़ंत हुई, जिसमें करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। यह मामला खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत के कुर्रम जिले से संबद्ध बताया गया है। पाकिस्तान से मिली जानकारी अनुसार इस आपसी भिड़ंत में जहां करीब 11 लोगों की मौत हो गई है तो वहीं 8 लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। घायलों का इलाज करीब के अस्पताल में हो रहा है। वैसे तो इस बड़े विवाद की वजह फिलहाल नहीं मालूम चली है, लेकिन समझा यही जा रहा है कि जिस तरह से पाकिस्तान ने पड़ोसी देशों को अस्थिर करने के लिए प्रोपेगंडा रचा और आतंकवादियों का सहारा लिया अब वो उन्हीं से दो-चार हो रहा है।

यहां कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर जाविदुल्लाह महसूद के हवाले से बताया गया कि पाकिस्तान और अफगान सीमा के पास कुंज अलिजाई पहाड़ों के नजदीक गोलीबारी में दो लोग घायल हो गए। इसके बाद से ही इलाके में तनाव देखा जा रहा था। इसके बाद ही मामला बढ़ा और कुछ गाड़ियों को रोक कर उन पर हमला कर दिया गया। क्षेत्र में पुलिस बल लगाया गया है, जो लगातार स्थिति को सामान्य करने की कोशिश में लगा हुआ है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता और नेताओं ने भी शांति बनाए रखने की अपील की है।

पूर्व सांसद और ट्राइबल काउंसिल के सदस्य पीर हैदर अली शाह का इस मामले में कहना था कि दोनो ही पक्षों के बीच समझौता करवाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने गोलीबारी की घटनाओं पर दुख भी व्यक्त किया है।



गाजा में इजरायली हमले के बाद एक जगह लगी आग बुझाने का प्रयास करते हुए लोग।

## इजराइली सेना ने स्कूल पर बरसाए बम, बच्चों समेत 20 की मौत

गाजा,(ईएमएस)। इजराइल सेना मध्य गाजा में एक स्कूल पर हवाई हमला किया जिसमें कई बच्चों समेत कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी स्थानीय अस्पताल ने दी। मध्य गाजा के नुसरत में रविवार रात हुए इस हमले में दो महिलाओं की मौत हो गईं। गाजा में साल भर से जारी युद्ध के बीच कई लोगों को विभिन्न स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। इस स्कूल में कुछ फलस्तीनी नागरिकों ने शरण ली हुई थी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजराइल की बमबारी और गाजा पर आक्रमण में अब तक 42 हजार से ज्यादा बेगुनाज फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं।

## पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने भांजी लाठियां, एक मौत, कई घायल

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक धार्मिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को नागरिक एवं मानवाधिकार प्रदर्शनकारियों के बीच विवाद को रोकने के लिए पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। सिंध रवादारी मार्च (एसआरएम) के प्रदर्शनकारी ईशनिंदा के संदिग्ध शाहनवाज कुनभर की हत्या और ''सिंध में चरमपंथ'' के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए थे। उसी समय धार्मिक-राजनीतिक पार्टी 'तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान' (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं ने केपीसी में घुसने की कोशिश की। पुलिस और अर्धसैनिक रेंजर ने टीएलपी प्रदर्शनकारियों को रोका और उनकी एसआरएम के प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प हो गई। सोशल मीडिया पर जारी फुटेज में पुलिस केपीसी के बाहर महिलाओं और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करते दिख रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पानी की बौछारें किए जाने और आंसू गैस के गोले छोड़ने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई.

# उत्तर कोरिया विभिन्न देशों को जोड़ने वाली सड़कों को उड़ाने की कर रहा कोशिश !

### दक्षिण कोरिया का दावा, हमें उकसाया तो आत्मरक्षा के लिए करेंगे कार्रवाई

सियोल,(ईएमएस)। दक्षिण कोरिया की सेना का दावा है कि कुछ दिनों पहले प्योंगयांग ने सभी अंतर-कोरियाई सड़कों और रेलमार्गों को काटने की कसम खाई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) ने उन उपायों पर बात की थी जो उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया से पूरी तरह से अलग कर देगा और कहा था कि उसने दक्षिण में अमेरिकी सेना को टेलीफोन संदेश भेजा है जिसमें किलेबंदी परियोजना पर किसी भी गलत फैसले और आकस्मिक संघर्ष को रोकने की बात कही है।

संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि 9 अक्टूबर को केपीए द्वारा की गई घोषणा के बाद, उत्तर कोरियाई सेना ऐसी गतिविधियां कर रही है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे ग्योंगगुई और डोंगहे लाइनों के साथ सड़कों पर विस्फोटों से जुड़ी हैं। जेसीएस प्रवक्ता ने कहा कि सेना ने पाया कि उत्तर कोरिया विस्फोटों की तैयारी के लिए सड़कों पर कवर लगा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया अंतर-कोरियाई सड़कों पर विस्फोट कर सकता है या अन्य उकसाने वाली गतिविधियों को बढ़ावा भी दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि उत्तर कोरिया उकसावे की कार्रवाई करता है, तो हम आत्मरक्षा के अधिकार के लिए जवाबी कार्रवाई करेंगे।

जेसीएस ने कहा कि वह बॉर्डर पर हो रही ऐसी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है और सैनिकों और दक्षिण कोरियाई लोगों के लिए सुरक्षा उपाय तलाश रहा है। दोनों देश ग्योंगगुई लाइन के जरिए सड़कों और रेलमार्गों से जुड़े हुए हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब उत्तर कोरिया अंतर-कोरियाई तनाव को बढ़ा रहा है और एकीकरण के निशान मिटा रहा है, क्योंकि उसके नेता किम जोंग-उन ने पिछले साल कोरिया को दो शत्रुतापूर्ण राज्य के रूप में परिभाषित किया था और इसे देखते हुए ही इंटर कोरियन एक्सचेंज और सहयोग के प्रतीक के रूप में देखे जाने वाले मार्गों को खत्म करने के लिए कदम उठाए।

उत्तर कोरिया ने स्ट्रीट लैंप हटा दिए हैं और ग्योंगगुई और डोंगहे सड़कों के किनारे खदान खोद दी हैं साथ ही संदिग्ध एंटी-टैंक बैरियर बनाने और दोनों कोरिया को अलग करने वाले डिमिलिटराइज्ड ज़ोन के उत्तर की ओर कंटीले तारों को लगाकर सैनिक तैनात कर दिए हैं। उत्तर कोरिया ने दावा किया था कि दक्षिण ने इस महीने तीन बार प्योंगयांग के ऊपर मानव रहित ड्रोन भेजे हैं। उत्तर कोरियाई तानाशाह की बहन किम यो-जोंग ने चेतावनी दी थी कि अगर अगले दिन दक्षिण कोरियाई ड्रोन फिर से उड़ाए गए तो इसके भयानक परिणाम होंगे।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक मुद्दों का हवाला देते हुए इस दावे की पुष्टि करने से इनकार कर दिया और चेतावनी दी कि यदि उत्तर कोरिया दक्षिण कोरियाई लोगों को नुकसान पहुंचाता है तो वह अपने शासन का अंत देखेगा। सेना उकसावे के खिलाफ पूरी तरह से तैयार है, क्योंकि उत्तर कोरिया की सेना ने पिछली रात सीमा पर तोपखाने इकाइयों को गोलीबारी के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का आदेश दिया था।

## तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में अल्जीरिया पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

अल्जीरिया,(ईएमएस)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार को अल्जीरिया पहुंचीं। जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राष्ट्रपति के 'एक्स' पर आधिकारिक अकाउंट से साझा की गई पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अल्जीरिया पहुंचीं। यह भारत के किसी राष्ट्रपति की पहली यात्रा है। पोस्ट में आगे कहा गया कि हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन ने की। अल्जीरिया की कैबिनेट के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। राष्ट्रपति मुर्मू का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति रविवार को अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रवाना हुईं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत-अफ्रीका संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत के किसी राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की यह पहली यात्रा होगी।

## अमेरिका में विमान दुर्घटनाग्रस्त में पायलट की मौत, एक घायल

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में जॉर्जिया के सवाना शहर में रविवार देर रात एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों को दुर्घटना स्थल पर भेजा गया। मीडिया रिपोर्ट में सवाना पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक छोटा विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट की मौत हो गई और एक यात्री को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि कोई और व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। दमकल कर्मियों ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि यह दुर्घटना रविवार रात हुई। हादसे की वजह का अभी पता नहीं चल सकी है। संघीय विमानन प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है।

## ओपिनियन पोल में कमला हैरिस को बड़ा झटका, ट्रंप की दमदार वापसी

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर रविवार को जारी तीन सर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप पर कमला हैरिस की बढ़त कम हुई है या पूरी तरह से खत्म हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पोल में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर 48 प्रतिशत के साथ बराबरी पर हैं। ये हैरिस के लिए इसलिए झटका है क्योंकि पिछले महीने इसी पोल में उनको ट्रंप पर पांच अंकों की बढ़त मिली थी। पोल में हैरिस 50 और ट्रंप 48 प्रतिशत पर हैं। पिछले महीने इस सर्वेक्षण में हैरिस 52 प्रतिशत और ट्रंप 46 प्रतिशत पर थे।नए पोल में हैरिस को 51 प्रतिशत से 48 प्रतिशत तक बढ़त हासिल है, जबकि पिछले महीने उन्हें चार अंकों का फायदा हुआ था। डेमोक्रेटिक पीर्टी के समर्थकों की इस चिंता इससे भी बढ़ी है क्योंकि हैरिस पार्टी के दो प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों, हिस्पैनिक्स और अफ्रीकी अमेरिकियों के बीच समर्थन बढ़ाने में विफल रही हैं।कमला हैरिस सभी जातियों की महिलाओं के बीच ट्रंप से आगे दिख रही हैं लेकिन उन्हें अफ्रीकी अमेरिकियों और हिस्पैनिक पुरुषों के बीच समर्थन बढ़ाने लिए संघर्ष करना पड़ा है।हैरिस और ट्रंप ने अपना अभियान तेज कर दिया है। रविवार को हैरिस ने उत्तरी कैरोलिना और ट्रंप ने एरिजोना में कार्यक्रम आयोजित किए। हैरिस लगातार अपने अभियानों में ट्रंप पर निशाना साध रही हैं तो ट्रंप भी तमाम वादे कर रहे हैं।

## अमेरिका के स्कूलों में हिंसक घटनाएं बढी, 45 राज्यों में 700 से अधिक स्कूली बच्चे गिरफ्तार

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका की स्कूलों में हिंसक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में अपालेची हाई स्कूल शूटिंग के दौरान दो शिक्षकों और दो छात्रों की शूटिंग के दौरान मौत हो गई। अमेरिका की स्कूलों में आए दिन धमकियां दिए जाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अमेरिका की पुलिस ने पिछले तीन सप्ताह में 45 राज्यों में 700 से अधिक स्कूली छात्रों को हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया है। जो छात्र गिरफ्तार किए गए हैं। उसमें 10 साल से लेकर 18 साल तक के छात्र शामिल हैं। अमेरिका के कुछ स्कूलों में गन फायर और बम फेंकने की घटनाएं हुई है। हिंसा से संबंधित धमकियां भी दी जाती हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से जब यह धमकी दी जाती है। उसके बाद वहां पर भय का वातावरण बन जाता है। अमेरिका में माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरने लगे हैं। इस स्थिति को देखते हुए कई स्कूलों ने अपने यहां पर डांस और रात्रि के खेल मैच बंद कर दिये है। अमेरिका में शाम के बाद अब स्कूलों में कोई आयोजन नहीं किये जा रहे हैं। अमेरिका में छोटे-छोटे से बच्चों के बीच में जिस तरह से हिंसा फैल रही है। उसने अमेरिका सरकार की चिंता बढ़ा दी है। सोशल मीडिया और इंटरनेट इसका सबसे बड़ा कारण बताया जा रहा है। इसके कारण बच्चे कम उम्र में हिंसक होते चले जा रहे हैं।

## ट्रंप पर फिर होने वाला था हमला! संदेही पिस्टल-कारतूस सहित गिरफ्तार

कैलिफोर्निया(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहे डोनाल्ड ट्रंप पर एक बार फिर हमला होने वाला था। गनीमत रही कि सजकता के कारण हमले की साजिश को नाकाम कर दिया गया। रिवरसाइड काउंटी शेरिफ विभाग के अनुसार, कैलिफोर्निया के कोचेला में ट्रंप की चुनावी सभा होने वाली थी। रैली वाली जगह के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। शख्स पर अवैध रूप से भरी हुई बंदूक और उच्च क्षमता वाली कारतूस की मैगजीन रखने का आरोप है।

बता दें कि इससे पहले जुलाई में पेंसिलवेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान एक बंदूकधारी की गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई थी, जिसमें ट्रंप बाल-बाल बच गए थे।वहीं, सितंबर में भी एक अन्य व्यक्ति पर ट्रंप की हत्या की कोशिश करने का आरोप लगा था, जब सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उसे ट्रंप के पाम बीच गोल्फ कोर्स के पास राइफल के साथ छिपे हुए पाया था। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान वेम मिलर के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने रैली के प्रवेश द्वार से लगभग आधा मील दूर एक जांच चौकी पर रोका था।रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियान्को ने कहा, हमने संभवतः एक और हत्या के प्रयास को रोक दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वेम मिलर ट्रंप की हत्या की साजिश रच रहा था। लास वेगास निवासी 49 वर्षीय संदिग्ध व्यक्ति को जब अधिकारियों ने पकड़ा तो उसके पास न केवल बंदूकें थीं, बल्कि उसके पास फर्जी प्रेस आईडी और वीआईपी पास भी थे। संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की एसयूवी चला रहा था जिसे ट्रंप की रैली के बाहर सुरक्षा जांच चौकी पर रोका गया था।

## हिजबुल्लाह ने इजरायल के आर्मी बेस पर दागे ड्रोन, 4 की मौत, 60 घायल

बेरुत(ईएमएस)।बीती रात हिजबुल्लाह ने इजरायल के आर्मी बेस पर ड्रोन हमले किए हैं। यह अटैक इतना घातक था कि 4 इजरायली सैनिकों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हैं। इजराइली बचाव सेवा की ओर से कहा गया कि बिनयामीना शहर में स्थित सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया। लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह ने इस हमले की जिम्मेदारी भी ली है। हिजबुल्लाह ने बयान में कहा कि उसने बेरूत में इजरायल की ओर से किए गए 2 हमलों के जवाब में इजरायल की सेना के प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया। गुरुवार को बेरूत में किए गए हमले में 22 लोग मारे गए थे। पिछले 2 दिन में यह दूसरी बार है जब इजरायल में ड्रोन से हमला किया गया। शनिवार को तेल अवीव के उपनगर में ड्रोन अटैक हुआ, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इजरायल की वायु-रक्षा प्रणालियां इतनी मजबूत मानी जाती है कि ड्रोन या मिसाइल हमले में इतनी संख्या में लोगों के घायल होने की आशंका नहीं के बराबर रहती है। हालांकि, इस बार नुकसान पहुंचा है।इजरायली मीडिया ने बताया कि रविवार को लेबनान से 2 ड्रोन दागे गए। इजराइली सेना का कहना है कि एक ड्रोन को मार गिराया गया। यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घायलों में शामिल लोग आम नागरिक हैं या सैनिक। दूसरी ओर, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में दक्षिणी लेबनान में आमने-सामने की मुठभेड़ों में हिजबुल्लाह के 50 आतंकवादियों को मार गिराया। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि उसने उत्तरी इजरायल के इलाकों और सेना बलों को निशाना बनाकर भूमिगत सुरंग शाफ्ट, कई हथियार भंडारण बुनियादी ढांचे, रॉकेट लांचर, मोर्टार बम और एंटी-टैंक मिसाइलों सहित 200 से अधिक हिजबुल्लाह के लक्ष्यों को निशाना बनाया।

# अपेंडिक्स को दूर करने के लिए योग



**किसी भी व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है उसके पेट का स्वस्थ रहना। अगर पेट से संबंधित कोई भी समस्या होती है, तो उसका असर पूरे शरीर पर होता है। ऐसी ही पेट से जुड़ी एक समस्या अपेंडिक्स भी है। अपेंडिक्स की स्थिति में पेट में असहनीय दर्द उठता है। इस बीमारी का यूं तो मेडिकल ट्रीटमेंट ही करवाया जाता है, लेकिन योगासन की मदद से अपेंडिक्स के शुरुआती लक्षण को कुछ कम करने और अपेंडिक्स के ऑपरेशन के बाद होने वाली जटिलताओं से बचने में मदद मिल सकती है।**



## अपेंडिक्स को दूर करने में कैसे लाभदायक है योग

अपेंडिक्स एक तरह की छोटी थैली होती है, जो बड़ी आंत से जुड़ी होती है। इसमें जब सूजन हो जाती है, तो इसे अपेंडिसाइटिस कहा जाता है। इस समस्या के होने पर मल कठोर हो जाता है। इसके अलावा, दस्त, बुखार, मतली और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है। इस समस्या के शुरुआती लक्षण और सर्जरी के बाद वाली जटिलताओं से राहत पाने के लिए योग करना फायदेमंद हो सकता है। एक वैज्ञानिक अध्ययन के दौरान कई समस्याओं को ठीक करने के लिए योग कराया गया, जिनमें से एक अपेंडिक्स भी है। इसे करने से वालों को अपेंडिक्स के कारण होने वाली असुविधाओं से कुछ राहत मिली (2)।

## 1. त्रिकोणासन

त्रिकोणासन के अभ्यास के समय शरीर से त्रिकोण यानी तीन कोने जैसा आकार बनता है। इसी कारण इस योग का नाम त्रिकोणासन रखा गया है। इसे अंग्रेजी में ट्रायंगल पोज भी कहा जाता है। इस योग को करने से पेट की मांसपेशियों पर असर पड़ता है। साथ ही यह अपेंडिक्स से होने वाली अन्य समस्याओं जैसे कि गैस, अपच और कब्ज से भी राहत दिला सकता है।

### योग करने की प्रक्रिया :

- इस योग को करने के लिए घर या पार्क में साफ जगह पर योग मैट या चटाई बिछाकर सीधे खड़े हो जाएं।
- इसके बाद दोनों पैरों को एक दूसरे से दूर करें और दोनों के बीच कम-से-कम दो फीट की दूरी रखें।
- इस समय अपने दोनों हाथ को शरीर से सटाकर रखें।
- फिर अपने दोनों हाथ को कंधे जितना ऊपर लाकर फैला लें।
- इसके बाद गहरी सांस लेते हुए बाएं हाथ को ऊपर उठाकर हथेली को कान से चिपका लें।
- साथ ही अपने दाएं पैर को बाहर की तरफ मोड़ें।
- अब धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए कमर को दाई तरफ झुकाएं।
- ऐसा करते समय पैर घुटने से मुड़ना नहीं चाहिए और कान से सटा हुआ हाथ भी वही रहेगा।
- फिर बाएं हाथ को जमीन के समांतर लाने की कोशिश करें व दाएं हाथ से दाएं पैर के टखने को स्पर्श करने का प्रयास करें।
- अब इसी स्थिति में करीब 15 से 20 सेकंड रहने की कोशिश करें और नियमित रूप से सांस लेते व छोड़ते रहें।
- इसके बाद सांस भरते हुए अपनी शुरुआती मुद्रा में आ जाएं।
- अब कुछ सेकंड के बाद इस प्रक्रिया को दूसरी तरफ से भी दोहराएं।
- शुरुआती अभ्यासक इस योग के तीन से पांच चक्र तक कर सकते हैं।

### योग से जुड़ी सावधानियां :

- जिन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या है, वे इस योग को न करें।
- अगर कमर, गर्दन, पीठ में दर्द या स्लिप डिस्क की समस्या है, तो इस आसन से परहेज करें।
- जिन लोगों को बहुत ज्यादा चक्कर आते हैं, वे इस योग से दूर रहें।
- साइटिका की समस्या वाले इस आसन को करने से बचें।

## वृक्षासन

अपेंडिक्स दूर करने के लिए योग में वृक्षासन को शामिल कर सकते हैं। वृक्षासन को करते समय एक पैर में खड़ा होना होता है और इसमें शरीर एक पेड़ की तरह दिखाई देता है। यह योग अपेंडिक्स के लक्षण से छुटकारा दिलाने के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इस संबंध में प्रकाशित एक रिसर्च में दिया है कि इस योग से पाचन को ठीक किया जा सकता है। वहीं, हमने ऊपर बताया है कि अपेंडिक्स की स्थिति में मल कठोर हो जाता है। इस आधार पर माना जाता है कि वृक्षासन से अपेंडिक्स के लक्षण कुछ कम हो सकते हैं।

### योग करने की प्रक्रिया :

- वृक्षासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले एक चटाई या योग मैट बिछाकर उस पर सीधे खड़े हो जाएं।
- इसके बाद एक पैर को घुटने से मोड़कर पैर के तलवे को दूसरे पैर की जांघ पर टिका दें।
- इस समय दूसरा पैर सीधा होगा और उसी पैर से शरीर का संतुलन बनाए रखना होगा।
- अब इस मुद्रा में आने के बाद गहरी सांस भरकर दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए सिर के ऊपर ले आएं और दोनों हथेलियों को जोड़ लें।
- इससे हाथों से नमस्कार की मुद्रा बन जाएगी।
- इस समय कमर, रीढ़ की हड्डी और सिर एक समांतर रेखा में होने चाहिए।
- करीब 5 मिनट तक इसी मुद्रा में रहने की कोशिश करें और सामान्य रूप से सांसें लेते व छोड़ते रहें।
- फिर लंबी सांस लेते हुए शुरुआती मुद्रा में आ जाएं और पैरों को कुछ सेकंड आराम दें। यह वृक्षासन का आधा चक्र पूरा हुआ। अब इसे दूसरे पैर केसाथ भी कर सकते हैं।
- इस योग को करीब 10 मिनट तक किया जा सकता है।

### योग से जुड़ी सावधानियां :

- जो लोग बहुत मोटे हैं, उन्हें इस योग को न करने की सलाह दी जाती है।
- गठिया से प्रभावित लोगों को इस आसन को नहीं करना चाहिए।
- वर्टीगो यानी सिर चकराने की समस्या से जूझ रहे लोगों को इससे परहेज करना चाहिए।
- अगर माइग्रेन या रक्तचाप की समस्या है, तो इस योग का अभ्यास न करें। गर्भवतियों को यह योग बिना प्रशिक्षक के नहीं करना चाहिए। दरअसल, इस योग के दौरान एक पैर से ही शरीर का संतुलन बनाना होता है, जिससे गिरने का खतरा बना रहता है।

## 3. पश्चिमोत्तानासन

पश्चिमोत्तानासन को नियमित रूप से करने पर अपेंडिक्स की सर्जरी के बाद होने वाली असुविधाओं और इसके शुरुआती लक्षणों से राहत मिल सकती है। दरअसल, अपेंडिक्स के कारण मल कठोर हो सकता है। कब्ज की स्थिति में भी मल कठोर होता है और यह योग कब्ज की समस्या से निजात दिला सकता है। ऐसे में इसे करने पर अपेंडिक्स का लक्षण भी कम हो सकता है।

### योग करने की प्रक्रिया :

- सबसे पहले साफ जगह पर योग मैट बिछाकर दोनों पैर को सामने की तरफ फैलाकर बैठ जाएं।
- इस समय दोनों पैर एक दूसरे से सटे हुए और घुटने सीधे रहने चाहिए।
- फिर दोनों हाथों को उठाकर हल्की-हल्की सांस छोड़ते हुए सामने की तरफ झुकें और अपने माथे को घुटनों पर टिका दें।
- साथ ही हाथों से पैरों के अंगुठों को स्पर्श करने या पकड़ने की कोशिश करें।
- सामने की तरफ झुकते हुए या अंगूठे को पकड़ते हुए घुटनों को मोड़ना नहीं है।
- अब थोड़ी देर इसी मुद्रा में बने रहें और सांस लेने की क्रिया को सामान्य रखें।
- इसके बाद लंबी सांस लेते हुए शुरुआती मुद्रा में वापस आ जाएं।

### योग से जुड़ी सावधानियां :

- प्रेगनेंट महिलाओं को इस योग को नहीं करना चाहिए।
- जिन लोगों को अल्सर, अस्थमा या स्लिप डिस्क की समस्या है, वे इस योग से दूर रहें।
- अगर पेट की सर्जरी हुई है, तो इस आसन को न करें।
- अगर किसी को डायरिया है, तो वे इस योग का अभ्यास न करें।

## 4. सर्वांगासन

इस योग में पीठ के बल लेटकर पैरों को ऊपर उठाया जाता है। एक मेडिकल रिसर्च की मानें, तो इस योग के निरंतर अभ्यास से बाउल मूवमेंट रेगुलेट होता है, जिससे कब्ज की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही यह पेट में होने वाले दर्द को भी ठीक कर सकता है। इससे अपेंडिक्स की स्थिति में कुछ हद तक सुधार हो सकता है।

### योग करने की प्रक्रिया :

- सर्वांगासन करने के लिए योग मैट बिछाकर पीठ के बल लेट जाएं।
- इस समय दोनों हाथों को सीधा शरीर से सटाकर रखें।
- इसके बाद धीरे-धीरे सांस लेते हुए पहले पैरों, फिर कूल्हों और अंत में कमर को ऊपर उठाएं।
- शरीर का संतुलन बनाए रखने के लिए कमर को हाथों से सहारा दें और कोहनियों को जमीन पर टिका दें।
- इस मुद्रा में आने के बाद दोनों पैर सटे हुए और बिल्कुल सीधे होने चाहिए।
- इस समय शरीर का पूरा भार कंधों, कोहनियों व सिर पर रहेगा और ठुड्डी छाती को छू रही होगी।
- कुछ सेकंड इसी अवस्था में रहें और नियमित रूप से सांस लेते और छोड़ते रहें।
- अब धीरे-धीरे पैरों को जमीन पर ले आएं और प्रारंभिक मुद्रा में वापस आ जाएं।
- इस योग के तीन से चार चक्र कर सकते हैं ।

### योग से जुड़ी सावधानियां :

- गर्भावस्था के समय इस योग को करने से बचें।
- अगर उच्च रक्तचाप, हृदय रोग या रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्या है, तो इस योग को न करें।
- यदि किसी के गर्दन में असहनीय दर्द हो रहा है, तो इस योग से परहेज करें।

## 5. शशांकासन

इस योग को करने के लिए घुटनों के बल बैठकर धड़ वाले भाग को नीचे झुकाना होगा। एक रिसर्च के मुताबिक, यह आसन दस्त की समस्या से राहत दिला सकता है। वहीं, अपेंडिक्स की समस्या होने पर दस्त जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

### योग करने की प्रक्रिया :

- सबसे पहले एक स्वच्छ स्थान पर योग मैट या चटाई



बिछाकर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं।
- इस समय दोनों हाथ सीधे घुटनों पर होंगे।
- फिर लंबी सांस भरते हुए हाथों को सीधे ऊपर की तरफ उठाएं।
- अब सांस छोड़ते हुए कमर वाले भाग को सामने की तरफ झुकाएं। साथ ही दोनों हाथों को नीचे लाकर जमीन पर टिका दें।
- इस समय हाथ सीधे सामने की तरफ फैले हुए होने चाहिए और गर्दन या रीढ़ की हड्डी भी सीधी होनी चाहिए। साथ ही माथे से जमीन को छूने की भी कोशिश करें।
- थोड़ी देर के लिए इसी मुद्रा में बने रहें और सामान्य गति से सांस लेते व छोड़ते रहें।
- अब सांस लेते हुए फिर से वज्रासन की मुद्रा में आ जाएं।
- इस योग को विराम लेकर चार से पांच बार तक किया जा सकता है।

### योग से जुड़ी सावधानियां :

- अगर किसी को हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग की समस्या है, तो वे इस योग को डॉक्टर की सलाह पर ही करें।
- जिन लोगों को पीठ दर्द की शिकायत होती है, वे इस योग के अभ्यास से बचें।
- प्रेगनेंट महिलाओं को इस आसन से परहेज करना चाहिए।

## 6. अर्ध चंद्रासन

अर्ध चंद्रासन के दौरान एक हाथ और एक पैर में खड़ा होना पड़ता है। यह योग पेट को मजबूत करता है और पाचन में सुधार कर सकता है। माना जाता है कि इससे अपेंडिक्स के ऑपरेशन के बाद की स्थिति में सुधार हो सकता है।

### योग करने की प्रक्रिया :

- इस योग को करने के लिए योग मैट बिछाकर उस पर सीधे खड़े हो जाएं।
- दोनों पैरों के बीच करीब दो फीट की दूरी रखें।
- अब दोनों हाथों को सीधे शरीर से दूर फैलाकर कंधे के बराबर ले आएं।
- फिर धीरे-धीरे बाईं तरफ झुकते हुए बाएं हाथ को बाएं पैर के पास जमीन पर रख दें व दाएं पैर को ऊपर उठा लें।
- इसके बाद अपने दाएं हाथ को सीधे आसमान की तरफ ऊपर उठाएं।
- अब अपने गर्दन को मोड़कर चेहरे को ऊपर की तरफ कर लें और नजरें दाएं हाथ पर टिका दें।
- इस समय बाया पैर व बाया हाथ जमीन पर होगा और दाया पैर व दाया हाथ आसमान की तरफ होगा।
- इस दौरान शरीर का पूरा भार बाएं पैर व बाएं हाथ की उंगलियों पर होगा।
- थोड़ी देर के लिए इसी मुद्रा में बने रहें और सामान्य रूप से सांस लें और छोड़ें।
- अब धीरे-धीरे शुरुआती मुद्रा में आ जाएं। यह योग का आधा चक्र हुआ। अब इसे दूसरी तरफ से भी दोहराएं।
- इस योग को रुक-रुककर चार से पांच बार तक कर सकते हैं।

### योग से जुड़ी सावधानियां :

- अगर किसी को बहुत चक्कर आते हैं, तो इस योग को करने से बचें।
- जिन्हें निम्न रक्तचाप की समस्या है, वो इस आसन को न करें।
- गर्दन या कमर में दर्द है, तो इस आसन को करने से परहेज करें।
- दस्त होने पर इस योग को करने न करें

# वीरभद्रासन करने का तरीका और फायदे



वीरभद्रासन को वॉरईयर पोज के नाम से भी जाना जाता है। इस मुद्रा का नाम वीरभद्र, नामक योद्धा के नाम पर रखा गया है, जो कि भगवान शिव का एक अवतार है। वीरभद्रासन तीन शब्दों से मिलकर बना है, 'वीर' का मतलब योद्धा, जबकि दूसरे शब्द 'भद्र' का अर्थ मित्र यानी दोस्त होता है और आसन। यह मुद्रा बाहों, कंधों, जांघों और पीठ की मांसपेशियों में खींचाव उत्पन्न कर ताकत प्रदान करती है।

## वीरभद्रासन करने के फायदे

- वीरभद्रासन को करने से कई तरह के स्वास्थ लाभ हो सकते हैं, जिनके बारे में लेख में नीचे जानकारी दे रहे हैं। तो आइए जान लेते हैं वीरभद्रासन करने के फायदे क्या है।
- यह आसन कंधों, बाहों, पैरों और पीठ के निचले हिस्से में खिंचाव उत्पन्न कर उन्हें मजबूत बना सकता है।अधिक समय तक डेस्कजॉब करने वालों के लिए इसका अभ्यास फायदेमंद हो सकता है।
- यह छाती, फेफड़े, कंधे, गर्दन, पेट और कमर के हिस्सों को फैलाता है। ▪ इसके नियमित अभ्यास से शरीर के संतुलन में सुधार हो सकता है। ▪ इसके अलावा यह सहनशक्ति को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। ▪ यह कंधे की अकड़न (फ्रोजन शोल्डर) में लाभ पहुंचा सकता है।
- यह कम समय में बेहद ही प्रभावी ढंग से कंधों में तनाव को दूर कर सकता है। ▪ यह जांघों, पिंडलियों और टखनों को मजबूत बनाने में सहायक हो सकता है।

## वीरभद्रासन करने से पहले करें यह आसन



अध्ययन की मानें तो वीरभद्रासन करने से पहले नीचे दिए गए आसनों को करना चाहिए। इससे शरीर के हिस्से जैसे कूल्हे, जांघ व कंधे खुल जाते हैं।

▪ अधोमुख श्वानासन ▪ गोमुखासन ▪ परिवृत्त पार्श्वकोणासन ▪ परिवृत्त ▪ त्रिकोणासन ▪ प्रसार पादोत्तानासन ▪ सुप्त विरासन ▪ सुप्त बद्ध कोणासन ▪ सुप्त पादंगुष्ठासन ▪ उपविष्ठ कोणासन ▪ उत्थिता पार्श्वकोणासन ▪ विरासन ▪ वृक्षासन

## वीरभद्रासन आसन करने का तरीका

**वीरभद्रासन करने के फायदे पाने के लिए वीरभद्रासन करने का सही तरीका पता होना चाहिए।**

**स्टेप 1**: सबसे पहले ताड़ासन मुद्रा में खड़े हो जाएं। श्वास अंदर लें और 3 से 4 फीट पैरों के बीच गैप कर लें।

**स्टेप 2**: अपने बाएं पैर को 45 से 60 डिग्री अंदर की ओर मोड़ें, और दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर की ओर मोड़ें। बाएं एड़ी के साथ दाहिनी एड़ी संरेखित करें। इसके बाद सांस को छोड़ते हुए अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को दाहिनी ओर 90 डिग्री पर घुमाने की कोशिश करें। इस दौरान ध्यान दें कि जितना हो सकता है उतना ही शरीर को घुमाएं, जबरदस्ती न करें।

**स्टेप 3**: इसके बाद अपने हाथ उठाएं व सीधा धड़ की सीध में लाएं, इसके बाद हथेलियों को सटाकर छत की ओर उंगलियों को पॉइंट करें।

**स्टेप 4**: बाईं एड़ी को जमीन पर मजबूजी से टिकाकर रखें, व दाहिने घुटने को मोड़ें जब तक की घुटना सीधा टखने की ऊपर ना आ जाए। अगर शरीर लचीला है, तो जांघ को जमीन से समांतर कर लें। अपने सिर को उठाएं व दृष्टि को उंगलियों पर रखें। इस स्थिति में करीब 5 बार सांस अंदर लें और बाहर छोड़ें ताकि आप आसन में 30 से 60 सेकेंड तक रह सकें।

**स्टेप 5**: 5 बार सांस अंदर बाहर लेने के बाद इस आसन को खत्म किया जा सकता है, आसन से बाहर निकलने के लिए सिर नीचे की तरफ कर लें, फिर दाहिनी जांघ को उठाएं, हाथ नीचे कर लें, धड़ को वापिस सीधा कर लें और पैरों को वापिस अंदर ले व ताड़ासन मुद्रा में यह आसन खत्म करें।

## वीरभद्रासन करने के दौरान सावधानियां

वीरभद्रासन करने का तरीका तो हम ऊपर बता ही चुके हैं, लेकिन वीरभद्रासन करने के दौरान कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए, जिसके बारे में हम नीचे विस्तार से बताने जा रहे हैं।

जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या है वो इस आसन को करने से परहेज करें।
- वहीं, जिन्हें कंधे से जुड़ी कोई समस्या है उन्हें वीरभद्रासन करने के दौरान हाथों को समानांतर रखना चाहिए।
- अगर गर्दन से जुड़ी समस्या है, तो ये आसन करने के दौरान सिर को सीधा रखें, व ऊपर न उठाएं।
- दीवार के पास खड़े होकर वीरभद्रासन का अभ्यास करें ताकि जरूरत पड़ने पर खुद को सहारा दे सकें। हालांकि इससे पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।

# गंभीर बोले-हर मैच के बाद कोहली को आंकना ठीक नहीं:फॉर्म की मुझे फिक्र नहीं, उनकी रनों की भूख अभी भी पहले मैच जैसी

नई दिल्ली : टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि विराट कोहली के खराब प्रदर्शन को लेकर वह चिंतित नहीं हैं। कोहली में रनों की उतनी ही भूख है, जितनी डेब्यू के समय थी। यही भूख उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है।

गंभीर ने सोमवार को बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हर मैच के बाद विराट का आकलन करना सही नहीं। मुझे यकीन है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज और ऑस्ट्रेलिया में भी रन बनाएंगे।




कोहली ने टेस्ट की पिछली 8 पारियों में सिर्फ एक बार फिफ्टी जमाई है। तब उन्होंने दिसंबर 2023 में सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की पारी खेली थी। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खत्म हुई दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा।

चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने 6 और 17 रन बनाए। जबकि कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 47 रन और दूसरी पारी में नाबाद 29 रन बनाए।

गंभीर को उम्मीद- न्यूजीलैंड टेस्ट में विराट करेंगे वापसी गौतम गंभीर ने कहा- उम्मीद है कि विराट फॉर्म में लौट आएंगे और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में अपना बेस्ट देंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 24 अक्टूबर से खेला जाना है। विराट को लेकर मेरी सोच एकदम साफ है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है।

अगर हमें नतीजे अनुकूल मिल रहे हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं है। हर खिलाड़ी रोज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता है। हमारा काम खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना है। मेरा काम बेस्ट 11 का चयन करना है, किसी को बाहर करना नहीं। हमें आठ टेस्ट लगातार खेलने हैं और सभी की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर हैं।

विराट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने में सचिन के बाद दूसरे खिलाड़ी क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ सचिन तेंदुलकर ने ही 100 शतक बनाए हैं। 80 शतकों के साथ विराट कोहली दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 71 शतक लगाए हैं।

सचिन ने टेस्ट में 51 और वनडे में 49 शतक लगाए हैं। जबकि विराट ने टेस्ट में 29, वनडे में 50 और टी-20 में एक शतक बनाया है। रिकी पोंटिंग ने टेस्ट में 41, वनडे में 30 शतक लगाए हैं।

विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया है विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया है। उन्होंने इस साल भारत को वर्ल्ड कप जिताने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने का ऐलान किया था। वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने 76 रन की अहम पारी खेली। विराट ने अब तक खेले 125 टी-20 में 4188 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं।

2013 और 2023 में IPL मैच के दौरान गंभीर और कोहली भिड़े थे IPL 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के दौरान गौतम गंभीर और विराट कोहली ग्राउंड में ही भिड़ गए थे। कोहली उस मैच में आउट होने के बाद गाली देते हुए जा रहे थे, तो गौतम गंभीर ने उनके गाली देने पर सवाल उठाए। इसी तनातनी में इन दोनों ही दिग्गजों के बीच भयंकर टकराव देखने को मिला।

मामला इतना बिगड़ चुका था कि गौतम गंभीर और विराट कोहली के बीच हाथापाई की नौबत आ गई थी। ग्राउंड में मौजूद अन्य खिलाड़ियों ने मामला सुलझाया।

वहीं 1 मई 2023 को इकाना स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स मैच के दौरान गंभीर विराट कोहली से भिड़ गए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, कोहली ने नवील उल हक को गाली दी थी। तब गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर थे। बाद में मैच रेफरी ने दोनों पर जुर्माना लगाया था।


## भारतीय महिला टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें न्यूजीलैंड और पाक मैच पर टिकीं

शारजाह (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम का महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना अब कठिन है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद भारतीय टीम के अब 2 मैचों में 4 अंक हैं और वह ग्रुप ए में बेहतर रेट के आधार दूसरे नंबर पर है। वहीं न्यूजीलैंड के भी 2 जीत से चार अंक हैं पर उसका नेट रनरेट भारतीय टीम ने कम है। वहीं न्यूजीलैंड को अगर पाक टीम हरा देती है तो भारतीय टीम आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। भारत का नेट रन रेट 0.322 है, जबकि न्यूजीलैंड का 0.282 है। अगर पाकिस्तान न्यूजीलैंड को 53 या उससे ज्यादा रन से हराता है तो वो भारत और न्यूजीलैंड को पीछे छोड़कर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। .

भारतीय टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार मिली जिसके बाद भारतीय टीम के अभियान को झटका लगा। भारत ने इसके बाद पाकिस्तान और श्रीलंका को हराकर वापसी के प्रयास किये पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद फिर उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है।

न्यूजीलैंड 4 अंक लेकर भारत से नीचे तीसरे नंबर पर है। पाकिस्तान की टीम 2 अंक लेकर चौथे नंबर पर है।

अगर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हरा दिया तो भारतीय टीम बाहर हो जाएगी और ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगी। वहीं अगर पाकिस्तान ने बड़े अंतर से न्यूजीलैंड को हरा दिया तो फिर न्यूजीलैंड और भारत के बीच नेट रनरेट का मामला आयेगा। ऐसे में पाकिस्तान की टीम भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिला देगी क्योंकि कीवी टीम का नेट रनरेट भारत से कम है। अगर पाक जीतता है तो फिर भारत पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के नेट रनरेट देखे जाएंगे। ऐसे में भारत अंतिम चार में पहुंच जाएगी।




### हमने आसानी से रन नहीं दिये : हरमनप्रीत

शारजाह (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप में मिली हार के बाद निराशा जताते हुए कहा है कि टीम ने काफी प्रयास किये और एक भी रन आसानी से नहीं दिया। भारतीय टीम के पास इस हार के बाद आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने का जो अवसर था वह निकल गया। अब उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में पाकिस्तान की जीत की उम्मीद करनी होगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हराकर नॉकआउट में जगह बनायी। हरमनप्रीत ने नाबाद अर्धशतक लगाया पर वह टीम को हार से नहीं बचा पायीं। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम ने योगदान दिया, वे किसी एक या दो खिलाड़ी पर आधारित नहीं थे। उनके पास कई ऑलराउंडर हैं जिन्होंने अपनी ओर से अहम योगदान दिया. हमने अच्छी योजना बनाई थी और हम मैच में अंत तक बने थे. उन्होंने आसानी से रन नहीं दिये जिससे मुकाबला हाथ से निकल गया। ''

हरमनप्रीत ने इस मैच में राधा यादव की तारीफ करते हुए कहा, ''राधा ने बहुत अच्छी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण किया। साथ ही कहा हमारे पास लक्ष्य को हासिल करने का अवसर था पर ऐसा हो नहीं सका।''

वहीं ऑस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान तहलिया मैकग्रा ने कहा, ''हम हर मैच जीतना चाहते थे पर भारतीय टीम ने भी कड़ा मुकाबला किया। हमारी खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया, मुझे उन पर गर्व है. आज कई खिलाड़ियों की भूमिका अलग थी।''

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम तैयार

मुम्बई (ईएमएस)। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम अब न्यूजीलैंड से मुकाबले को तैयार है।. भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 16 अक्टूबर से खेली जाएगी। इसके मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे। इस सीरीज के लिए रोहित और विराट कोहली बेंगलुरु पहुंच गये हैं। भारतीय टीम इस सीरीज को जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेगी। प्रारुप बदलने के साथ भारतीय टीम का कप्तान भी बदल गया। सूर्या की कप्तानी में टी20 सीरीज खेलने बाद अब टेस्ट के लिए रोहित शर्मा कमान संभालेंगे।

रोहित की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। इस टीम के खिलाफ भारतीय टीम कोई कमी नहीं रखना चाहेगी। ये सीरीज भारतीय टीम लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले अभ्यास का अच्छा अवसर देगी। भारतीय टीम को इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का अहम दौरा करना है। इस दौरे पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत दोनों टीमें 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे में खेला जाएगा जबकि तीसरा और आखिरी टेस्ट 1 नवंबर से मुंबई में खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सोलह अक्टूबर से पहला टेस्ट खेलेगी। भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली दोनों सीरीज में जीत दर्ज करनी होगी। भारतीय टीम की नजर लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर है। पहली बार उसे फाइनल में न्यूजीलैंड ने हराया था जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड को अपने घर में सभी मैच हराने होंगें। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 सदस्यीय मजबूत टीम की घोषणा की है। डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले भारत को अब 8 टेस्ट मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया था जो न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में लौट आए हैं। जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज में टीम का उप कप्तान बनाया गया है. युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।

## यानेक शॉपमैन उड़ीसा हॉकी टीम की तकनीकी निदेशक बनीं

भुवनेशवर (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम टीम की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन एक बार फिर भारत लौट गयी हैं। यानेक टीम के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने के बाद स्वदेश लौट गयीं थीं। इसका कारण हॉकी इंडिया से मतभेद भी बताये गये हैं। इस बार यानेका को भारतीय टीम के स्टाफ में नहीं बल्कि ओडिशा की महिला टीम का हिस्सा हैं। उन्हें उड़ीसा टीम का तकनीकी निदेशक बनाया गया है। वह हॉकी लीग के लिए नीलामी के दौरान भी उपस्थित थीं। वह 15 अक्टूबर को ओडिशा महिला टीम की टेबल पर भी नजर आ सकती है। भारतीय महिला टीम ने उनके कोच रहते हुए ओडिशा में ही ओलंपिक क्वालिफायर खेला था। भारत टॉप 3 में नहीं पहुंचा और पेरिस का टिकट हाथ से निकल गया। शॉपमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देते हुए उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाये और कहा कि हॉकी इंडिया में महिलाओं की बातों को, उनकी सोच और विचारों को अहमियत नहीं दी जाती है। साथ ही उन्होंने हॉकी इंडिया पर महिला और पुरुष टीम के बीच भेदभाव करने का भी आरोप लगाया था।

## संन्यास की घोषणा कर सकती हैं रानी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम से बाहर चल रहीं पूर्व कप्तान रानी रामपाल शीघ्र ही खेल से संन्यास ले सकती हैं। रानी को पिछले तीन साल से भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि वह वह भारत-जर्मनी मैच के दौरान खेल को अलविदा कह सकती हैं। रानी ने साल 2008 में भारत की ओर से खेलना शुरु किया था। उन्होंने अब तक 254 मैचों में 120 गोल दागे हैं। वह साल 2018 में हुए एशियाई खेलों में रजत और 2014 के एशियाड में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का भी अहम हिस्सा रहीं थीं। इसके अलावा रानी रामपाल की कप्तान में ही भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थन पर रही थी। ओलंपिक के बाद कोच श्योर्ड मरीन्ये ने पद छोड़ दिया था। इसके आद उनकी जगह यानेक शॉपमैन कोच बनी थीं। तब कहा गया था कि कि यानेक और रानी के बीच मतभेद उभर गये थी। इस कारण साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बाद भी रानी को वापसी का अवसर नहीं मिला।

## भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर ही उतरेंगे स्मिथ : बेली

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज सीरीज में अपने चौथे नंबर पर ही उतरेंगे। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के तौर पर अवसर दिया गया था पर वह असफल रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने भी माना कि स्मिथ को उनके पारंपरिक स्थान पर ही उतारा जाएगा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के तौर पर दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में सलामी बल्लेबाज के तौर पर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और चार पारियों में कुल 51 रन ही बना पाये। बेली ने कहा कि इसको लेकर 'पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से उनकी लगातार बात हो रही है। स्टीव ने पारी सलामी बल्लेबाज की जगह अपने ही चौथे नंबर नीचे उतरने की इच्छा जताई है। इसके बाद कमिंस और एंड्रयू ने कहा कि वह इस सत्र में बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से सीरीज शुरु होगी।

## एचआईएल पहले दिन हरमनप्रीत पर लगी सबसे बड़ी बोली

नई दिल्ली (ईएमएस)। यहां हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पर सबसे बड़ी बोली लगी। सूरमा हॉकी क्लब ने हरमनप्रीत को 78 लाख रुपये में खरीदा। इस लीग के लिए सभी आठ फ्रेंचाइजी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य खिलाड़ियों पर बड़ी बोली लगायी। हरमनप्रीत के बाद अभिषेक पर दूसरी सबसे बड़ी बोली लगी। जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपए में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपए खर्च किए।अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपए की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इतनी ही रकम देकर खरीदा। वहीं हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपए में खरीदा। विदेशी गोलकीपरों में आयरलैंड के डेविड हार्टे को सबसे अधिक राशि मिली। उन्हें तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 32 लाख रुपए में खरीदा। गोलकीपर सूरज करकेरा और पवन को टीम गोनासिका और दिल्ली एसजी पाइपर्स ने क्रमशः 22 लाख रुपए और 15 लाख रुपए में खरीदा।

जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग हैदराबाद तूफान्स, 27 लाख रुपये, नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक बंगाल टाइगर्स, 25 लाख रुपये और बेल्जियम के विन्सेंट वानाश सूरमा हॉकी क्लब, 23 लाख रुपए में बिके।

## एलपीजीए गोल्फ टूर्नामेंट : भारत की अदिति संयुक्त 55वें स्थान पर, चीन की यिन जीती

शंघाई (ईएमएस)। भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में पहुंच गयी हैं। अदिति गत दिवस तीन ओवर 75 के स्कोर के साथ ही एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने टूर्नामेंट के चार दौर में 71, 72, 69 और 75 के स्कोर से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। वहीं चीन की रुओनिंग यिन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से खिताब अपने नाम किया। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा। वहीं वहीं विजेता खिलाड़ी यिन के करियर की चौथी जीता है। यिन तीसरे दौर के बाद जापान की माओ सेइगो से एक शॉट पीछे थी पर चौथे और अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन से खिताब जीतने में सफल रही। सेइगो ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया और वह दक्षिण कोरिया की सेई यंग किम 68 के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं।

## महेला जयवर्धने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच बने

मुम्बई (ईएमएस)। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 2025 सत्र के लिए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना नया मुख्य कोच बनाया है। जयवर्धने इससे पहले साल 2017-2022 में भी मुंबई इंडियंस के कोच थे। फ्रेंचाइजी ने साली 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था। जयवर्धने को ह दक्षिण अफ्रीका के मार्क बाउचर की जगह कोच बनाया गया है। मुंबई इंडियंस ने साल 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया परा इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने कोच बनने के बाद कहा, ''मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा बेहतर रही है। साल 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक समूह बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा कि अब मेरा प्रयास एक बार फिर वैसी ही टीम बनाना रहेगा।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बोली , हमारी सभी खिलाड़ियों ने अच्छा खेला

शारजाह (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने टी20 महिला विश्व कप में भारतीय टीम के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 151 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम जीत हासिल करने में विफल रही थी।ऑस्ट्रेलिया की स्टैंड-इन कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने कहा कि हम जो भी खेल खेलते हैं उसे जीतना चाहते हैं। भारत ने अच्छा खेला पर अंत में हमारी जीत हुई। मुझे हमारी टीम पर गर्व है। पूरी टीम आज मेरे करीब हो गई, बहुत सारे खिलाड़ी अलग-अलग भूमिकाओं में थे और उन्होंने आगे कदम बढ़ाया। तालहिया ने कहा कि पिच थोड़ी आसान नहीं थी। यह कभी-कभी फिसल रही थी और कभी-कभी नीचे रह रही थी। हम लगातार इस बारे में बात करते रहे कि कुल योग क्या है। हम जानते हैं कि हमारे पास काफी गहराई है और हम पूरी आजादी के साथ खेल सकते हैं।



वुहान ओपन टेनिस में अन्ना सबालेंक एकल मुकाबले के अवार्ड समारोह में उत्साहित दिखीं।




अस्थाना में आईटीएफ एशियन टेबल टेनिस में खेलती हुई युगल ओडो और यकोई खिलाड़ी।

## दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित, स्टोक्स-पॉट्स की वापसी, वोक्स और एटकिंसन बाहर हुए

मुल्तान (ईएमएस)। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 15 अक्तूबर मंगलवार से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स की वापपसी हुई है जबकि क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन को बाहर कर दिय गया है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले चार टेस्ट मैचों से बाहर थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि स्टोक्स अब पूरी तरह से फिट हैं । वहीं पहले टेस्ट में ओली पोप ने कप्तानी की थी पर अब ये जिम्मेदारी स्टोक्स संभालेंगे। वहीं पॉट्स पहली बार टीम में लौटे हैं। इसका अर्थ ये है कि एटकिंसन को इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद पहली बार टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा ब्रायडन कार्से को तेज गेंदबाजी लाइन-अप में शामिल किया गया है जबकि जैक लीच और शोएब बशीर को स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को भी टीम में बनाये रखा है। डेकेट पहले टेस्ट में चोटिल हो गये । वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे जिससे स्टोक्स बल्लेबाजी क्रम में छठे स्थान पर ही रहेंगे। इंग्लैंड टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य ये मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा।

इंग्लैंड की प्लेइंग 11 : जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जैक लीच और शोएब बशीर.

## न्यूजीलैंड के कोच ने माना साउदी अपने सर्वश्रेष्ठ फार्म में नहीं

बेंगलुरु (ईएमएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने माना है कि तेज गेंदबाज टिम साउदी अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। किवी टीम को 16 अक्टूबर से भारतीय टीम के खिलाफ एक तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इसका पहला टेस्ट बेंगलुरु में खेला जाएगा। साउथी ने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू धरती पर मिली हार के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। इस साल साउदी का प्रदर्शन अच्छा नहीं हरा है वह 6 टेस्ट मैचों में 73.12 की औसत से केवल आठ विकेट ले पाए हैं। अब कीवी टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। लैथम का भारत के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा रहा है। वह 5 टेस्ट मैचों में 7/64 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 28.70 की औसत से 20 विकेट ले चुके हैं। वहीं कोच स्टीड ने कहा कि साउदी के साथ उनकी बात हुई है। उन्होंने माना कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं पर निश्चित रूप से वह वापसी करेंगे। वह इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वह वह सब कुछ कर रहा है जो वह कर सकता है। हमने पिछले वर्षों और उस समय के कई वीडियो देखे हैं जब उसने भारत में खेला था और उसे सफलता मिली थी। यह बस उसे फिर से खोजने की कोशिश है और थोड़ा सा खोजें, मुझे लगता है कि आप इसे उसकी कार्रवाई में वापस आना कह सकते हैं।

वहीं पहले टेस्ट में बल्लेबाज केन विलियमसन का खेलना तय नहीं है क्योंकि श्रीलंका टेस्ट के दौरान उनकी कमर में चोट लगी थी। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाले आगामी 3 टेस्ट मैचों के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है। जसप्रीत बुमराह को इस टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया को झटका , बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से बाहर हुए ग्रीन

सिडनी (ईएमएस)! ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पीठ भारतीय टीम के खिलाफ अगले माह होने वाली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। ग्रीन के पीठ में लगी चोट की सर्जरी होने वाली है। इस कारण वह परे सत्र से ही बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड दौरे पर ग्रीन को चोट लगी थी, जिसके बाद अब उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा। इस ऑलराउंड का बाहर होना मेजबान टीम के लिए करारा झटका है। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के विशेषज पैनल के अनुसार ग्रीन की सर्जरी ही उनके लिए अंतिम विकल्प है। वहीं पहले माना जा रहा था कि भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले वह फिट हो जाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के बाद ही ग्रीन को पीठ में दर्द हुआ था। उसके बाद वह स्वदेश लौट आए थे। इस कारण उनका इंग्लैंड में भी स्कैन हुआ था और फिर ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम ने उनका स्कैन किया था

ग्रीन को इससे पहले भी चार बार स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। वहीं । ग्रीन अगर बिना सर्जरी के भी खेल पाते तो वह सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही खेलते। ग्रीन के नहीं होने से अब ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में भी बदलाव करने होंगे। ऐसे में स्टीव स्मिथ एक बार फिर नंबर-4 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वहीं अब ऑस्ट्रेलियाई टीम शील्ड क्रिकेट से किसी सलामी बल्लेबाज को स्क्वॉड में शामिल कर सकती है, जिसमें मार्कस हैरिस, कैमरन बैनक्रॉफ़्ट और मैट रेनशॉ जैसे खिलाड़ी हैं।

# 76,132 के ऑल टाइम हाई पर सोनाः चांदी 537 बढ़कर 90,500 प्रति किलो हुई, साल के आखिर तक 78 हजार तक जा सकता है गोल्ड

**नई दिल्लीः** सोना आज यानी 14 अक्टूबर को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 509 रुपए बढ़कर 76,132 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसके दाम 75,623 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज बढ़त है। ये 537 रुपए बढ़कर 90,500 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,963 रुपए पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है।



### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,770 रुपए है।
मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,620 रुपए है।
कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,150 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,620 रुपए है।
चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,620 रुपए है।
भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपए है।

### सेंसेक्स 591 अंक चढ़कर 81,973 पर बंदःनिफ्टी में भी 163 अंक की तेजी रही

शेयर बाजार में 14 अक्टूबर को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 591 अंक की तेजी के साथ 81,973 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 163 अंक की तेजी रही, ये 25,127 पर बंद हुआ। आज IT, एनर्जी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा तेजी देखने को मिली है। वहीं मेटल और ऑटो शेयर्स में गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली है।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला कारोबार

- एशियाई बाजार में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रही है। हांगकांग के हैंग सेंग में 0.75% की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट 2.07% चढ़कर बंद हुआ।
- 10 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.97% चढ़कर 42,863 पर और नैस्डैक 0.33% चढ़कर 18,342 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 भी 0.61% बढ़कर 5,815 पर बंद हुआ।
- एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 11 अक्टूबर को 4,162.66 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,730.87 करोड़ के शेयर खरीदे।

### खुलने से पहले ही देश के सबसे बड़े आईपीओ में आई गिरावट

मुंबई (ईएमएस)। कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने जा रही है, जिसका इश्यू साइज 27,870.16 करोड़ रुपए है। यह आईपीओ 15 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा। इस दौरान निवेशक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी इस आईपीओ के तहत कोई फ्रेश शेयर जारी नहीं करेगी। कुल 14.22 करोड़ शेयर जारी होंगे। ये शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। इस आईपीओ का ग्रे मार्केट में रिस्पॉन्स अच्छा नहीं रहा है। प्राइज बैंड की घोषणा के बाद से इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) लगातार गिर रहा है। 9 अक्टूबर को इसका जीएमपी 175 रुपए था लेकिन अब यह घटकर 65 रुपए रह गया है, जो यह दिखाता है कि यह 3.83 फीसदी प्रीमियम पर 2035 रुपए पर लिस्ट हो सकता है।

# विदेश से पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करना जरूरीः शक्तिकांत दास



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि विदेशों से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण पहला कदम है। हमारा मानना है कि इस तरह के धन प्रेषण की लागत और समय को काफी कम करने की अपार संभावनाएं हैं। डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। आरबीआई की ओर से शुरू किए गए ई-रूपी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, मानकों और अंतर-संचालन में सामंजस्य सीबीडीसी को सीमा पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने में सक्षम बनाएगा। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और आंकड़ों के लीक होने का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम उपाय करने चाहिए। बैंकों को एआई और बिगटेक फायदों का लाभ उठाना चाहिए।

# सितंबर में थोक महंगाई बढ़कर 1.84% पर पहुंचीः सब्जियों व खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं

**नई दिल्लीः** सितंबर महीने में थोक महंगाई बढ़कर 1.84% पर पहुंच गई है। इससे पहले अगस्त में थोक महंगाई घटकर 1.31% पर आ गई थी। जुलाई में ये 2.04% पर थी। सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है।



### खाने-पीने की चीजें और प्राइमरी आर्टिकल्स की कीमतें बढ़ी

- रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 2.42% से बढ़कर 6.69% हो गई।
- खाने-पीने की चीजों की महंगाई 3.26% से बढ़कर 9.47% हो गई।
- फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -0.67% से घटकर 4.05% रही।
- मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.22% से घटकर 1% रही।

### डब्ल्यूपीआई का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

### होलसेल महंगाई के तीन पार्ट होते हैंः

प्राइमरी आर्टिकल जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैंः

- फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां
- नॉन फूड आर्टिकल में ऑइल सीड आते हैं
- मिनरल्स
- क्रूड पेट्रोलियम

हाल ही में हुई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के दौरान आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5% पर अपरिवर्तित रखा था। आरबीआई गवर्नर ने कहा था- महंगाई कम हो रही है, लेकिन प्रोग्रेस धीमी और असमान है। भारत की महंगाई और ग्रोथ ट्रैजेक्टरी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है कि महंगाई टारगेट के अनुरूप हो।

## लॉफिंग ज़ोन

टीचर (कड़क कर), 'क्लास में कौन शोर मचा रहा था। मनु, मेरा ख्याल हैं यह तुम ही थे।'

मनु, 'नहीं सर, मैं तो निशू के साथ बातचीत कर रहा था। शोर कोई और मचा रहा होगा।'

❑ ❑ ❑

तीन दिन से हो रही मूसलाधार बरसात के कारण नगर में एक तरह की बाढ़-सी आई हुई थी। ऐसे में फायर ब्रिगेड विभाग के फोन की घंटी बजी, 'जनाब, मेरे परिवार को बचा लीजिए मैं दो फुट पानी में खड़ा आपको फोन कर रहा हूं।'

इधर से जवाब दिया गया, 'क्षमा करना दो फुट पानी को हम आपातकालीन दशा नहीं मान सकते अतः कुछ नहीं किया जा सकता।'

फोन पर फिर आवाज आई, 'आपने मेरी पूरी बात तो सुनी ही नहीं। मैं अपने मकान की तीसरी मंजिल के कमरे में खड़ा फोन कर रहा हूं।'

❑ ❑ ❑

एक हकीम जी कंधे पर बंदूक लटकाए कहीं जा रहे थे। उनके एक दोस्त ने पूछा, 'कहां जा रहे हो?'

हकीम जी बोले, 'एक मरीज को दवा देने जा रहा हूं।'

दोस्त बोला, 'उसे मारने के लिए तो तुम्हारी दवा ही काफी हैं। बंदूक साथ ले जाने की क्या जरूरत हैं।'

## आज का इतिहास

1542 मुगल बादशाह अकबर का जन्म उमरकोट सिंध में हुआ।
1686 औरंगजेब ने बीजपुर पर कब्जा कर लिया।
1894 देशद्रोह के आरोप में फ्रांस में अल्फ्रेड ड्रेफस को गिरफ्तार किया गया।
1917 प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी की प्रसिद्ध जासूस माताहारी को मौत के घाट उतार दिया गया।
1932 पहली विमान सेवा टाटा एयरलाइंस की शुरूआत हुई।
1944 जर्मन फील्ड मार्शल रोमेल की मौत की घोषणा हुई।
1945 द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजियों से साठगांठ के आरोप में फ्रांसीसी राजनेता पिपरे लावल को मौत की सजा दी गई।
1946 नाजी युद्ध अपराधी हरमान गोरिंग ने आत्महत्या की।
1964 सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी ने निकिता खुश्चेव को प्रथम सचिव के पद से हटा दिया।
1969 सोमालिया के राष्ट्रपति आब्दी रशीद अली शेरमार्क की हत्या हुई।
1987 फिजी के गवर्नर जनरल ने इस्तीफा दिया।
1991 मिखाइल गोर्बाचेव को नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई।
1994 भारतीय उपग्रह आईआरएसपी-2 का श्री हरिकोटा में सफल परीक्षण।
2001 जॉर्ज फर्नांडिस पुन रक्षा मंत्री बने।

### प्रसंगतः प्रार्थना के बीच में

एक सेठ एक साधु से मिलने आया। साधु को प्रणाम करके उसने कहा, 'बाबा, मैं प्रार्थना करना चाहता हूं, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं कर पाता। जब भी मैं ध्यान लगाने की कोशिश करता हूं तभी मेरे आगे दुनियावी चीजें आ खड़ी होती हैं। धन कमाने और पारिवारिक तनाव के बारे में सोचने लग जाता हूं। आप ही बताइए मुझे प्रार्थना में मन लगाने के लिए क्या करना चाहिए?' यह सुनकर साधु महाराज सेठ को एक ऐसे कमरे में ले गए जिसकी खिड़कियों में शीशे लगे हुए थे। साधु ने सेठ को कांच के पार बाहर का नजारा दिखाया। शीशों से पेड़, उस पर चहकते पक्षी व दूसरी कई चीजें नजर आ रही थीं। यह देखकर सेठ प्रसन्न हो गया। उसके बाद साधु उसे एक दूसरे कमरे में लेकर गए। वहां कमरों की खिड़कियों पर चांदी की चमकीली परत लगी हुई थी। साधु बोले, 'सेठ जी, जरा देखो तो इस चांदी की चमकीली परत के पार आप क्या देख पाते हैं?' सेठ चांदी की चमकीली परत के पास गया तो उसे अपने चेहरे के सिवाय और कुछ नहीं दिखा। बाहर के मनोरम दृश्य उस परत में खो गए थे। यह देखकर सेठ बोला, 'बाबा, यहां तो बाहर की दुनिया ही गायब है। चांदी की चमकीली परत में तो मुझे सिवाय अपने चेहरे के कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता जबकि कांच में से मुझे बाहर के मनोरम दृश्य दिखाई पड़ रहे थे।' सेठ की बात सुनकर साधु बोले, 'बिल्कुल सही कहा तुमने। इसी तरह तुम भी प्रार्थना करते समय अपने ऊपर चांदी की परत चढ़ाए रखते हो इसलिए उसमें तुम्हें अपनी शक्ल और अहं के अलावा कुछ और नजर नहीं आता। यदि तुम स्वयं को कांच की तरह पारदर्शी और स्वच्छ बनाओगे तो तुम्हारा प्रार्थना में ध्यान सहज ही लग जाएगा।' सेठ को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसने उसी क्षण निश्चय किया कि अब वह बेमतलब की चीजों को प्रार्थना के बीच में नहीं आने देगा।

## दैनिक पंचांग

**15 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.10 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृश्चिक | 08.24 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 10.40 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.46 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.32 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 16.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.35 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.15 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.14 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.27 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | सिंह | 01.43 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 03.55 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 289 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 00.20 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 22.09 बजे को समाप्त। **योग** वृद्धि 14.13 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 14.04 बजे तदनन्तर तैतिल 00.20 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 37′ **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872133 **जूलियन दिन** 2460598.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 11 **विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8158



**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

**शब्द पहेली -8157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | | क | ल | र | व |
| क | | छ | ल | क | प | ट | | र |
| रा | ख | | | म | | | बं | दा |
| र | त | | प | ल | क | | दा | न |
| | र | स | ना | | मा | ख | न | |
| त | ना | | ह | म | ल | | वा | स |
| ल | क | | | ग | | | ज | ल |
| घ | | म | न | र | ख | ना | | वा |
| र | म | जा | न | | त | क | दी | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7699

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 25 | 19 | 23 | | 31 | 19 | 16 | 11 | |
| 14 | 7 | | 5 | | 7 | | 5 | | 24 |
| 18 | | 2 | | | | 8 | | 5 | 25 |
| 13 | 3 | | 2 | | 7 | | 4 | | 16 |
| 32 | | 7 | | 3 | | | | | |
| | | | | | 5 | | 2 | | 21 |
| 26 | | 5 | | 7 | | 3 | | 4 | 13 |
| 18 | 5 | | 5 | | | | 4 | | 14 |
| 29 | | 8 | | 8 | | 6 | | 4 | 14 |
| | 21 | 15 | 16 | 26 | | 21 | 16 | 18 | |

**अंकजाल 7698 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 20 | 22 | | 21 | 20 | 20 | 16 | |
| 14 | 7 | 2 | 5 | | 7 | 8 | 9 | 5 | 29 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | | 7 | 5 | 8 | 7 | 27 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 27 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | | | | |
| | | | | 7 | 2 | 5 | 2 | 3 | 19 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | | 6 | 4 | 6 | 16 |
| | 21 | 15 | 16 | 37 | | 17 | 16 | 20 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6643

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 2 | 3 | 7 | | |
| 1 | 33 | | 40 | | 34 | 6 |
| 7 | | 4 | 6 | | 2 | 3 |
| | 27 | 5 | 34 | 1 | 29 | |
| 2 | | | | 4 | | 5 |
| | 25 | 6 | 30 | | 38 | |
| | 4 | | 5 | 2 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6642 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 37 | 5 | 28 | 2 | 26 | 1 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 1 | 31 | 6 | 33 | 4 | 28 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 31 | 3 | 33 | 6 | 36 | 6 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 6003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 106 / 60 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 6002**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | + | 62 | + | 2 | - | 22 | = | 75 |
| - | | - | | + | | x | | + |
| 22 | - | 20 | x | 5 | - | 2 | = | 8 |
| - | | + | | + | | - | | - |
| 2 | x | 50 | - | 54 | - | 10 | = | 36 |
| + | | - | | - | | - | | + |
| 40 | + | 75 | - | 40 | - | 25 | = | 50 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 49 | - | 17 | - | 21 | + | 9 | = | 97 / 20 |

## शब्दजाल- 7690

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | अ | मे | रि | का | पा | तू | फा | न | प | क |
| न | खु | क | प | इं | डो | ने | शि | या | ड़ | क |
| अ | दा | जा | ला | र | ग | स | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | पा | ब | दू | स | पा | ह | लि | ल |
| त | ना | अ | सौ | न | जा | ला | कि | या | प | दे |
| आ | इ | इ | मो | व | प | वा | स्ता | ह | यु | बां |
| ग | जी | ल | ह | व | प | रि | न | व | प | ग |
| र | रि | भा | र | त | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | न | ज | जी | शा | जू | दे |
| र | ग | ल | प | व | सिं | ब्रा | रु | अ | प | श |
| बां | स | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | क | र |

शब्द जाल में सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

चीन, भारत, अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान, बांगलादेश, रूस, नाइजीरिया, जापान.

**शब्दजाल - 7689 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | मु | ग | ल | ए | आ | ज | म | ल | व |
| द | वि | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | ड़ |
| र | स | ल | म | दी | छ | स | आ | र्म | ख | क |
| इं | स | ल | न | दि | वा | स | ध | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | ल | ज | ना | तू | ग | झ | क |
| या | ले | द | र | दि | झ | उ | ती | ण | घ | क |
| ती | व | ल | मी | या | प | बै | जू | बा | व | रा |
| क | एं | ऊ | ई | द | ब | क | फ | ए | श | क |
| क | ड | ल | प | र्द | गी | स | री | औ | प | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | द |
| क | ड | ल | प | या | प | स | व्य | ब | प | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिम्स में बड़ागाई के बीमार मरीज इम्तियाज अंसारी से मिले, डॉक्टर को इम्तियाज अंसारी के इलाज में कोताही नहीं करने की दी नसीहत



रांची( मोहसीन आलम ):बड़ागाई के इम्तियाज़ अंसारी का इलाज रांची के रिम्स हॉस्पिटल में चल रहा है,जिससे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को मिलेऔर इम्तियाज अंसारी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए,डॉक्टर से कहा कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए,मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चतरा के लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह से मिलने पहुंचे थे, चतरा के सांसद का रिम्स में इलाज चल रहा है, इसी क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयुक्त सचिव महताब अंसारी के कहने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इम्तियाज अंसारी से मुलाकात कर हाल-चाल जाना,और परिजनों को भरोसा दिया कि बेहतर इलाज होगा,मौके पर महताब अंसारी ने बताया कि रिम्स के डॉक्टर हेमंत नारायण की देखरेख में इम्तियाज अंसारी का हार्ट का ऑपरेशन हुआ है,ऑपरेशन के बाद इम्तियाज अंसारी की स्थिति काफी बेहतर है, झारखंड सरकार मरीजों के इलाज में काफी सहयोग कर रही है. झारखंड सरकार इलाज के लिए खर्च भी उठा रही है, हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद रिम्स की स्थिति में सुधार हुई है.इस अवसर पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री,वार्ड 4 की वार्ड पार्षद हुशन आरा महताब अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक अहम भूमिका निभाई



जमशेदपुर । विज्यादशमी के दिन मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन में सिविल डिफेंस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण काफी सक्रिय रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को मदद की । मौके पर सिविल डिफेंस जमशेदपुर के पदाधिकारी सुरेश प्रसाद ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी घाट मानगो समेत जिले के विभिन्न घाटों पर मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन में सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता गण जिला प्रशासन के साथ श्रद्धालुओं की सहायता में डटे रहे और मूर्ति विसर्जन में सार्थक भूमिका निभाई । उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी सह सिविल डिफेंस जमशेदपुर के उप नियंत्रक शताब्दी मजुमदार मैडम के निर्देश पर सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओ ने विज्यादशमी महापर्व पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई । मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम जमशेदपुर में 13 अक्तटूबर के अलावा एक दिन पूर्व मे 12 अक्टूबर को भी हुआ । लेकिन अधिकांश दुर्गा पंडाल की मूर्तियां का विसर्जन 13 अक्टूबर को ही किया गया । इस दौरान सिविल डिफेंस के दो दर्जन से अधिक स्वयसेवकों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान दिया , जिनमें मुख्य रूप से दया शंकर मिश्रा ,राजेन्द्र शाह, सत्यनारायन मिश्रा , उमेश कुमार , रोहित कुमार ,आशीष प्रजापति , नागेन्द्र कुमार , उत्तम चक्रवर्ती , सदानंद महतो , प्रेम दीक्षित , देवन्यू मंडल ,रामायन प्रसाद ,मनोज शर्मा , दिलिप कुमार ,सुरेन्द्र प्रसाद ,सत्येन्द्र प्रसाद ,कमलेश गिरी ,दीपक कुमार ,रामकुमार यादव ,पवन माँझी ,विष्णु कुमार ,अम्बर साहू , हीरालाल गुप्ता ,नयना धीवर ,भोला धीवर ,राखोहरि धीवर ,सुराय दुडु ,रायमाल हेम्ब्रम ,सनातन हांसदा ,कार्तिक मांझी सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला उद्योग केंद्र में चित्रकारी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया



जमशेदपुर । जिला उद्योग केंद्र स्थित हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केंद्र, पुराना कोर्ट परिसर, जमशेदपुर में पैटकर चित्रकारी के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केंद्र द्वारा रवि शंकर प्रसाद ने उद्घाटन के अवसर पर प्रशिणार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा रोजगार के सम्भावनाओं पर जानकारी दी। EoDB प्रबंधक सैयद मुदस्सर अनवर, जिला उद्यमी समन्वयक मंजू मिंज, पैटकर चित्रकारी के प्रशिक्षक किशोर गायन एवं को-ऑर्डिनेटर सुश्री रैमत मार्डी, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। महाप्रबंधक द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रशिक्षण शिविर में कुल 30 महिला प्रशिक्षणार्थियों को पैटकर चित्रकारी का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिनमें से 15 प्रशिक्षणार्थी आमाडुबी एवं इसके आस-पास के क्षेत्र से चयनित किये गए हैं, जबकि शेष 15 प्रशिक्षणार्थी जमशेदपुर से चयनित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि 2 माह (50 कार्य दिवस) है जिसमे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री के साथ साथ रु० 150/- प्रतिदिन के दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। महाप्रबंधक द्वारा विश्वास व्यक्त किया गया कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के पश्चात कुछ कुशल चित्रकारों को झारखण्ड के हुनर पोर्टल से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उनको एक विशिष्ट पहचान प्राप्त हो सके, एवं इससे प्रेरणा लेकर और भी महिलायें/युवतियां इस सीमित होती जा रही कला को सीखने के लिए आगे आएँगी।

## वैश्य मोर्चा कोर कमिटि की बैठक आयोजित

रांची : रांची के कांके स्थित हीरानाथ साहु के आवास में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. बैठक में निर्धारित मुद्दों पर विचार-विमर्श के पाश्चात्य सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पारित किये गये. पहले प्रस्ताव में कहा गया कि 20 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस रांची के आलोका सभागार में आयोजित किया जायेगा और इस स्थापना दिवस में केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया जायेगा. जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन 40% आबादी वाले वैश्य समाज की अनदेखी और उपेक्षा करके आक्रोश को बढ़ावा दे रही है.

## टाटा स्टील के एफएएमडी ने पद्म विभूषण रतन एन टाटा के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की



जमशेदपुर । भारत के सबसे सम्मानित उद्योगपतियों में से एक, पद्म विभूषण रतन एन. टाटा के सम्मान में, टाटा स्टील के फेरो अलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने गुरुवार को एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। रतन टाटा, जिनका 9 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया है, यह सभा उनके योगदानों और अद्वितीय विरासत के सम्मान में आयोजित की गई थी। इस श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन टाटा स्टील के फेरो अलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के ओडिशा और पश्चिम बंगाल स्थित सभी परिचालन स्थानों पर किया गया। भुवनेश्वर स्थित एफएएमडी के मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में, पंकज सतीजा (एग्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी), प्रणव कुमार झा (चीफ फाइनेंसियल कंट्रोलर), बी डी नंदा (चीफ ऑपरेशन्स (फेरो अलॉयज प्लांट जाजपुर, फेरो अलॉयज प्लांट गोपालपुर, फेरो अलॉयज प्लांट अथागढ़ और स्टेनलेस स्टील प्लांट बिष्णुपुर), अमित चौबे (चीफ लॉजिस्टिक्स ऑफिसर) और एफएएमडी के अन्य अधिकारियों ने रतन एन. टाटा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसी तरह की श्रद्धांजलि सभाएं डिवीजन के अन्य सभी स्थानों पर भी आयोजित की गईं, जहां संबंधित हेड, कर्मचारियों और श्रमिकों ने रतन टाटा के राष्ट्र के प्रति उनके महान योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रतन टाटा, जो टाटा सन्स के चेयरमैन एमेरिटस के रूप में पहचाने जाते थे, केवल एक दूरदर्शी उद्योगपति ही नहीं, बल्कि एक महान परोपकारी भी थे, जिनकी सोच और कार्यों का प्रभाव कॉर्पोरेट जगत से बहुत आगे तक महसूस किया गया। उनके कुशल नेतृत्व में टाटा समूह ने स्टील, ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में जबरदस्त विस्तार किया, जिससे भारत के औद्योगिक विकास को एक नई दिशा मिली। रतन टाटा नैतिक व्यावसायिक अभ्यासों, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध थे। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनकी पहलों ने देशभर में अनगिनत जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला। टाटा ट्रस्ट्स की स्थापना, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है, उनके राष्ट्र-निर्माण के प्रति समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। एफएएमडी आगे की ओर बढ़ते हुए, नैतिक आचरण, सामुदायिक विकास और सतत विकास को प्राथमिकता देकर रतन टाटा की दूरदर्शिता का सम्मान करने के प्रति दृढ़ संकल्पित है।

## छह युवकों ने दो नाबालिग लड़कियों से किया रेपःदशहरा का मेला देख घर लौट रही थी लड़कियां, आरोपी की मां करकटा पंचायत की मुखिया

पलामूः पलामू जिले में मुखिया के बेटे ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। मामला सामने आने के बाद 24 घंटे के अंदर पुलिस ने मुखिया के बेटे और तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नौडीहा बाजार थानाक्षेत्र का है। आरोपी विक्रम पासवान (26) की मां मंजू देवी करकटा पंचायत की मुखिया है। वहीं विक्रम के पिता रामबली पासवान थाना के चौकीदार हैं।



### आपस में चचेरी बहन हैं पीड़िता

दो नाबालिगों के साथ सभी ने दुष्कर्म किया। दोनों लड़कियां चचेरी बहन हैं। दशहरा का मेला देखकर घर लौट रही थी। मुखिया और चौकीदार पुत्र के इसमें संलिप्तता के कारण दो दिनों तक मामले को दबाने का प्रयास किया गया। गांव में पंचायत भी बैठी मगर पीड़ित परिवार के साथ कुछ लोग खड़े हुए और मामले को रविवार की शाम थाना ले गए। पीड़ित लड़कियों ने विक्रम पासवान (26), नावाडीह के रहने वाले अरविंद सिंह (30), मनदीप कुमार पासवान (25), सरईडिह निवासी पप्पू कुमार पासवान (26) और दो अज्ञात पर गैंगरेप का एफआईआर दर्ज कराया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर लौट रही थी घर

13 और 14 साल कि लडकियां दुर्गापूजा के मौके 11 अक्टूबर की रात सरईडिह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर अपने दीदी के देवर राकेश भुईयां के साथ बाइक से घर लौट रही थी। इसी दौरान चार बाइक से युवकों ने पीछा किया और सलैया विद्यालय के पास आधा दर्जन युवकों ने उन्हें घेर लिया। युवकों ने राकेश भुईयां को बंदी बना लिया और दोनों नाबालिग लड़की को पास में ही सुनसान जंगल में ले गये। जहां दोनों पीड़िता के साथ गैंगरेप किया गया।

### छह युवकों ने बारी-बारी से किया रेप

इन 6 युवकों ने दोनों नाबालिग के साथ बारी-बारी से रेप किया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। नाबालिग पीड़िता के चिख- पुकार सुनने के बाद जंगल में जानवर पकड़ने वाले लोग बच्ची को अपने घर ले गए। जहां उन्हें रात भर सुरक्षित रखा, सुबह पीड़िता घर पहुंची। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने पूरे मामले की जानकारी परिजनों के दी। पीड़िता व परिजनों पुरे मामले की जानकारी नौडीहा बाजार थाना को दिया है।

## मृतक का हुआ अंतिम संस्कार, पूरा गांव हुआ छावनी में तब्दील

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**

इटखोरी (चतरा): सोमवार को सिकंदर भुइयाँ का शव को गांव के बगल में शमशान पर अंतिमसंस्कार कर दिया गया । डीएसपी अमिता समेत कई अधिकारी अंतिमसंस्कार में शामिल हो कर घाट पर मौजूद रहें। बताते चले की रविवार को इटखोरी प्रखंड के नवादा गांव में सिकंदर भुइयाँ की निर्मम हत्या कर दिया गया था। ग्रामीण आक्रोशत हो गए जिसके बाद मौके पर एसडीओ जहूर आलम व डीएसपी अमिता लकड़ा गांव में मौजूद थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने बीडीओ सोमनाथ बंकिरा व थाना प्रभारी को घर मे बंद कर दिया था।बीडीओ के करीब चार घंटे कैद में रखा गया। ग्रामीण लगा रहे विशेष समुदाय पर लगा रहे हत्या का आरोप मृतक के भाई ने बताया कि मेरा भाई सुबह छह बजे शौच के लिए निकला था लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन करने के बाद करबला से उसका शव मिला, शव के आंख पर गंभीर चोट के निशान था। शरीर पूरी तरह झुलसा हुआ है। इस घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित रहें और वे लोग एक समुदाय विशेष पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।जानकारी के अनुसार भुइयां जाति को वर्ष 1980 में भूदान के तहत लगभग तीन एकड़ जमीन दिया गया था। उस जमीन पर एक दूसरे समुदाय के कब्जा जमाना चाह रहे हैं। इस बात को लेकर कई बार समझौता का प्रयास किया गया लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। इस घटना के बाद एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें तीन लोगों की गिरफ्तारी की गई है मृतक के बड़े भाई बहादुर भुइयाँ के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। ग्रामीण ने रखी ये मांग आक्रोशित ग्रामीण देर शाम तक शव उठने नहीं दे रहे थे। उन्होंने मृतक के आश्रित को नॉकरी देने तथा अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं थे। किसी तरह से मामला को शांत करा कर शव को रात में हीं पोस्टमार्टम के लिए सदर स्पताल चतरा भेज गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पर पंहुचा जिसके बाद ग्रामीण एक सरकारी नौकरी और हत्यारों को गिरफ्तारी लेकर मांग करने पर अड़े रहें हैं मौके डीएसपी अमिता लकड़ा ने अस्वसान दिया की हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा और जो मांगे है उसको पूरा किया जाएगा। घटनास्थल से लेकर पुरे गांव में सेट टीम की जवानो को तैनात कर दिया गया है।घटना के बाद परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल गया है। गांव में पसरा मातम।



## मस्जिद ए सहाबा के पहली मंजिला छत ढलाई में लोगों ने बड़ चढ़कर लिया हिस्सा



कांके( मोहसीनआलम ):नेवरी के मस्जिद-ए-शहाबा के बाकी बचे पहले मंजिला छत की ढलाई सोमवार को मुकम्मल हो गई,ढलाई काम शुरू होने से पहले मौजूद लोगों ने मस्जिद के छत पर संयुक्त रूप से दुआएं मांगी जिसमें मस्जिद हमेशा नमाजयों से आबाद रहने,गांव समाज में खुशहाली आने ,आपसी भाईचारगी,देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई,इस अवसर पर लोगों ने मस्जिद ढलाई के कार्य में आर्थिक सहयोग में चढ़कर किया,मौके पर मस्जिद के इमाम व खतिब हाफिज अतहर इमाम ने लोगों का हौसला बढ़ते हुए मस्जिद की अहमियत को बताया,और कहा की दुनिया में मस्जिद बनाने वालों का अल्लाह जन्नत में आलीशान मकान बना देता है,हम सभी को आखिरत की तैयारी करनी चाहिए,आने वाले दिनों में मस्जिदे सहाबा इबादत के अलावा तालीम का मरकज होगा,जहां छोटे-छोटे बच्चों के अलावा बड़ों के लिए तालीम हासिल करने के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्था की जाएगी,बहुत जल्द यह मस्जिद दो मंजिला हो जाएगी, इसकी भी तैयारी चल रही है, इसके अलावा बाहर से आने वाले मेहमानों का ठहरने,वजू खाना,बैतूल खला का बेहतरीन नज्म किया जाएगा,ढलाई के मौके पर मुख्य रूप से मस्जिद कमेटी के सदर मुस्ताक अंसारी,सेक्रेटरी आबिद अंसारी,नायब इमाम मौलाना अबूजर,मुखिया मजहर अंसारी,पूर्व मुखिया नसीम अंसारी,जहांगीर अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी,मोहम्मद सईद अंसारी निजामअंसारी,अख्तर अंसारी,हाजी इसराईल,आजाद अंसारी, कारी मनसब, इमरान अंसारी अब्दुल हलीम,वसीम अकरम,कारी सिबली, सिरत नगर के सदर जाकिर अंसारी, फिरदौस, नौशाद, इरशाद रबुल,सद्दाम, अफाक, रमीज राजा,शोएब गुफरान,रिजवान,अबू साले,आरिफ सहित गांव के सैकड़ो महिलाएं बच्चे एवं पुरुष मौजूद थे।

## झामुमो नगर समिति मानगो द्वारा 151 महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया



जमशेदपुर । विज्यादशमी के उपलक्ष्य में मानगो डिमना बस्ती झारखंड कॉलोनी मे मानगो नगर समिति के कोषाध्यक्ष उज्ज्वल दास के नेतृत्व मे 151 महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया गया गया । इस अवसर पर मानगो नगर समिति के अन्य पदाधिकारियों मे मुख्य रूप से सचिव उमर खान, उपाध्यक्ष इस्लाम खान, कन्हैया रजक , हैप्पी तंतुबाई आदि उपस्थित रहे । इस मौके पर उज्ज्वल दास ने कहा कि सभी गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को विज्यादशमी महापर्व के उपलक्ष्य साड़ी वितरित किया गया है। इस मौके पर सभी महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का आभार व्यक्त किया।

## नेवरी में जलसा सीरत उन नबी स.18 नवंबर क़ो,कमेटी ने तैयारीयों का लिया जायजा



कांके( मोहसीनआलम ):नेवरी के बूटगोड़ा मैदान में 18 अक्टूबर को नेवरी बड़ी मस्जिद कमिटी की जानिब से जलसा सीरत उन नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन किया गया है।जिसको लेकर काम बड़ी तेजी से चल रहा है,जिसका जायजा लेने सोमवार को बड़ी मस्जिद कमेटी के जिम्मेदार जलसा स्थल बूटगोड़ा मैदान पहुंचे. और जलसा स्थल पर तैयार किया जा रहा स्टेज,मेहमानों को बैठने के लिए जगह, खाना खिलाने के लिए समतल स्थल,जलसा स्थल पर पड़े बालू, गिट्टी,लकड़ी के रखरखाव,पार्किंग स्थल सहित जलसा में आने वाली लड़कियों के लिये अलग से बैठने की जगह का जायजा लिया गया,मौके पर कमेटी के सेक्रेटरी आदम अंसारी ने बताया कि जलसा को लेकर काम बड़ी तेजी से चल रहा है,जलसा में 10 हजार से अधिक लोगों की बैठने की जगह तैयार की जा रही है,बाहर से आने वाले मेहमानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी, जलसा की कामयाबी के लिए नौजवानों क़ो अलग अलग कामों की जिम्मेदारी दी गई है,लड़कियों की तरफ एलसीडी की व्यवस्था की जायेगी,जलसा में मेहमाने खुशी के तौर पर मुफ़्ती मौलाना अब्दुल्लाह सालिम कमर चतुर्वेदी और मौलाना सोहराब कलकतवी शामिल होंगे,इसके अलावा नात पढ़ने के लिये शायर ए इस्लाम फारूक दिलकस( यूपी ) क़ो बुलाया गया है,वहीं बड़ी मस्जिद के इमाम व खतीब हजरत अरसद आलम मजाहरी ने बताया जलसा असर बाद से शुरू होगी, जिसमें मदरसा दारुल कुरआन नेवरी में आलिमा की पढ़ाई कर रही 17 नन्ही मुकररीरा अपनी सुरीली आवाज से केरत,नात पाक,तकरीर बेहतरीन अंदाज में पेश कर सामेईन क़ो खुश कर देंगे,इन नन्ही मुक्रिरा में नरगिस परवीन,सना आफरीन,खुशी परवीन,आबिद रहमान सानिया परवीन,आयशा परवीन,मुस्तनब, आस नजरिन,तनु परवीन सफा परवीन सबा आफरीन,नीलोफर बेगम शामिल है, इस अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी के सदर एजाज अंसारी,खजांची शमशाद अंसारी,पूर्व सदर नूर हसन अंसारी,मंजूर अंसारी,मास्टर अल्ताफ अंसारी,उप मुखिया मजहर अंसारी,हलीम उर्फ गुड्डू,हकीम अंसारी,जमील अंसारी, रिजवान अंसारी,आवेश अंसारी,अकबर अंसारी,सैयद अंसारी, सरफराज,इमरान, जकाल्लाह,हफीजुल,आसिफ,साकिब, मुमताज,खालिद,साजिद,अफसर इरशाद अब्दुल वकील सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## रेलवे लाइन बनाने की मांग को लेकर भाजपा नेता अनूप भाई के द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान




बरकट्ठा( हज़ारीबाग )।भाजपा नेता अनूप भाई के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में चलकुशा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग तक रेलवे लाइन बनाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उन्होंने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कलहाबाद में घूम घूमकर लोगों से हस्ताक्षर कराया।अनूप भाई ने कहा कि अभियान के तहत दस हजार से अधिक लोगों का हस्ताक्षर के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री से पत्र के माध्यम से मांग किया जाएगा। जिन्हें हस्ताक्षर के सभी पत्र सरकार को सौंपी जाएगी।अनूप भाई ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चलकुशा, इचाक, बरकट्ठा प्रखंड का पूरा व्यवस्था हजारीबाग शहर पर आश्रित है। यहां के विद्यार्थी से लेकर आम आवाम को हजारीबाग आना जाना पड़ता है। जिसके आवागमन में अधिक खर्च होता है साथ ही दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है।आने जाने से बचने के लिए अभिभावक अपने बच्चों को हॉस्टल या किराए के मकान में रखकर पढ़ाई करवाते हैं जिसमें बहुत अधिक खर्च गिरता है। गरीब तबके के परिवार अपने बच्चों को शहर में रखकर अच्छी पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। रेलवे सुविधा होने से क्षेत्र वासियों को कम लागत में आवागमन की सुविधा होगी। हस्ताक्षर अभियान में मुख्य रूप अशोक चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, मुंशी राम, शंभू चंद्रवंशी, सागर कुमार, सुरेश चंद्रवंशी, पंकज कुमार, विजय चंद्रवंशी, रवि कुमार, किशोर चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, रौशन चंद्रवंशी, अवधेश राम, नंदू रविदास, महेश कुमार, अवध किशोर समेत अन्य कई लोग शामिल रहे।

## ईरबा में टंबल ड्राई लॉन्ड्री एवं ड्राई क्लीनिंग सर्विस सेंटर का हुआ उद्घाटन

ओरमांझी( मोहसीनआलम )-ईरबा में रविवार क़ो टंबल ड्राई लॉन्ड्री एवं ड्राई क्लीनिंग सर्विस सेंटर का उद्घाटन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मेदांता अस्पताल के सलाहकार सईद अहमद अंसारी व समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी व प्रतिष्ठा के संचालक सरफूल अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मेदांता अस्पताल के सलाहकार सईद अहमद अंसारी ने कहा कि शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र भी विकास हो रहा है, जहां तरह-तरह के उद्योग धंधे लग रहे हैं, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा, इस तरह के लॉन्ड्री खुलने से लोगों को कई तरह की सुविधा मिलेगी,गाँवो के विकास के लिए अच्छे ब्रांड के शोरूम होना चाहिए। अच्छे शोरूम होंगे तो अच्छे उत्पाद मिलेंगे और अच्छी सर्विस मिलेगी। जिससे कार्य समय से पूरा होगा,। इस अवसर पर लॉन्ड्री के संचालक सरफुल हक ने कहा की यह ग्रामीण क्षेत्र का पहला शोरूम है, इस शोरूम में कपड़ों की धुलाई इंपोर्टेड मशीन व इंपोर्टेड सलूशन सेआधुनिकतम तरीके से की जाएगी जिससे कपड़े की गुणवता बनी रहेगी। इस शोरूम में इमरजेंसी में 24 घंटे में आपको कपड़े ड्राई क्लीन हो मिल जाएंगे। साथ ही घर से ही ऑनलाइन बुकिंग हो जाएगी जिससे स्टाफ आपके घर तक सुविधा देगा। शोरूम इको फ्रेंडली है जहां पानी की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाता है। यहां सभी आधुनिक सिस्टम की मशीनों द्वारा कपड़े प्रेस करके मिलेंगे। विदेशी मशीन से कपड़े धुलाई की जाएगी, इस लॉन्ड्री के खुलने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा, इस तरह की लॉन्ड्री की आवश्यकता थी, जिससे देखते हुए इसे खोला गया है, आसपास के लॉन्ड्री में लोग गंदे पानी के इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यहां स्वछता का विशेष ध्यान रखा जायेगा,इस अवसर पर मंजूर अहमद अंसारी,अब्दुल सत्तार अंसारी, जावेद अख्तर, इम्तियाज ओहदार,अरसद अंसारी,रकीब ओहदार,कयूम अंसारी,आरिफ अंसारी,आफताब आलम, शकील परवेज अंसारी,आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## बारह पड़हा जतरा पूजा 07 नवम्बर 2024 को 12 मुर्गो की बलि प्रथा के साथ शुभारंभ होगी जतरा पूजा : बिरसा पाहन

रांचीःबारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा* के तत्वाधान में आगामी जतरा पूजा की तैयारी लेकर एक बैठक हुई जिसकी *अध्यक्षता श्री मौजा के पाहन श्री बिरसा पाहन ने किया और संचालन श्री समिति के अध्यक्ष कृष्णा उराँव ने किया।

मौजा के पहान राजा श्री बिरसा मुंडा ने* कहा कि इस वर्ष 07 नवंबर 2024 को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन किया जाएगा । जतरा एवं अखड़ा स्थल में पहान एवं कोटवार के द्वारा विधिवत रूप से परंम्पारागत रीति रिवाज,विधि विधान , 12 मुर्गो की बलि प्रथा एंव धार्मिक कर्मकाण्ड से पुजा अर्चना सुनिश्चित किया जाएगा । *समिति के अध्यक्ष श्री कृष्णा उराँव ने कहा कि आज जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गाँवो के पाहन के साथ बैठक हुई इसबार भी रीति रिवाजों के साथ जतरा पूजा सम्पन्न किया जाएगा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।